जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

**पेरिस ओलंपिक : पिछले छह-सात महीनों के नतीजों से किसी खिलाड़ी का आकलन...**

Page 10

देश

**कश्मीर में चुन-चुन कर मारे जायेंगे पाकिस्तान से भेजे गए आतंकवादी, सेना ने बनाया प्लान**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • रविवार • 07 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 207 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 800 | ₹94,800 |

## आज का इतिहास

- 2013 : विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर एंडी मरे वर्ष 1936 के बाद से इस खिताब पर कब्जा जमाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने।
- 2007 : दुनिया भर के 11 स्थानों में पहला लाइव अर्थ लाभ कॉन्सर्ट आयोजित किया गया था।

## न्यूज बाइट्स

### ऊर्जा विभाग ने गठित की शिकायत निवारण समिति

**पटना (नि.सं.)** । ऊर्जा विभाग ने बिहार राज्य मुकदमा नीति-2011 के प्रावधानों के तहत विभागीय स्तर पर शिकायत निवारण समिति गठित की है। प्रधान सचिव की अध्यक्षता में बनी इस समिति में सदस्य के तौर पर विशेष कार्य पदाधिकारी और संयोजक के तौर पर उपसचिव को शामिल किया गया है। यह समिति प्राप्त शिकायतों या आवेदनों को प्राप्ति की तिथि से आठ सप्ताह के अंदर सकारण आदेश के साथ शिकायतकर्ता को सूचित करेगी। हालांकि, यह समिति अपने स्तर से कोई आदेश पारित नहीं करेगी, लेकिन आवेदकों या शिकायतकर्ताओं को सीसीए नियम 2005 के प्रावधानों के तहत अपील, रिवीजन या रिव्यू के लिए सक्षम स्तर पर जाने का परामर्श देना सुनिश्चित करेगी। समिति के गठन और कार्यकलापों को लेकर विभागीय स्तर पर सक्षम प्राधिकार से मंजूरी ले ली गई है।

### मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से फोन पर बातचीत की

**नई दिल्ली (ए.)** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को प्रधानमंत्री चुने जाने पर फोन कर के बधाई दी तथा बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। श्री मोदी ने श्री स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर सम्पर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं।

### वेतन के लिए तरस रहे नवनियुक्त आयुष चिकित्सक

**पटना (नि.सं.)** । राज्य में नवनियुक्त आयुष चिकित्सक पिछले चार माह से वेतन के लिए तरस रहे हैं। ना तो उनको वेतन मिल रहा है और ना ही अबतक उनकी स्थायी पोस्टिंग ही हो पाई है। इससे उनको घर चलाना मुश्किल हो गया है। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से 2901 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति 14 मार्च को की गई थी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 14 मार्च को अधिसूचना जारी करते हुए सभी आयुष चिकित्सकों को जिला आवंटित करते हुए अतिशीघ्र योगदान करने को कहा गया था। इसके माध्यम से उन्हें 15 दिनों का प्रशिक्षण ग्रहण करने की बात कही गयी थी। इस बीच प्रशिक्षण के दौरान ही लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी। डॉक्टरों के प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद पदस्थापन का मामला अधर में लटक गया। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बावजूद आयुष चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं हो पाया है। इस कारण पिछले साढ़े तीन माह से वेतन का मामला भी लटका हुआ है। इससे डॉक्टरों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

संसद सत्र की तारीखों का भी हुआ ऐलान, मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद

# 23 जुलाई को होगा बजट पेश

- संसद का नया सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा, जोकि 12 अगस्त तक चलेगा. भारत सरकार की सिफारिश को राष्ट्रपति मुर्मू ने मंजूरी दे दी है।

एजेंसी | नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली नई सरकार में पहला आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। इस दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में बजट करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बजट सत्र को आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। आगामी 23 जुलाई 2024 को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया जाएगा। बता दें कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं और उनके इस कार्यकाल में वित्त मंत्रालय का कार्यभार एक बार फिर निर्मला सीतारमण को सौंपा गया है।

इस आम बजट में मिडिल क्लास को बड़े तोहफे की उम्मीद है। नौकरीपेशा लोग इनकम टैक्स के स्लैब में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं तो स्टैंडर्ड डिडक्शन से जुड़ी राहत के भी संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा बजट में महिलाओं और लाभार्थी वर्ग के लिए भी कई बड़े तोहफे मिल सकते हैं। हालांकि, सरकार का फोकस इंफ्रा और एनर्जी पर रहने की उम्मीद है। इस बीच, उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने केंद्रीय बजट आने से पहले स्टार्टअप कंपनियों पर से एंजल टैक्स हटाने की सिफारिश की है। लेकिन इस पर वित्त मंत्रालय अंतिम निर्णय करेगा। आयकर विभाग ने पिछले साल सितंबर में नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया था जिसमें निवेशकों को गैर-सूचीबद्ध स्टार्टअप की तरफ से जारी शेयरों का मूल्यांकन करने की एक व्यवस्था भी शामिल है। वहीं शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई।

### पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनने का भी रिकॉर्ड

सीतारमण के नाम मोदी सरकार में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्री के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला बनने का रिकॉर्ड भी है। सीतारमण ने अब एक अंतरिम बजट सहित छह बजट पेश किए हैं और जुलाई का बजट उनका लगातार 7वां बजट होगा। इसी के साथ वह सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने वाले वित्त मंत्री के रूप में मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी। अपने राजनीतिक करियर में उन्होंने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। 2017 में पहली महिला रक्षा मंत्री बनी। इससे पहले वह उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री थीं। अरुण जेटली (वित्त मंत्री 2014-19) के बीमार होने पर सीतारमण ने 2019 के आम चुनाव के बाद नव निर्वाचित मोदी सरकार में वित्त विभाग का प्रभार संभाला था।

### इनकम टैक्स : स्लैब में कोई बदलाव नहीं

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87ए के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है।

### 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट

महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं की गईं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा।

### मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा।

हालांकि 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

# कुलगाम में सुरक्षाबलों ने ढेर किए पांच आतंकी, एक जवान शहीद, एक घायल

एजेंसी | कुलगाम (जम्मू कश्मीर)

कश्मीर के कुलगाम में दो इलाकों में जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 5 आतंकियों को मार गिराया है। शनिवार की सुबह से सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस का ज्वाइंट ऑपरेशन जारी है। सुबह मुदरघम से सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था। वहीं, फ्रिसल में चल रही मुठभेड़ में भी एक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोपहर होते-होते फ्रिसल गांव के चिंगम इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। शाम होते-होते 5 आतंकियों का एनकाउंटर कर दिया गया है। सेना के अधिकारियों ने कहा ऑपरेशन अभी भी जारी है। फिलहाल मृतक आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। बीते एक महीने (जून से 6 जुलाई तक) में सुरक्षाबल 10 आतंकियों का खात्मा कर चुके हैं। इनमें डोडा में 11-12 जून लगातार दो दिन दो हमले करने वाले आतंकी और उरी में घुसपैठ करने वाले आतंकियों का एनकाउंटर शामिल है।

इधर, डोडा में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन ने डोडा जिले में गंडोह इलाके में 3 आतंकवादियों को मार गिराने वाले एसपीओ को नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया। स्वैन ने कहा कि जब पुलिस कर्मी जिसमें एसपीओ भी शामिल हैं, जनता को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह काम करते हैं तो उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हम उन्हें कांस्टेबल के रूप में भर्ती करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि इस एक समारोह के तहत उनके परिवार और समुदाय को अपने लड़कों पर गर्व महसूस हो।

डोडा जिले के गंडोह इलाके में 26 जून को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया था। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ था।

इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का जवान भी घायल हुआ था। आशिक हुसैन नाम के इस जवान को डोडा के सरकारी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने बताया था कि उनके दाहिने पैर में गोली लगी थी।

अधिकारियों ने बताया था कि 11 और 12 जून को डोडा में दोहरा आतंकवादी हमला हुआ था। इसके बाद से सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आज सुबह 2-3 आतंकियों के सिनू पंचायत के गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसी दौरान ढोक (मिट्टी से बना घर) से आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की।

जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में 22 जून को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को उरी के गोहलन इलाके में घुसपैठ करते हुए देखा।

# सीटीईटी आज, परीक्षा के बाद 15 दिनों तक रखनी है रिकॉर्डिंग

- हर अभ्यर्थी की बॉयोमेट्रिक हाजिरी बनेगी
- हर कमरे की पूरी सफाई करवाई जाएगी

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) रविवार को पटना सहित 16 जिलों में में होगी। कदाचार मुक्त और किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसके लिए हर केंद्र की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। इस वीडियो रिकॉर्डिंग को हर केंद्र को अगले 15 दिनों तक रखना है। इसकी जांच सीबीएसई खुद किसी भी दिन कर सकती है। इसको लेकर सभी केंद्रों को दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। पटना के अलावा भागलपुर, बेगूसराय, भोजपुर, दरभंगा, गया, गोपालगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पूर्णिया, रोहताज, सहरसा, समस्तीपुर, सारण और वैशाली में केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पाली में ली जाएगी। प्रथम पाली में पेपर सेकेंड होगा। यह सुबह 9.30 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दो बजे से 4.30 बजे तक होगी। बता दें कि सीटीईटी एक बार ऑनलाइन ली गई थी। लेकिन पेपर लीक होने के कारण परीक्षा को कैंसिल कर दिया गया और फिर ऑफलाइन परीक्षा ली गयी।

पूरे बिहार से साढ़े चार लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर जिला में अलग-अलग केंद्र बनाये गये हैं। पहली बार ऐसा हुआ है जब सीबीएसई ने सभी 16 जिलों के लिए अलग-अलग सिटी कोऑर्डिनेटर बनाये हैं। सभी सिटी कोऑर्डिनेटर को अपने जिला की परीक्षा पर पूरी नजर रखनी है।

# बिहार के अस्पतालों में 1500 करोड़ रुपये की दवाएं एक्सपायर, अधिकारियों के उड़े होश

निज संवाददाता | पटना

प्रदेश के सभी 18 जिलों में हजार करोड़ से अधिक की दवाएं एक्सपायर हो चुकी हैं। केंद्र सरकार द्वारा ड्रग एंड वैक्सीनेशन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीवीडीएमएस) की समीक्षा में यह मामला उजागर हुआ।

डीवीडीएमएस पोर्टल पर चार जून तक की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक 541 करोड़ 52 लाख 75 हजार की दवाएं सहरसा, 155 करोड़ 49 लाख 58 हजार की मधुबनी तो पटना में 106 करोड़ 48 लाख 41 हजार की राजधानी पटना में तिथिवाद हुई हैं। सभी 38 जिलों को जोड़ें तो यह आंकड़ा 1500 करोड़ के आसपास है। इसी पोर्टल पर वितरण रिपोर्ट भी देनी होती है लेकिन अधिकतर अस्पताल तो दूर जिला भंडारगृहों ने भी इसे अपलोड नहीं किया। ऐसे में समय बीतने पर पोर्टल ने सभी दवाओं को एक्सपायर दिखा दिया। आलम यह था कि पटना के श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में ही इस बीच 4 करोड़ 85 लाख से अधिक की दवाएं एक्सपायर दिखा रहा है। गुरु गोविंद सिंह सदर हास्पिटल के अधीक्षक ने इस बाबत सिविल सर्जन को रिपोर्ट भेजी है। जिला भंडार गृहों व अस्पतालों के फार्मासिस्टों पर जब इतनी अधिक दवाएं एक्सपायर होने की जिम्मेदारी डाली गई तो हड़कंप मच गया। इसके बाद वे रजिस्टर खुले, जिससे स्पष्ट हुआ कि सभी दवाओं की खपत हो गई लेकिन पोर्टल पर अपलोड नहीं करने के कारण वे एक्सपायर में शामिल हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री की समीक्षा बैठक में खुली सच्चाई

डीवीडीएमएस पोर्टल की समीक्षा रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के होश उड़ गए। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें खुलासा हुआ कि 2018 में सभी जिलों को पोर्टल के माध्यम से हर तिमाही के पहले 10 दिन में जरूरी दवाओं की ऑनलाइन मांग करनी होती है।

### विभाग ने सिविल सर्जनों को दिए सख्त निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि दवा मांग, पावती, वितरण व तिथिवाद दवाओं के आंकड़े डीवीडीएमएस पोर्टल पर प्रविष्टि व एक्सपायर दवाओं का मानक के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित करें।

# छात्र-छात्राओं को समाज की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा दी जानी चाहिए : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जेडी वीमेंस कॉलेज, पटना के सभागार में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट की आठवीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को समाज की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा दी जानी चाहिए। औद्योगीकरण के दौर में विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा दी जाती थी, परन्तु आज की शिक्षा समाज की जरूरतों को पूरी करनेवाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सोच और चिन्तन में लचीलापन होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा काफी प्राचीन और समृद्ध है। इसे आज के परिप्रेक्ष्य में सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पढ़ाई में योग शिक्षा का प्रावधान किया गया है तथा डिफेंस स्टडीज को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है।

# नीट पेपर लीक मामला : तीन आरोपियों को दिल्ली लेकर गई सीबीआई, आमने-सामने बैठाकर करेगी पूछताछ

- अमित सिंह के चचेरे भाई बंटी को गिरफ्तार किया गया, उनकी एसयूवी गाड़ी भी जब्त

निज संवाददाता | पटना

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम एक्शन मोड में है। तीन आरोपी सिकंदर, नीतीश और अमित आनंद को आज सीबीआई पटना से दिल्ली लेकर गई है। दिल्ली में तीनों से आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी। वहीं, बेउर जेल में पहले से बंद आरोपियों की जमानत याचिका पर 9 जुलाई को सुनवाई होगी। इससे पहले गुरुवार को सीबीआई की टीम ने अमन सिंह के चचेरे भाई अमित उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी झारखंड के झरिया इलाके से हुई थी। रुपए के ट्रांजेक्शन के आधार पर ये कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने बंटी की एसयूवी गाड़ी को भी जब्त किया है। अमित सिंह को रिमांड पर लेकर सीबीआई उससे पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक गिरोह के साथ अमन के व्यापारिक संबंध होने की बात सामने आ रही है।

तीन दिन पहले बुधवार को सीबीआई ने धनबाद से अमन को गिरफ्तार किया था। उस समय मौके से अमित फरार हो गया था। पेपर लीक के इस कांड में अमन सिंह का अहम रोल है। वो इस कांड में फरार चल रहे नालंदा के हिलसा निवासी रॉकी का खास आदमी है। सूत्रों के अनुसार पहले से गिरफ्तार चिंटू और मुकेश ने पूछताछ के दौरान अमन सिंह का नाम खोला था। इन दोनों से मिले लीड के बाद ही सीबीआई की एक टीम धनबाद गई थी। पुख्ता इनपुट और लोकेशन मिलने के बाद सरायढेला थाना क्षेत्र के बापू नगर में छापेमारी की और फिर अमन को गिरफ्तार कर पटना ले आई।

### श्रावणी मेला और कांवरिया पथों पर होगी बिजली की निर्बाध आपूर्ति

**पटना(नि.सं.)**। सावन में लगने वाले मेला स्थल व कांवरिया पथों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। अभी कांवरिया पथ पर 33केवी, 11केवी व एलटी लाइन का रखरखाव व मरम्मत का कार्य जोरों पर है। 10 जुलाई तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। शुक्रवार को मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने श्रावणी मेला को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक में बिजली कंपनी को कुछ और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के बाद ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस ने कहा कि कांवरियों की सुविधा के लिए बांका कांवरिया पथ पर 8.5 किमी लंबी एक नई एलटी लाइन का विस्तार किया गया है। इसी तरह मुंगेर प्रमंडल के असरगंज पीएसएस की क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दिया गया है। भागलपुर के कटोरिया और बेलहर पीएसएस के भी क्षमता को 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए कर दिया गया है।

# हरियाणा में बिहार के तीन सगे बहन-भाइयों की मौत

मकान का छज्जा गिरने से मलबे में दबे, कम किराए में जर्जर घर में रहता था परिवार

एजेंसी | फरीदाबाद (हरियाणा)

हरियाणा के फरीदाबाद में जर्जर मकान का छज्जा भरभरा कर गिर गया। इसके मलबे की चपेट में आकर 3 बच्चों की मौत हो गई। तीनों मृतकों में दो भाई व इनकी एक बहन है। तीनों बच्चों के शव बीके अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखे गए हैं। आज उनका पोस्टमॉर्टम होगा। सीकरी गांव के सरपंच विवेक छौक्कर और पड़ोसी महिला सावित्री देवी ने बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग 6:30 बजे कुछ बच्चे घर के बाहर छज्जे के नीचे खेल रहे थे। तभी अचानक से छज्जा उनके ऊपर गिर गया। बच्चे मलबे के नीचे दब गए। उनको किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी। इनकी पहचान 12 वर्षीय आदित्य कुमार, 10 वर्षीय मुस्कान और 8 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है। सरपंच विवेक छोकरा ने बताया कि यह बिल्डिंग काफी जर्जर हालत में है। इसमें लगे लोहे के गाटर जंग से गल चुके थे। किराया कम होने के कारण यहां 10 परिवार रहते हैं। मृतक बच्चों का परिवार बिहार का रहने वाला है।

सीकरी चौकी इंचार्ज ललित ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें बादशाह खान सिविल अस्पताल भिजवा दिया। तब तक बच्चों की मौत हो चुकी थी। फिलहाल सभी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। इस मामले में पीड़ित परिवार से मकान मालिक राकेश के खिलाफ शिकायत लेकर कार्रवाई की जाएगी।



### पिता कंपनी में करता है काम

हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फरीदाबाद के सेक्टर 58 थाना के प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्चों का पिता धर्मेंद्र कंपनी में काम करता है, जबकि मां रेहड़ी पर सामान बेचती है। घटना के समय घर पर माता-पिता में से कोई नहीं था। धर्मेंद्र का परिवार जिस मकान में रहता है, वह मकान काफी पुराना है। पुलिस छानबीन कर रही है।

सावधान! टमाटर शतक जड़ने को तैयार, दिल्ली से लगा रहा है हुंकार

# 70-80 रुपये किलो बिक रहा टमाटर, जबकि सरकारी रेट 55 रूपए किलो

एजेंसी | नई दिल्ली

**सावधान!** बरसात में सलाद और सब्जियों का जायका बढ़ाने वाला टमाटर शतक जड़ने की तैयारी कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में वह 70 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंचकर हुंकार लगाने लगा है। बताया जा रहा है कि देश भर में अभी हाल के दिनों तक भीषण गर्मी की वजह से थोक मंडियों में सप्लाई कम हो गई। इस कारण दिल्ली में टमाटर की कीमत आसमान पर चढ़ने की तैयारी कर रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा बिक्री केंद्र 'सफल' पर 75 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर टमाटर बेच रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता की मानें, तो पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में हाल ही में भीषण गर्मी पड़ने से फसल की उपज प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और इसके बाद कीमतों में उछाल आया है। मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार को टमाटर का ऑल इंडिया एवरेज प्राइस 58.25 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। देश में इस समय टमाटर की अधिक से अधिक कीमत 130 कम से कम 20 रुपये किलो दर्ज की गई है। टमाटर के अलावा आलू और प्याज की खुदरा कीमतों में भी उछाल देखा जा रहा है। आलू और प्याज की इंडिया एवरेज रिटेल प्राइस क्रमशः 35.34 रुपये प्रति किलोग्राम और 43.01 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

### टमाटर का सरकारी रेट 55 रुपये किलो

ऑनलाइन मंच ओटिपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर की जा रही है। स्थानीय विक्रेताओं ने टमाटर की ऊंची खुदरा कीमतों के लिए 50-60 रुपये प्रति किलोग्राम पर थोक कीमतों में तेज वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 55 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। देश में टमाटर के साथ आलू प्याज भी महंगा

# बिहार पुलिस की डायल 112 इमरजेंसी सेवा देश भर में दूसरे नंबर पर

निज संवाददाता | पटना

बिहार पुलिस की डायल 112 सेवा इमरजेंसी कॉल हैंडलिंग के मामले में देश में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जुलाई 2022 मेंम डायल 112 की शुरुआत की थी। महज दो साल में इसके जरिए पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बिहार पुलिस की ओर से राष्ट्रीय आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि इस के जरिए जरूरतमंद लोगों को कॉल करने के 20 मिनट के भीतर इमरजेंसी सेवा मिल रही है। अब तक 20 लाख से ज्यादा लोग इस सेवा का उपयोग कर चुके हैं।

बिहार पुलिस के एक पदाधिकारी ने बताया कि डायल 112 सेवा के तहत राज्यभर में 1883 गाड़ियां तैनात की गई हैं। बिहार देशभर में पहला राज्य है जहां महिला पुलिस द्वारा 100 प्रतिशत कॉल हैंडल किए जा रहे हैं। साथ ही यह सेवा राज्य के हर कोने तक पहुंच गई है। बता दें कि डायल 112 के शुरुआती चरण में 400 गाड़ियां पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी। इस साल फरवरी में दूसरे चरण के तहत 884 चौपहिया और 550 दोपहिया वाहन और जोड़े गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने कर दी युवती की हत्या, शव बरामद

**कराय़परसुराय।** चिकसौरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर बरकुरवा खंधा से अज्ञात 30 वर्षीया युवती का शव बरामद किया। मृतका के चेहरे पर जख्मों का निशान है। जिससे घटना हत्या प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह किसान खेत की ओर जा रहे थे तो उनकी नजर शव पर गई। शव मिलने की खबर पाकर मौके पर नागरिकों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीण दुष्कर्म कर हत्या का अंदेशा जता रहे हैं। हालांकि, मौके पर विरोध का साक्ष्य नहीं है। जिसके आधार पर पुलिस अन्यत्र स्थान पर हत्या कर शव को खंधा में फेंके जाने का अंदेशा जता रही है। थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर घटना की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।

### बहू ने दूध में नशीली दवा पिला ससुर और पति को किया बेहोश, फिर ससुर की गला दबा हत्या की

**मोहनपुर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के डुमरी उत्तरी पंचायत के बिंदगामा गांव में गुरुवार की रात एक बुजुर्ग को गला दबाकर पुत्रवधू द्वारा हत्या कर देने का मामला सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिंदगामा गांव के 64 वर्षीय रामनरेश महतो के रूप में की गई है। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बहू प्रिया देवी बेहोश पति को कमरे का दरवाजा बंद कर शुक्रवार की सुबह थाने पहुंच कर पुलिसकर्मी के बीच सरेंडर की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक के घर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया व बंद कमरे को खोलकर मृतक के पुत्र सूरज कुमार को निकाला। वहीं पुलिस को आरोपी महिला ने बताया कि ससुर गलत नीयत से मेरे साथ व्यवहार किया करता था जिससे तंग आकर इस घटना को अंजाम दिया। दूसरी ओर गांव में चर्चा है कि कुछ ही दिन पहले ससुर ने अपनी जमीन बेचकर पैसा अपने पास रख लिया था। अपने दो पौत्री के नाम पर शादी में होने वाले खर्च के लिए जमा करना चाहता था। पुत्रवधू ससुर पर पैसे देने के लिए लगातार दबाव बना रही थी। महिला की मानें तो गुरुवार की रात ने पति व ससुर के खाने के लिए दूध में बेहोशी की दवा मिलाया था। जब दोनों सोने के लिए चला गया उसके बाद महिला पति के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और बुजुर्ग ससुर को खटिया में हाथ पैर बांधकर घटना को अंजाम दिया है। डीएसपी बीरेंद्र कुमार मेधावी ने इसकी पुष्टि की है।

### विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

**गया।** अखिल विद्यार्थी परिषद, गया महानगर की ओर से गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने दीप व कैंडल जलाकर स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने कहा कि स्वामी जी आधुनिक भारत के महान चिंतक, देशभक्त, दार्शनिक, युवा सन्यासी व आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद जी को जानें। इस अवसर पर छात्रों ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति व दर्शन की ज्योति से आलोकित करने वाले और युवाओं के प्रेरणा पुंज स्वामी जी पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौक़े पर सूरज सिंह, विनायक कुमार, आलोक कुमार थे।

### लंबे समय के बाद दीदी के चेहरे पर लौटी मुस्कानः सुरेन्द्र

**गया।** जीविका कैडर (सीएम, बीके, एमबीके, बैंक मित्र व सीएफ) के मानदेय में हुई वृद्धि पर जहानाबाद के सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने काफी प्रशंसा व्यक्ति की है। इस बीच सांसद ने कहा कि जीविका कैडरों के मानदेय में वृद्धि को लेकर वे निरंतर प्रयासरत थे। इस संदर्भ में उन्होंने परियोजना विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सम्मान जनक मानदेय की बातें रखीं थी। इसका नतीजा रहा कि सरकार ने इस मामले पर ध्यान देते हुए कैडरों के मानदेय वृद्धि की दिशा में कदम उठाया है। सांसद श्री यादव तमाम जीविका कैडर को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### अभिनेता राजेश कुमार की नई वेब सीरीज प्रेरणादायक

**गया।** जिले के ग्राम फुलवरिया के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सह अभिनय के प्रति रुचि रहने वाले प्रेम कुमार ने बॉलीवुड अभिनेता राजेश कुमार से मुलाकात की, साथ ही अपने इलाके से फिल्म इंडस्ट्री में बड़ी पहचान बनाने के लिए बधाई दी। श्री कुमार ने बताया कि जल्द ही जी5 पर उनकी नई वेब सीरीज राउतु का राज लांच होने वाली है। इसमें राजेश कुमार के साथ नवाजुद्दीन सिद्धिकी का अभिनय देखने को मिला। कहानी बहुत ही रोचक है।

### दस्त रोकथाम अभियान 23 जुलाई से

**गया।** बरसात के समय में बच्चों में डायरिया यानि दस्त होने की शिकायत अधिक मिलती है। इस मौसम में घरों के आसपास पानी जमने से वायरल, बैक्टीरियल और पैरासिटिक इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। शिशुओं में डायरिया का होना खतरनाक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक एक से 59 माह के बीच के बच्चों की मौत का तीसरा बड़ी वजह डायरिया है। सालाना पांच वर्ष से कम उम्र के चार लाख से अधिक बच्चों की मौत डायरिया की वजह से होती है। डायरिया की रोकथाम और इलाज दोनों किया जा सकता है। सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त साफ-सफाई से डायरिया को रोका जा सकता है। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया का एक प्रमुख कारण कुपोषण भी है। डायरिया के प्रति जागरुकता लाने और इससे बचाव के लिए जिला में 23 जुलाई से 22 सितंबर तक दस्त की रोकथाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान में पांच वर्ष उम्र तक के बच्चों वाले घरों में आशा द्वारा ओआरएस पैकेट का निःशुल्क वितरण किया जाना है। दस्त से ग्रसित बच्चों के उपचार के लिए जिंक टेबलेट दिया जाता है। अभियान के दौरान माताओं व अभिभावकों में डायरिया से बचाव और डायरिया प्रबंधन के संबंध में जागरुकता लाई जाएगी। शिशुओं में डायरिया की रोकथाम के लिए चलाए जाने वाले इस अभियान में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग की अहम भूमिका होगी। बच्चे हुए भोजन और अन्य खाने-पीने की चीजों को फ्रिज में रखें। खाने और पकाने से पहले कच्चे फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से पानी से धोएं। ऐसी कोई भी चीज न खाएं, जो खराब हो गई हो। डायरिया संक्रमण से बचने के लिए इन सभी फूड सेफ्टी उपायों को हमेशा फॉलो करें। अपने खानपान के प्रति सावधान रहें : स्ट्रीट फूड्स और नल का पानी कीटाणुओं का मुख्य केंद्र होता है, जो डायरिया का कारण बन सकता है। बाहर खाने जा रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय फूड ज्वॉइंट्स में ही जाएं। यात्रा के दौरान बॉटल का पानी ही पिएं। घर पर वाटर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। बाहरी दूध पिलाने से हो सकता है डायरिया गया के सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि शिशुओं व छोटे बच्चों में डायरिया एक बहुत ही गंभीर समस्या है। पांच वर्ष के उम्र से नीचे शिशुओं की मौत की एक बड़ी वजह डायरिया है। डायरिया के लिए प्रमुख रुप से रोटा वायरस जिम्मेदार होता है। इसके संक्रमण के कारण डायरिया होता है। पानी का साफ नहीं होना और कई बार बाहर का दूध पिलाने से बच्चों में डायरिया हो सकता है। दूध मिलावटी हो तो इसकी संभावना और बढ़ जाती है। बच्चों को शौच के बाद और खाने से पहले साबुन से हाथ नहीं धोने, बासी खाना खाने की वजह से भी डायरिया होता है। शिशुओं को डायरिया से बचाव के लिए माताएं स्तनपान जरुर कराती रहें। स्तनपान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है और डायरिया को रोकता है।

# भाइयों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए JDU प्रवक्ता

## नालंदा में पूर्व विधायक राजीव रंजन ने पीड़ित परिजनों को दी सांत्वना, ठनका का शिकार हुए थे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के इस्लामपुर के सिकरी गांव में पटवन के दौरान ठनका के शिकार हुए भाइयों के अंतिम संस्कार में जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक राजीव रंजन ने शामिल होकर मृतात्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की, इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए उन्हें तात्कालिक तौर पर सहायता राशि भी प्रदान की। घटना पर शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि इस दुखद घटना के शिकार बिरजू कुशवाहा और विनोद कुशवाहा काफी मिलनसार स्वभाव के थे और मेहनती किसान के तौर पर जाने जाते थे। समाज में उनकी काफी पूछ थी। लोगों की मदद करने में भी वह काफी आगे रहते थे। उनके जाने से इनके परिवार को जो दुःख पहुंचा है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आपदा की इस घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ हैं।

**फतुहा में हुआ अंतिम संस्कारः** उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार की मदद के लिए अधिकारीयों से बात हो चुकी है। जल्द ही बीडीओ ऑफिस से इनके परिजनों को 20-20 हजार रूपये का चेक मिल जाएगा. मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद इन्हें 4-4 लाख का मुआवजा भी दिया जाएगा। फतुहा में हुए दोनों भाइयों के अंतिम संस्कार में सिकरी व आस-पास के गांवों के सैंकड़ों लोग शामिल रहे।

# करंट से 8 साल की बच्ची की मौत, खेत की तरफ जा रही थी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में करंट से शनिवार को एक मासूम की मौत हो गई। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदाबाद गांव का है। मृतका की पहचान महमूदाबाद गांव निवासी चुन्नू बिन्द की 08 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि खुशी खेत की तरफ शौच के लिए गई थी। जहां पटवन के लिए बिजली तार लगाया हुआ था, जिससे संपर्क हो गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गई। जब तक आसपास के लोगों की नजर बच्ची पर पड़ती, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**घटना की सूचना पुलिस को दी गईः** घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंच सांत्वना देने में जुट गए। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

## जू और नेचर सफारी के समय मे बदलाव, पुराने समय से होगी ऑफलाइन टिकट की बुकिंग

निज संवाददाता। नालंदा

- गर्मी के कारण 14 अप्रैल से बदल गया था नियम

आज शनिवार से वन्यप्राणी सफारी (जू सफारी) और नेचर सफारी दोनों पहले की तरह सुबह से शाम तक खुलेंगे रहेंगे। मौसम में हुये बदलाव के बाद नेचर सफारी और जू सफारी प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। नेचर सफारी और जू सफारी के लिए शनिवार से ऑफलाइन टिकट की बुकिंग सुबह 7:00 बजे से 2:00 बजे दिन तक होगी। जू सफारी निदेशक हेमंत पाटिल और नेचर सफारी के लिए डीएफओ राजकुमार एम द्वारा इस आशय का संयुक्तादेश निर्गत किया गया है। जारी संयुक्तादेश में कहा गया है कि पर्यटकों तथा वन्यजीवों के स्वास्थ पर संभावित प्रतिकुल प्रभाव को देखते हुये दिनांक-14 अप्रैल से राजगीर के जू सफारी एवं नेचर सफारी का संचालन प्रातः 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक किया गया था। अब उस आदेश में संशोधन करते हुये राजगीर जू सफारी एवं नेचर सफारी का संचालन अगले आदेश तक प्रातः 07:00 बजे से 02:00 बजे तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। संशोधित आदेश 6 जुलाई से प्रभावी होगा।

**मौसम में बदलाव को लेकर लिया गया निर्णयः** समय में बदलाव होने से नेचर सफारी और जू सफारी के भ्रमण करने वालों पर्यटकों में काफी खुशी है। भीषण गर्मी के कारण नेचर सफारी और जू सफारी देखने तथा टिकट बुकिंग के समय में बदलाव किया गया था। लेकिन अब मॉनसून के दस्तक और मौसम में बदलाव के बाद फिर से पुराने समय से ही नेचर सफारी और जू सफारी पर्यटकों के लिए खोलने का निर्णय प्रबंधन द्वारा लिया गया है।

# स्टूडेंट की दीदी से बढ़ी नजदीकियां, विरोध पर भाई का मर्डर, बेल्ट बांध पेड़ से लटकाया शव

निज संवाददाता। गया

- मोबाइल से खुला राज, आरोपी गिरफ्तार, SSP बोले- एक नाबालिग की भूमिका संदिग्ध

गया में 28 जून की सुबह हाई स्कूल के हॉस्टल से बरामद शव मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने रौशन कुमार (16) की हत्या के बाद शव को बेल्ट के सहारे सुखे पेड़ में टांगने वाले आरोपी शाहवीर उर्फ प्रेम (23) को गिरफ्तार कर लिया है। शाहवीर ने पुलिस को बताया कि वह मृतक की छोटी बहन को ट्यूशन पढ़ाता था। इसी बीच रौशन की बड़ी बहन से उसकी नजदीकियां बढ़ने लगी। रौशन को जब इसकी जानकारी मिली तो उसने इसका विरोध किया, जिसपर दोनों के बीच बहस भी हुई। इसी बीच रौशन की स्कूल के कुछ स्टूडेंट्स के साथ विवाद हो गया। सका फायदा उठाते हुए शाहवीर ने रौशन से झगड़ा करने वाले लड़कों से संपर्क किया और उनकी मदद से गुरुवार 27 जून की देर रात स्कूल परिसर में बुलाया। यहां उसने रौशन की गला दबाकर हत्या कर दी। मर्डर के बाद उसने शव को उसी के बेल्ट के सहारे सूखे पेड़ में टांग दिया।

**SSP बोले- पूछताछ के दौरान हुआ खुलासाः** इस मामले में SSP आशीष भारती ने बताया कि घटना के सामने आने के बाद SIT का गठन किया गया। मैं भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। वहीं घटनास्थल के पास लगे CCTV फुटेज की जांच के दौरान एक नाबालिग की भूमिका संदिग्ध लगी। उससे पुलिस ने पूछताछ की। उसके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ। उसी मोबाइल ने हत्या करने वाले अपराधी तक पुलिस को पहुंचा दिया। SSP ने बताया कि मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच की गई तो शाहवीर उर्फ प्रेम की भूमिका संदिग्ध लगी। इसके बाद पुलिस ने प्रेम को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया, तो उसने अपना अपराध कबूल किया।

**शाहवीर ने पुलिस को क्या बताया:** शाहवीर ने पुलिस को बताया कि वह रौशन की छोटी बहन को ट्यूशन पढ़ाया करता था। इस दौरान रौशन की बड़ी बहन के संपर्क में आ गया। बातचीत आगे बढ़ने तो रौशन ने आपत्ति जताई। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी भी हुई थी। इस बीच रौशन की स्कूल के लड़कों के साथ लड़ाई हो गई थी। इसका फायदा उठाते हुए उसने रौशन से लड़ाई करने वाले लडकों से संपर्क किया और उनकी मदद से रात में स्कूल परिसर में रौशन को बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसके शव को उसी के बेल्ट के सहारे सूखे पेड़ की टहनी से टांग दिया ताकि लोग यह समझे की रोशन ने आत्महत्या की है।

# गया DM ने बोधगया के राजस्व कर्मचारी को किया निलंबित, हजारों की संख्या में पेंडिंग पड़े हैं आवेदन

निज संवाददाता। गया



- लंबे समय से मिल रही है शिकायत

बोधगया अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी नीलेश कुमार को डीएम डॉ त्यागराजन ने निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए कर्मचारियों के खिलाफ लंबे समय से डीएम डॉक्टर त्यागराजन को शिकायत मिल रही थी। बीते दिनों डीएम ने बोधगया अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां पाई गई थीं जिसके आधार पर राजस्व कर्मचारी निलेश कुमार के खिलाफ जांच का आदेश डीएम ने दिया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्पष्टीकरण मांगे जाने के बाद डीएम ने राजस्व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय कार्रवाई भी उसके खिलाफ शुरू कर दी गई है।गौरतलब है कि अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों की मनमानी सर चढ़ कर बोलती है। अंचल कार्यालय में काम करने जाने वाले किसी भी शख्स को महीनों चक्कर लगाना पड़ता है। इसके बावजूद उनका काम नहीं होता। लेकिन जब वह दूसरा रास्ता अख्तियार करते हैं तो उनका काम हो जाता है। इस बात की शिकायत बीते कुछ दिनों से डीएम डॉक्टर त्याग राजन को लगातार मिल रही थी।

**निरीक्षण के बाद एक्शनः** बुधवार को डीएम डॉक्टर त्याग राजन अचानक बोधगया पहुंचे थे और राजस्व से जुड़े कागजातों के निरीक्षण में खुद ही जुट गए थे। गहन निरीक्षण के बाद और पूछताछ के बाद उन्होंने राजस्व कर्मचारी के खिलाफ जांच का आदेश दे दिया था। जांच में बोधगया के अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के करीब 800 मामले लंबित पड़े थे। परिमार्जन के 4300 आवेदन पेंडिंग थे। इस बात से डीएम डॉक्टर त्याग राजन काफी खफा हो गए थे। उन्होंने 15 दिनों के अंदर सभी लंबित आवेदनों को निबटाने का आदेश दिया था।

# डेढ़ साल बाद पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया की मुफस्सिल पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार करने में डेढ़ वर्ष से अधिक का समय लगा दिया। डेढ़ वर्ष बाद पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले तक चोर फरार था। वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मुफस्सिल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी के मामले में डेढ़ वर्ष पूर्व केस दर्ज किया था। हालांकि चोरी के इस केस के एक आरोपी को पूर्व में पकड़ कर पुलिस जेल भेज चुकी थी।

**गश्ती टीम ने एक को मौके से पकड़ा थाः** मुफस्सिल इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व रात को एक प्लांट से पाइप की चोरी कर चोर पिकअप वैन से भाग रहे थे। इसी बीच पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके से क्रॉस कर रही थी। पुलिस को शक होने पर पिकअप वैन का पीछा किया गया तो वे भागने लगे थे, लेकिन पुलिस कर्मियों ने एक चोर को पकड़ लिया था। जबकि दूसरा वाहन से कूद कर भाग गया था। पकड़े गए चोर से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया था। दूसरा आरोपी लगातार फरार चल रहा था। बीते दिनों पुलिस को सूचना मिली कि चोरी के मामले में फरार आरोपी राहुल राउत मोहल्ले में देखा जा रहा है। इस बात की पुष्टि होने पर पुलिस ने राहुल के घर पर रेड की।

# मारपीट में घायल युवक की 10 दिन बाद मौत

निज संवाददाता। गया

गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों दो बाइकों की टक्कर की वजह से हुई मारपीट में जख्मी युवक की घटना के दस दिन बाद मौत हो गई। जख्मी युवक टुन्नी चौधरी का पटना में इलाज चल रहा था। उसने 5 जुलाई को अस्पताल में दम तोड़ दिया। टुन्नी मयारी गांव का रहने वाला था। वहीं टुन्नी की डेड बॉडी लेकर जब उसके परिजन फतेहपुर के मयारी पहुंचे तो गुस्साए ग्रामीणों ने वजीरगंज फतेहपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम कर प्रदर्शन कर ग्रामीण 26 जून को टुन्नी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वजीरगंज और फतेहपुर पुलिस लोगों को समझाने में जुटे हैं।

**9 दिनों तक चला इलाजः** घटना 26 जून की है। फतेहपुर जाने वाले मार्ग पर दो बाइकों के बीच आमने सामने की टक्कर हो गई थी। एक बाइक वाले ने दूसरे बाइक सवार टुन्नी चौधरी की बेरहमी से धुनाई कर दी थी। इससे टुन्नी अधमरा सा हो गया था। टुन्नी के परिजन उसे अस्पताल ले गए थे जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। परिजन टुन्नी को लेकर पटना चले गए थे। पटना में करीब 9 दिनों तक वह जिंदा रहा लेकिन उसने शुक्रवार की रात दम तोड़ दिया।

# अम्बेर माता वैष्णवी देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकली, 551 महिलाओं और कन्याओं ने लिया भाग

## मंदिर की स्थापना पर कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के अम्बेर स्तिथ माता वैष्णवी देवी मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा शनिवार की सुबह निकाली गई, जिसमें 551 से अधिक महिलाओं और कन्याओं ने भाग लिया। यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नई सराय, बारादरी, पुलपर, धनेश्वर घाट, भैंसासुर, कागजी मोहल्ला होते हुए अम्बेर चौक तक पहुंची, जहां समापन समारोह आयोजित किया गया। कलश यात्रा माता वैष्णवी देवी मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य पर आयोजित की गई थी। मंदिर कमेटी और मोहल्ले वासियों के सहयोग से इस भव्य आयोजन को सफल बनाया गया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं और कन्याएं भक्ति गीतों पर झूम रहीं थीं। घोड़े पर सवार होकर वे मां वैष्णवी देवी की भक्ति में डूबी हुईं थीं। मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग भक्तिमय माहौल से गूंज रहा था।

**क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामनाः** मां वैष्णवी देवी मंदिर के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि यह कलश यात्रा हर साल क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के लिए आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से लोगों में भक्ति भावना का संचार होता है और क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनता है। कलश यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में 10 जुलाई से 24 घंटा के लिए अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी में मंदिर कमेटी और मोहल्लेवासी पूरी तन्मयता से लगे हुए हैं।

# जनता दरबार में 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन, 2 नए मामलों में नोटिस

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान 6 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 2 मामलों में नोटिस किया गया।इस मौके पर एसआई गौतम कुमार, अंचल लिपिक शिवशंकर कुमार, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार राम एवं राहुल कुमार मौजूद रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के 8 मामले जनता दरबार में पहूंचे थे। जिसमें 6 मामलों के दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। निष्पादित मामलों में फरका बुजुर्ग पंचायत के मोहकामा गांव निवासी प्रेमा देवी का विवाद झलिया देवी व हाथोचक गांव निवासी नौरंगी तुरिया का विवाद चंदर यादव, नगर

पंचायत क्षेत्र के महसइ मोहल्ला निवासी रणवीर कुमार का विवाद विजय यादव व शबीला खातून का विवाद महमूद आलम एवं लेंगुरा पंचायत के बिजवन गांव निवासी गंगा राम का विवाद महेश राम व फुलवा देवी का विवाद अर्जुन राजवंशी से था। वहीं मुरहेना पंचायत के चमोथा गांव निवासी मो इलियास ने मो मुमताज उर्फ मुन्ना एवं अमावां पूर्वी पंचायत के होरीला गांव निवासी सुनैना देवी ने बेंगू राम के विरुद्ध रैयती भूमि से सम्बंधित विवाद को लेकर लिखित आवेदन दिया है। उक्त दोनों नए मामले में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया। साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

## 264 लीटर महुआ, 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

- गिरफ्तार युवक की पहचान गया जिला गुरपा थाना क्षेत्र के धरगोहरा गांव के कैलू मांझी के पुत्र संदीप मांझी के रूप में की गयी है।

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के परनाडाबर व अकबरपुर पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर छापामार कर महुआ व अंग्रेजी शराब जप्त किया है। इस क्रम में शराब ढोने के उपयोग में लाये जा रहे दो बाइक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की है। परनाडाबर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने थाना गेट के पास संदेह के आधार पर मोटरसाइकिल सवार की जांच के दौरान 750 एम एल के 12 बोतल रायल स्टैग शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार की पहचान गया जिला गुरपा थाना क्षेत्र के धरगोहरा गांव के कैलू मांझी के पुत्र संदीप मांझी के रूप में की गयी है। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दूसरी ओर अकबरपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर मोटरसाइकिल से ले जाये जा रहे 264 लीटर महुआ शराब जप्त कर लिया। कारोबारी पुलिस को आते देख मोटरसाइकिल के साथ शराब छोड़ फरार हो गया।

## जमुहार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फेयरवेल समारोह का आयोजन

निज संवाददाता

**जमुहार।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में विश्वविद्यालय के कला संकाय के संकाय अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह और विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कला संकाय के संकायाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ऐसा कुछ करें जिससे विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप ने कहा कि प्रोफेशनल कोर्स का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वह रोजगारपरक और कौशल विकास से संपूर्ण होता है। जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जहां भी जाएं, वे ऐसा कुछ करें जिससे संस्थान का नाम हो। विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को यहाँ से सीखी शिक्षा और संस्कार को अपने जीवन में उतारने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संकर्षण परिपूर्णन और सहायक प्राध्यापक डॉ. स्मृति ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने नृत्य किया, किसी ने गाना गाया, तो किसी ने मिमिक्री की। कार्यक्रम में विभाग के सभी विद्यार्थी मौजूद थे और कार्यक्रम का संचालन विभाग की छात्रा खुशबू ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग रहा। कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य श्री गोपाल नारायण सिंह ने संदेश के माध्यम से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया और पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने को कहा।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन

निज संवाददाता

**जमुहार।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस 2024 के अवसर पर, 'थीमः सबूत स्पष्ट हैं- रोकथाम में निवेश करें, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के नारायण नर्सिंग कॉलेज के मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग ने 5 जुलाई, 2024 (शुक्रवार) को अतिथि व्याख्यान और वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी और अंग्रेजी) का आयोजन किया। अतिथि वक्ता डॉ अंजना गांधी, सलाहकार न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट, नारायण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और डॉ सुमिता एस मसीह, एसोसिएट प्रोफेसर, सीआईपी, रांची को क्रमशः 'सबूत स्पष्ट हैं- रोकथाम में निवेश करें' और 'नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी' पर अतिथि व्याख्यान सत्र के लिए आमंत्रित किया गया था। सुश्री सबीना कुजूर, सहायक प्रोफेसर, एनएनसी ने भी 'समुदाय और मनोरोग अस्पताल में नर्स की भूमिका' पर एक व्याख्यान दिया। पदार्थों को किसी भी हालत में न लें। ' वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी और अंग्रेजी) का आयोजन किया गया। प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा, उप प्राचार्य, और प्रो. डॉ. लिसी जोसेफ वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक थे। वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी) के विजेताः प्रथम पुरस्कार-हर्ष, द्वितीय पुरस्कार-प्रियांशु कुमारी, तृतीय पुरस्कार-विष्णु प्रिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता (अंग्रेजी) के विजेता प्रथम पुरस्कार उजाला बाबू, द्वितीय पुरस्कार- सुरभि, तृतीय पुरस्कार पुरुषोत्तम कुमार। मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की ओर से आयोजक सदस्य हैं नंदिनी भूमिज, एसोसिएट प्रोफेसर, एनएनसी ने थीम का अनावरण कियाः सबूत स्पष्ट हैं- रोकथाम में निवेश करें, सबीना कुजूर, सहायक प्रोफेसर, एनएनसी ने व्याख्यान सत्र दिया और मोहित कुमार गुप्ता ने पूरे कार्यक्रम का समन्वयन किया। जीएनएम द्वितीय वर्ष और बीएससी (एन) VI सेमेस्टर के छात्रों और संकायों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इस कार्यक्रम में युवाओं को 'नशे को ना कहें और जीवन को हां कहें' का संदेश दिया गया।

## पत्रकार के दादी मां के निधन पर जताया शोक

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** नगर परिषद क्षेत्र के देवी स्थान कोयरी टोला निवासी पत्रकार अभय कुमार रंजन ऊर्फ गुड्डू की 90 वर्षीय दादी शांति देवी का निधन मंगलवार की शाम हृदय गति रूक जाने से हो गई। पिछले कई दिनों से वे हृदय रोग से पीड़ित थी। घटना की खबर सुनते ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों ने घर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित किया। उनका अंतिम संस्कार शेरपुर मोड़ स्थित श्मशान घाट में किया गया। अंतिम संस्कार में मोहिउद्दीनपुर पंचायत मुखिया भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष आल्हा बहादुर सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि समाजसेवी चंदन कुमार सहित कई लोगों ने शामिल हुए।

## दो ट्रकों से बैटरी एवं जैक की चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज, छानबीन में जुटी पुलिस

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के पुरानी हरदिया में फिर से एकबार चोरों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। बीते 4 जुलाई की रात्रि चोरों ने खड़ी दो ट्रकों से दो बैटरी एवं जैक की चोरी कर ली है। ट्रक मालिक पुरानी हरदिया गांव निवासी नंदू लाल के पुत्र अमृत कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति उनके घर के सामने कुल 8 ट्रकें लगी हुई थी। शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे ट्रक चालू करने के लिए जैसे ही ट्रक मालिक अमृत कुमार ट्रक पर चढ़े,तो ट्रक चालू होने का नाम नहीं ले रही थी। काफी देर परेशान होने के बाद पता चला कि ट्रक में लाइन नहीं आ रही है। जब ट्रक में लगे बैटरी की जांच की गई, तो देखा की ट्रक में

बने बैटरी के चैंबर से बैटरी गायब है। इसके बाद अपने दूसरे ट्रक की जांच किया तो उसमें से भी बैटरी गायब मिली। ट्रक मालिक द्वारा पुनः दोनों ट्रकों की अच्छी तरह जांच करने पर दोनों ट्रकों से बैटरी एवं जैक गायब मिले। वहीं बैटरी रखने वाले चैंबर से एक गांजा काटने वाला सामान मिला। जिसके बारे में पूछताछ किये जाने पर पुरानी हरदिया मोड़ पर झोपड़ी में गांजा पिलाने वाले आलो राजवंशी का बताया गया। ट्रक मालिक द्वारा जब आलो राजवंशी से गांजा काटने वाले सामान के बारे में पूछा गया, तो आलो राजवंशी ने कहा कि गांजा काटने वाला सामान हमारा है। किंतु उसने बैटरियों एवं जैक की चोरी नहीं की है। ट्रक मालिक ने कहा कि घटना को लेकर लिखित आवेदन थाना को दिया गया है। बताते चलें कि लगभग 6 से 7 महीना पहले हरदिया क्षेत्र समेत आसपास के लाइन होटलों पर लगे ट्रकों से डीजल की चोरी का मामला सामने आया था। तब डीजल चोर पुरानी हरदिया का ही निकला था। जिसके बाद पकड़ाये चोरों ने पैसों के बल पर पीड़ितों से समझौता कर लिया था। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित ट्रक मालिक अमृत कुमार द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है एवं पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## ई-रिक्शा चालक को बाइक सवार ने दिया चकमा घायल

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप शनिवार की देर शाम को ई-रिक्शा पर बर्फ बेचकर लौट रहे चालक को एक बाइकसवार ने चकमा दे दिया। जिससे बर्फ चालक की टोटो पलट गई और सड़क दुर्घटना में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को एनएचएआई के 1033 एम्बुलेंस की मदद से चालक शशिभूषण कुमार एवं कम्पाउंडर भरत कुमार की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ.श्यामनन्दन प्रसाद ने कहा कि घायल युवक की पहचान करीगांव मोड़ निवासी नथुन राजवंशी के पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि घायल का दाहिना पैर गम्भीर रूप से टूट गया है एवं सम्भवना है कि खून भी बहुत बहा होगा। हालांकि घायल युवक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु उच्चतर अस्पताल नवादा सदर रेफर किया गया है। वहीं सड़क दुर्घटना की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे घायल युवक के बड़े भाई पप्पू राजवंशी ने बताया कि उसका छोटा भाई श्रवण कुमार ई-रिक्शा से गांव-गांव जाकर बर्फ बेचने का काम करता है। शनिवार की संध्या को भी वो बर्फ बेचकर वापस घर आ रहा था। टोल प्लाजा के समीप स्थित झोपड़पट्टीनुमा घर के करीब ही एक बाइक सवार ने चकमा देकर फरार हो गया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। साथ ही बताया कि वे लोग करीगांव मोड़ के रहने वाले हैं और उनकी जमीन फोरलेन निर्माण में चला गया है।

## विद्युत स्पर्शाघात से अधेड़ की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के नरहट थाना क्षेत्र के अकरी गांव में विद्युत स्पर्शाघात से अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना के आलोक में पहुंचे थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने एफएसएल टीम के द्वारा जांच के बाद शव पोस्टमार्टम करा परिवार वालों को सौंप दिया। बताया जाता है कि फागु माहतो का पुत्र 48 वर्षीय सुनील कुमार पेशाब करने ट्रांसफर्मर के पास गया था। नीचे विद्युत प्रवाहित होने से वह उसकी चपेट में आ वहीं दम तोड़ दिया। शव पर नजर पड़ते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। इस बीच थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह ने बरसात के समय विद्युत पोल, ट्रांसफर्मर,-स्टेक आदि से सावधान रहने की अपील की है।

## जीएनएसयू में शुरू हुआ पीएचडी का चौथा बैच

- सभी शोधकर्ता यूजीसी द्वारा प्रदत्त पीएचडी गाइडलाइंस के अनुसार अध्ययन हेतु पंजीकृत हुए हैं।

निज संवाददाता

**जमुहार।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट उपाधि कार्यक्रम हेतु नए बैच 2024-25 का शुभारंभ हो गया है। इस बैच में वाणिज्य, फार्मेसी, विधि, नर्सिंग, मास कम्युनिकेशन, सूचना प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन विभागों से 26 शोधकर्ता पंजीकृत हुए हैं। सभी शोधकर्ता यूजीसी द्वारा प्रदत्त पीएचडी उपाधि हेतु गाइडलाइंस के अनुरूप अध्ययन हेतु आ चुके हैं। विशेष दीक्षारंभ कार्यक्रम में कुलपति प्रो एमके सिंह, प्रतिकुलपति प्रो जगदीश सिंह, कुलसचिव प्रो अभिषेक कमेंदु, परीक्षा नियंत्रक प्रो. कुमार आलोक प्रताप तथा एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप सिंह ने शोधकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब शोधकर्ता सामाजिक समस्याओं के लिए हल निकालें। इस अवसर पर समस्त डीन, विभागाध्यक्ष समेत अध्यापकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएचडी समन्वयक प्रो आलोक कुमार ने किया। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय की प्रथम पीएचडी उपाधि अगले वर्ष मार्च-अप्रैल तक अपेक्षित है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने नवागंतुक शोधार्थियों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अनंत अंबानी की शादी में बिहार के दो नेताओं को मिला निमंत्रण

**पटना (नि.सं.)।** प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने पुत्र अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को आमंत्रित किया है। शादी 12 जुलाई को मुंबई में है। शादी समारोह के लिए अंबानी परिवार ने देश की प्रायः सभी प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया है। लालू प्रसाद से जुड़े करीबी सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य कारणों वे शायद समारोह में न जाएं। ऐसी स्थिति में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव समारोह में शामिल हो सकते हैं। पारंपरिक हिंदू वैदिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए।

## अच्छी पहल-स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई नए कानून की जानकारी

निज संवाददाता

**नवादा।** पुलिस के द्वारा अच्छी पहल की जा रही है। महिला हेल्प लाईन की पुलिस ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर स्कूली छात्र व छात्राओं को एक जुलाई 2024 से लागू की गई नए कानून की जानकारी दी जा रही है। शनिवार को पुलिस ने जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण सभा का ओयोजन कर किशोरियों और महिलाओं को आत्म सुरक्षा तथा नए कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून को नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में नागरिक घटनास्थल या उससे परे कहीं भी केस दर्ज करा सकते हैं। पीड़ित को केस की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त करने का हकदार होंगे। पुलिस द्वारा पीड़ितों को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति के बारे में सूचित करना अनिवार्य है। महिला अपराध की स्थिति में 24 घंटे के अंदर पीड़िता की सहमति से उसकी मेडिकल जांच कराई जाएगी साथ ही 7 दिनों के अंदर चिकित्सक उसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। अभियोजन पक्ष की मदद के लिए कानून को खुद का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है। केस वापसी के पहले न्यायालय को पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है। कोर्ट में आवेदन करने पर पीड़ितों को आदेश की निःशुल्क प्रति प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। कानूनी जांच पूछताछ और मुकदमे की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित करने का प्रावधान किया गया है। बताया गया कि नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है। मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के अंदर जांच पूरी की जाएगी। पीड़ितों को 90 दिनों के अंदर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। आरोपी तथा पीड़ित दोनों को प्राथमिक पुलिस रिपोर्ट, आरोप पत्र, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेज 14 दिन के अंदर पाने का अधिकार होगा। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उनके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट 7 दिनों के अंदर देनी होगी।

## मछली मारना, बेचना और खाना फिश पॉलिटिक्स से सहनी का किसे इशारा

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव बीतने के बाद अब विकासशील इंसान पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। चुनावी तैयारियों को लेकर पार्टी नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी भागलपुर में गंगा क्रूज पर पहुंचे। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष और कमेटी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सहनी ने बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। सहनी ने बैठक की टेबल पर दो कतला मछली भी रखी, जिसका वजन 43 किलो था। उन्होंने कहा कि मेरे साथ मछली देखकर कई लोग परेशान हो जाते हैं, लेकिन मेरा कर्म और धर्म मछली बेचना, मछली मारना और मछली खाना है। मैं मछुआरा का बेटा हूं।

## धमौल थाना में 9 जुलाई को होगी मोहर्रम को लेकर बैठक

निज संवाददाता

**पकरीबरावां (नवादा)।** आगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर नवादा जिले के धमौल थाना परिसर में होने वाले बैठक में दो जिले के अधिकारी जुटेंगे। नवादा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अंब्रिष राहुल, पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी सहित कई वरीय पदाधिकारी इस बड़ी बैठक में शिरकत करेंगे। बैठक में जमुई जिले के एसडीएम एवं एसडीपीओ भी शामिल हो सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए धमौल एसएचओ हिमांशु पप्पु ने बताया कि मोहर्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बैठक होगी। 9 जुलाई को थाना परिसर में बैठक रखी गई है। उन्होंने कहा मोहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। थाना क्षेत्र के पड़रिया स्थित करबला पर धमौल थाना क्षेत्र के कई गांवों के अलावे जमुई जिले के चंद्रदीप थाना अंतर्गत आढ़ा एवं कैथा गांव के लोग ताजिया का पहलाम करते हैं। उर्दू के दसवीं तारीख को ताजिया का पहलाम होता है। इमामबाड़ा पर विभिन्न अखाड़ों का जुटान होता है। इस बीच काफी गहमागहमी का माहौल होता है। बता दें कि मोहर्रम 8 जुलाई से शुरू होने के आसार हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि 7 जुलाई को चांद देखने के साथ ही अगले दिन से मोहर्रम महीना शुरू हो जाएगा। मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार इसी महीने से साल की शुरुआत होती है। मोहर्रम शहादत को याद कर दस दिनों तक मनाया जाता है।

## कार्यशाला के अंतिम दिन बताया गया मेकअप के गुर

निज संवाददाता

**नवादा।** वर्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित, दस दिवसीय अभिनय कार्यशाला में अंतिम दिन मुंबई से मेकअप में प्रशिक्षित शर्मीली शाह ने, बच्चों को एक अभिनेता के तौर पर मेकअप का महत्व, फिल्म और रंगमंच में मेकअप कि विशेषता, मेकअप के शुरुआत से लेकर अंत तक की विधि की जानकारी दी। दो सत्र में आयोजित कार्यशाला में पहले सत्र में मेकअप को लेकर उसके बारे में बताया है गया और करके दिखाया गया। टोनर, फाउंडेशन, आईलाइनर, आईशैडो, ब्रश, ब्लंडर, इत्यादि को कैसे इस्तेमाल करते हैं इसके बारे में बताया गया। दूसरे सत्र में अभिनेताओं के संवाद में, अदायगी को लेकर उर्दू का प्रयोग और

उच्चारण को लेकर क्लास दे रहे थे नादान रूपौवी, उन्होंने उर्दू हिंदी में नुक्ते के प्रयोग, उसके उच्चारण स्थान, उतार चढ़ाव, भाषा की समझ इत्यादि को लेकर अभिनेता को कविता कहानी उपन्यास कैसे पढ़ा जाता है इस पर बात की और अभिनेता को कल्पनाशीलता के लिए, भाषा की समझ कविता, कहानी पढ़ने की आदत। हर शब्द को बोलकर उसके अदायगी को समझने का हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने भाषा खासकर उर्दू हिंदी पर अभिनेताओं को उच्चारण स्थान बताया। भाषा को लेकर एक अभिनेता को सजग रहना चाहिए क्योंकि भाव-भाव के साथ संवाद ही अभिनेता को दर्शकों से जोड़ता है। बेहतर संवाद बेहतर अभिनय का मुख्य बिंदु है, इसीलिए अभिनेता की भाषा, उच्चारण, साहित्य की समझ, आदि का ज्ञान रखना महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसे मात्र एक नुक्ते के ऊपर नीचे में अंतर से शब्द ख़ुदा से जुदा हो जाता है, इसलिए व्याकरण की समझ जरूरी है चाहे वह किसी भी भाषा का अभिनेता हो फिल्म अभिनेता सागर इंडिया इस कार्यशाला में, आए प्रशिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यशाला संयोजिका अनुराधा पंडित ने बताया कि हम कल बच्चों को सिनेमा कैसे देखा जाता है, यह दिखाने ले जाएंगे आज की कार्यशाला में बच्चों के चेहरे पर मेकअप करके उन्हें बूढ़ा, गोरा, काला, बनाया गया जिससे बच्चों ने अभिनेता के रूप में मेकअप की बारीकियां समझी और सीखी।

## जांच चौकी पर शराब के नशे में रहे 16 शराबी धराए

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 16 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार की रात्रि से लेकर शनिवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी।

## रविरंजन ने असिस्टेंट कमांडर बन नरहट का नाम किया रौशन

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत पुन्थर गांव निवासी पिता सुरेन्द्र यादव एवं माता सीता देवी के पुत्र रविरंजन कुमार उर्फ पंकज कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हाशिल कर असिस्टेंट कमांडर बन कर प्रखण्ड एवं गांव का नाम रौशन किया है। रविरंजन ने यूपीएससी में 306 रैंक प्राप्त किया है। स्वजनों ने बताया कि रविरंजन ने मैट्रिक की पढ़ाई उच्च विद्यालय हिसुआ से 2006 में और गांधी इंटर विद्यालय नवादा से 2008 में इंटर की परीक्षा पास की है। इसके बाद रविरंजन ने नेवी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 2009 से इंडियन नेवी कार्यरत था।

इसके बाद भी रविरंजन को आगे की पढ़ाई कर उच्च पद प्राप्त करने की ललक थी। इस बार यूपीएससी द्वारा जारी 5 जुलाई को रिजल्ट में सफलता प्राप्त कर गांव एवं स्वजनों का मान बढ़ाया है। रविरंजन तीन भाई में सबसे बड़ा है। मंझला भाई प्राइवेट कंपनी में इजीनियर है। वहीं छोटा भाई मनोज कुमार जेनरल तैयारी कर रहा है। रविरंजन की इस सफलता पर माता पिता, भाई एवं गांव के लोग काफी खुश हैं। इनके सफलता पर दद्दन कुमार, हरिवल्व कुमार आदि लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### शराबी पुत्र ने मां और पत्नी की जमकर की पिटाई

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जग वलिया पिपरा गांव निवासी एक शराबी पुत्र रमेश सिंह ने अपनी मां लीलावती देवी और पत्नी जुली देवी की पिटाई कर दी। घटना के बाद मारपीट में घायल पत्नी जुली देवी और मां लीलावती देवी ने मुफस्सिल थाना पहुंच आरोपी को गिरफ्तार करने की बात थानाध्यक्ष से की। पीड़ित शराबी रमेश सिंह की पत्नी जुली देवी ने बताया की मेरा पति रमेश सिंह टेम्पो चलाता है। वह प्रतिदिन शराब पीकर नशे में घर आता है और मेरे और मेरे सास और बच्चों के साथ मारपीट करता है। जिससे हमलोग परेशान हो गए है। शुक्रवार की सुबह से ही शराब पीकर हमलोगों के साथ मारपीट कर दिया है। इस घटना में हम लोग घायल हो गए है। इसका रोज का यही काम है। मैं इसके साथ अब नही रहना चाहती हू। थानाध्यक्ष ने पीड़िता को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में काउंटर खोलेगा वीकेएसयू

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में समस्याओं के निदान के लिए काउंटर खोलेगा। ताकि बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के मुख्यालय नहीं पहुंचे। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ केके सिंह ने बताया कि बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के छात्र-छात्राओं को मुख्यालय आने में काफी परेशानी होती है। उनका आर्थिक के साथ-साथ शारीरिक परेशानी भी होता है। बक्सर जिले में एमवी कॉलेज बक्सर, रोहतास जिले में एसपी जैन कॉलेज सासाराम और कैमूर जिले में एसभीपी कॉलेज, भभुआ में समस्याओं के निदान के लिए काउंटर खोलने पर योजना बनायी गई है। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी की सहमति के बाद कॉलेजों में काउंटर खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर अभ्यर्थियों को मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। चिन्हित कॉलेजों में आवेदन देने पर उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कॉलेज स्तर से अभ्यर्थियों का आवेदन मुख्यालय मांगने की योजना बनायी जा रही है। विश्वविद्यालय का यह भरपूर प्रयास है कि छात्र हित में उचित निर्णय लिए जाए।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत

**कोईलवर।** गजराजगंज काली मंदिर के पर अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका 60 वर्षीय सावित्री देवी थी जो स्वर्गीय राजेंद्र शर्मा की पत्नी थी। मृतका सावित्री देवी किसी काम से गजराजगंज आई थी। उसी क्रम में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। घटना की जानकारी गजराजगंज ओपी के पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करा कर शव परिजन को शौप दिया। मृतका सावित्री देवी गजराजगंज ओपी के छोटकी सासाराम गांव में अपनी लड़की के घर रहती थी। कोईलवर आरा-पटना नेशनल हाईवे पर स्थानीय कोईलवर थाना क्षेत्र के मोड़ के समीप गुरुवार को देर शाम अज्ञात वाहन ने पैदल जा रही एक वृद्ध महिला को रौंद दिया था। जिससे वृद्ध महिला की मौत इलाज के दौरान कोईलवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई थी। गुरुवार को समाचार लिखने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में जानकारी मिलने पर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। पोस्टमॉर्टम गृह में जाकर शव को देखकर उनकी पहचान किया इसके बाद शव को दाह-संस्कार के लिए गांव ले गए। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी रामकेवल महतो की 68 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी थी जो दवा लेने जा रही थी। मृतक के बेटे राजेश महतो ने बताया कि उन्हें फाइलेरिया की बीमारी थी। शरीर में दर्द था। जिसको लेकर गुरुवार दोहपर खाना खाने के बाद वह दवा लेने के लिए कोईलवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गई थी।

### मजदूरी मांगने पर मजदूर की जमकर पिटाई

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के त्रिभुवानी कोठी स्थित सरकारी बस स्टैंड के पास शुक्रवार की सुबह मजदूरी के रुपये मांगने के विवाद को लेकर एक राजमिस्त्री की पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में घायल राजमिस्त्री उदवंतनगर थाना क्षेत्र के डेहरी महतवनिया गांव निवासी 45 वर्षीय रामबाबू यादव हैं जो नंद गोपाल यादव का पुत्र है। घायल ने बताया कि वह त्रिभुवानी कोठी स्थित सरकारी बस स्टैंड के पास गांव से मजदूरी करने के लिए शुक्रवार को आया था। तभी बाइक सवार एक युवक वहां आया और कहने लगा कि तुम्हारा एक लेबर मेरे घर काम करने गया था। उसने नल तोड़ दिया, चलो तुम प्लास्टर कर दो। मजदूरी पूछने पर उसने कहा कि सात सौ रुपए रोजाना है। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। उक्त युवक ने उनकी पिटाई कर दी। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया।

### फायरिंग के मुकदमे में एमएलसी राधाचरण, भाई व पुत्र भी बरी

**आरा।** 3 मई 1997 में टाउन थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए घटना के 27 वर्ष बाद तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह की कोर्ट ने आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए गुरुवार को बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला निवासी त्रिभुवन प्रसाद को 3 वर्ष की कारावास की सजा और 5000 अर्थ दंड लगाया है। जबकि इस मामले में आरा-बक्सर स्थानीय निकाय क्षेत्र से एमएलसी राधाचरण शाह के साथ तीन अन्य लोग भाई शत्रुघ्न प्रसाद, पुत्र कन्हैया प्रसाद और गोपाल राय को साक्ष्य के अभाव में आरोप मुक्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक नागेश्वर दुबे और एपीपी अजय कुमार ने अपना पक्ष रखा था। एपीपी अजय कुमार ने बताया कि 3 मई 1997 को क्षमता पार्टी के तरफ से बिहार बंद रखा गया था। इस कार्यक्रम में समता पार्टी के नेता सुरेंद्र सिंह अपने समर्थकों के साथ बंद को सफल बनाने के लिए जेल रोड पहुंचे थे। उसी समय राधाचरण साह अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जुलूस पर फायरिंग करने लगे थे। जिसमें समता पार्टी के नेता सुरेंद्र सिंह और उनके समर्थकों में भगदड़ मच गई थी। घटना के बाद सुरेंद्र सिंह के तरफ से टाउन थाना में नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। इस बीच सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कोर्ट का जो फैसला आया है, वह सही नहीं है। घटना में शामिल सभी लोगों के हाथ में हथियार था। जुलूस पर सभी लोगों के द्वारा फायर किया गया था। जिसमें पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किया था। फिर भी न्यायालय के आदेश को मैं स्वागत करता हूं। अपने समर्थकों के साथ बातचीत कर मामले में आगे क्या करना उचित रहेगा, विचार-विमर्श किया जाएगा।

### वीकेएसयू और एसबी कॉलेज में हुए पौधरोपण

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय वन महोत्सव सप्ताह पर राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से पौधारोपण किया। परिसर में प्रधानमंत्री के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण हुआ। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से लड़ना है। मौके पर प्रतिकुलपति सीएस चौधरी, डीएसडब्ल्यू डॉक्टर केके सिंह, प्रॉक्टर डॉक्टर कुमार कौशलेंद्र, सीसीडीसी प्रोफेसर प्रसुंजय कुमार सिन्हा, भोजपुरी विभाग के हेड प्रोफेसर दिवाकर पांडेय और राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ साधना रावत सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के सहायक संजय तिवारी एवं वैभव आनंद का सहयोग रहा। दूसरी तरफ एसबी कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह पर एनएसएस यूनिट टू के स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्चना कुमारी के नेतृत्व यह पौधारोपण हुआ। प्राचार्य डॉ० पूनम कुमारी ने स्वयंसेवकों एवम उपस्थित शिक्षक एवम शिक्षकेतर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करें। मौके पर पवन, सुंदरम, निशांत, डॉ पंकज, डॉ आर एन मिश्रा, डॉ श्वेता, आदित्य और अमित सहित अन्य उपस्थित थे।



# नावानगर में विशेष आर्थिक जोन को केंद्र सरकार की मंजूरी, बड़ी कंपनियों के निवेश से बढ़ेगा रोजगार

निज संवाददाता। बक्सर

♦ उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने दी जानकारी

बक्सर में भी विशेष आर्थिक जोन (एसइजेड) की स्थापना की तैयारी तेज हो गयी है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बक्सर के नवानगर का स्थलीय निरीक्षण कराया गया है। इस दौरान इस जगह को औद्योगिक क्षेत्र के उपयुक्त माना गया है। इसकी जानकारी बिहार सरकार के उद्योग विभाग और पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने X पर दी है। जानकारी देते हुए मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) की मांग लंबे समय से बिहारवासी करते रहे हैं। इसी संदर्भ में विगत 20 जून को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में मुलाकात कर बिहार में एक भी एसईजेड न होने के तथ्य से अवगत कराते हुए स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन विकसित करने का आग्रह किया था। पीयूष गोयल द्वारा पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि विगत 26 एवं 27 जून को नवानगर, बक्सर में प्रस्तावित साइट का निरीक्षण कराया गया है, जिसमें नवानगर क्षेत्र को अनुकूल पाया गया। मंत्री ने खुशी जाहिर करते हुएं कहा कि बिहार में विकास से एक नए औद्योगिक काल का शुभारंभ होगा। देश-विदेश की बड़ी औद्योगिक इकाईयां बिहार में निवेश हेतु आएंगी एवं रोज़गार बढ़ेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि अभी कुछ औपचारिकताएं शेष हैं, जिसमें बियाडा द्वारा भूमि आदि से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराया जाएगा एवं आगे की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बोर्ड ऑफ अप्रूवल के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

**अभी लगा है एथेनॉल प्लांटः** बता दें कि नावानगर में चावल और मक्के की खुद्दी से एथेनॉल निर्माण करने का प्लांट लगा है। भारत प्लस एथेनॉल कंपनी 20 एकड़ भूमि में बनी है। 200 करोड़ की लागत से बनी एथेनॉल कंपनी में प्रतिदिन एक लाख 20 हजार लीटर एथेनॉल उत्पादन होगा। जिसके साथ ही क्षेत्र में चावल और मक्का उत्पादक किसानों की आय बढ़ेगी तो दूसरी ओर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**क्या हैं फायदेः** अर्थशास्त्र के जानकार विजय शंकर चौबे ने बताया कि एसइजेड बनने से राज्य में औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी और निवेश बढ़ेगा। बिहार से होने वाले निर्यात में भी वृद्धि होगा। एसइजेड में लगने वाली इकाइयों को आयकर अधिनियम के तहत निर्यात आय पर पहले 5 वर्षों के लिए 100% आयकर छूट, उसके बाद अगले पांच वर्षों के लिए 50% और अगले पांच वर्षों के लिए निर्यात लाभ का 50% छूट दी जाती है। एसइजेड में लगी इकाइयों को न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) से छूट दी जाती है। वहीं, एसइजेड में लगने वाली इकाइयों को जीएसटी शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है। आयात के लिए लाइसेंस की कोई आवश्यकता नहीं है। विनिर्माण क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, 100% एफडीआइ की अनुमति है।

# पत्नी को डसने वाले सांप को पति ने मार डाला

निज संवाददाता। आरा

♦ स्नेक को देखकर डॉक्टर ने पीड़िता का किया इलाज, घर में बाल्टी के नीचे बैठा था सांप

भोजपुर में शुक्रवार की देर शाम एक विषैले सांप ने महिला को डस लिया। सांप बाल्टी के नीचे बैठा था। महिला ने शोर मचाई तो पीड़िता के पति पहुंचे और सांप को पीट-पीटकर मार डाला। तबतक महिला की स्थिति गंभीर हो चुकी थी। परिजन ने मरे हुए सांप को एक डब्बे में रखा और महिला को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में सांप को देखकर डॉक्टर ने महिला का इलाज किया। महिला नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव निवासी दिलीप पंडित की 50 वर्षीय पत्नी शिवझारो देवी है। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव की है।

**बाल्टी के नीचे बैठा था सांपः** इधर, महिला की गोतनी चंपा देवी ने बताया कि शुक्रवार शाम उन्होंने बाल्टी में चना रखा था। जब बाल्टी को उठा रही थी, तभी विषैले सांप ने उन्हें डस लिया। वो चीखने-चिल्लाने लगी। उनकी आवाज सुनकर उनके पति दिलीप पंडित वहां आए और सांप को खोज कर पहले मार डाला। तब तक उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद सांप को डिब्बे में डालकर उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए।

**महिला की स्थिति गंभीर हैः** ऑन ड्यूटी चिकित्सक सुजीत कुमार ने बताया कि महिला को इलाज के लिए लाया गया। मैंने सांप को देखा है, ज्यादा जहरीला नहीं है। हालांकि महिला की स्थिति गंभीर है। प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

# बिरंटन हत्याकांड में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज

## भाई के बयान पर 23 पर मामला दर्ज, केस सुलह के लिए शूटर से कराई थी किसान की हत्या

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर-बकरी गांव में बिरंटन राम की हत्या और पुलिस के साथ मुठभेड़ को लेकर संबंधित थाना में अलग-अलग दो प्राथमिकी की गई है। हत्या को लेकर मृतक के भाई नीतीश कुमार के बयान पर हुई प्राथमिकी में करीब 23 नामजद समेत अज्ञात को आरोपित किया गया है। मृतक के भाई के बयान पर भारतीय न्याय संहिता और एससी-एसटी अधिनियम के तहत हुई प्राथमिकी में केशापुर- बकरी गांव निवासी हरेन्द्र चौधरी, चंदन चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी, रास नारायण चौधरी, गोपाल चौधरी, संतोष चौधरी, सोनू चौधरी, राम बच्चन चौधरी, शिव बच्चन चौधरी, रामाशंकर चौधरी, विजय चौधरी, रोहित चौधरी, सर्वजीत चौधरी, नीतीश चौधरी, मणिभूषण चौधरी, मुन्ना चौधरी, राम बाबू चौधरी उर्फ दीपक चौधरी, श्याम बाबू चौधरी, गुलशन चौधरी, शिवम चौधरी, गोविंद चौधरी, हरेन्द्र चौधरी की पत्नी माला देवी को नामजद और एक अज्ञात को आरोपित किया गया है।

**पुलिस पर हमला मामले में एक फरार हैः** उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के बयान पर हुई दूसरी प्राथमिकी में पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के अनंतपुरा गांव निवासी सोनू सन्नी उर्फ आलोक बाबा और पटना जिले के पिपलामा थाना के बरखूउदारचक गांव निवासी अमन कुमार शर्मा को नामजद किया गया है। इसमें अमन शर्मा पटना के जटा सिंह गैंग का शूटर बताया जाता है, सुपारी लेकर वारदात को अंजाम देता है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पटना के नौबतपुर थाना के अनंतपुरा निवासी आलोक बाबा नामक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसको पैर में गोली लगी थी। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि, उसका साथी अमन फरार है।

**दोनों प्राथमिकी 25 नामजदः** दोनों प्राथमिकी में 25 नामजद किए गए है। पैक्स अध्यक्ष के अलावा पिता और दो पुत्र भी आरोपित है। पुलिस की ओर से 8 राउंड और अपराधियों की ओर से 15 से 20 राउंड फायरिंग का आरोप है। पुलिस ने पकड़े गए अपराधी की निशानदेही पर एक पिस्टल व खोखा बरामद किया है। मृतक के भाई ने प्राथमिकी में बयान दिया है कि चार जुलाई की दोपहर गांव के सामुदायिक भवन के पास स्थित बगीचा में भाई बिरंटन राम और विकास कुमार के साथ बैठे हुए थे। इतने में उपरोक्त आरोपित जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए आए। नीतीश कुमार, विकास कुमार उर्फ अंकित कुमार लाठी-डंडा और रॉड से मारने लगे।

**पैर, सिर और पेट में गोली लगी थीः** मौके पर बिरंटन का भतीजा विकास चौधरी भी था। जिसने विरोध कियो तो दूसरे पक्ष के गोपाल चौधरी ने पिस्टल के बट से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। आरोप है कि हरेन्द्र चौधरी, गोपाल चौधरी, रामाशंकर चौधरी, विजय चौधरी, शिव बच्चन चौधरी सभी लोग फायरिंग करने लगे। बिरंटन चौधरी के सिर, पैर, पेट व ठेहूना पर गोली लगी थी। उनकी मौत हो गई थी। घटना के कारण में जिक्र किया गया है कि पैक्स अध्यक्ष चंदन चौधरी घटना की सुबह धमकी देकर गया था कि तुम लोगों की जान जाएगी। केस सुलह करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है।

# कुख्यात अपराधी गुड्डू राय गुर्गों के साथ गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में पुलिस ने हथियार के बल पर जमीन पर कब्जा दिलाने के मामले में अन्तर्राज्यीय कुख्यात अपराधी गुड्डू राय को उनके गुर्गे सहित गिरफ्तार कर लिया है। सोनापा गांव में एक जमीन पर चल रहे निर्माण को रोकने और दहशत फैलाने के लिए पहुंचे थे, जिसके लिए इनका मुंह मांगा पैसा मिलने वाला था। हालांकि दहशत फैलाने से पहले इसकी सूचना पुलिस को हो गई। पुलिस दलबल के साथ पहुंची और बोलेरो में भाग रहे 6 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पूछताछ के दौरान इन लोगों द्वारा बताया गया कि ये लोग इंटर स्टेट अपराधी गुड्डू राय के लिए काम करते हैं। तलाशी लेने पर उसके पास दो देसी पिस्टल, चार मैगजीन और 30 जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि घटना राजपुर थाना क्षेत्र के सोनापा गांव की है। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ में कहा गया कि सोनापा गांव निवासी निवेदिता देवी की जमीन पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिनके चचेरे भाई के अनुबंध राय एवं पूरे परिवार के द्वारा अवैध रूप से कब्जा के लिए गुड्डू राय को मुंह मांगा पैसे देने की बात पर डील हुई थी। बोला गया था कि जमीन पर काम को रोक दें और इतनी दहशत फैलाएं कि उस जमीन पर मेरे अलावा कोई नहीं जा पाए। इस काम के बदले मुंह मांगा पैसा दूंगा। इसी काम को लेकर आज गुड्डू राय उर्फ धनंजय राय ने हम लोगों को हथियार गोली और गाड़ी उपलब्ध करवाये थे। अनुबंध राय उर्फ टुनटुन राय के साथ जाकर काम रोकने को बोला गया था। हालांकि पुलिस मामले में पहले से लगी हुई थी। सोनपा के मोड़ के पास सफेद बोलेरो जा रहे छह अपराधियों को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गुड्डू राय का बॉडीगार्ड जौनपुर निवासी बिपिन राय ,बिहटा निवासी अभिषेक कुमार, पीटाढी गांव के निवासी राजेश कुमार उर्फ तुलसी, अतरवाना निवासी रजनीश कुमार सिंह, सोनपा निवासी अनुबंध राय उर्फ टुनटुन राय,अवनीश राम पिता कमलेश राय और गुड्डू राय को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## 26 लोगों के बीच एक करोड़ चौदह लाख का वितरण

**बक्सर।** बक्सर जिले के चौसा में निर्माणाधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पावर के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में लगने वाले दो दिवसीय विशेष कैंप का आज आखरी दिन था। कोर्ट कैंप सुबह 11 बजे शुरू हुआ जो कि शाम 8 बजे तक चला। दूसरे दिन भी किसना अपनी जमीन संबंधित कागजात लेकर विशेष शिविर में पहुंचे। जहां पहले दिन की अपेक्षा मुआवजा लेने वाले किसानों की संख्या अधिक दिखी। शुक्रवार की देर शाम तक कुल 26 लोगों को अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिया गया। जिनके बीच कुल एक करोड़ चौदह लाख बतीस हजार तीन सौ नौ रुपयों का वितरण किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद
Email:-nphussainabad@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा निकाली गयी निविदा UDHD/NPH/07/2023-24,PR No–320668 को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 328845 District(24-25).D

Skill India

झारखण्ड–सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा।

Apprenticeship Special Drive के संबंध में सूचना

जिला नियोजन कार्यालय,गढ़वा द्वारा निदेशालय पत्रांक–1094 दिनांक–05.07.2024 के आलोक में आर0के0वी0एस0 संस्थान, सोनपुरवा, **गढ़वा में दिनांक–08.07.2024 (दिन–सोमवार)** को **Apprenticeship Special Drive** 11:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान / उपक्रमों में तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0 / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in** पर **On The Spot** पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा, साथ ही चयनोपरान्त संबंधित एजेंसी / कम्पनी द्वारा मासिक वृत्ति (Stipend) के अतिरिक्त NAPS योजनान्तर्गत अभ्यार्थियों को प्रतिमाह 1500 / –रु तक की राशि दी जाती है।

उक्त **Apprenticeship Special Drive** में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी शिक्षित / प्रशिक्षित अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः– **Apprenticeship Special Drive** की विस्तृत जानकारी हेतु **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा** एवं जिला **नियोजन कार्यालय, गढ़वा** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 328857 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद
Email:-nphussainabad@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा निकाली गयी निविदा UDHD/NPH/06/2023-24,PR No– 319698 को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR 328846 District(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल चोर गैंग का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर।** मोबाइल चोरी गिरोह के तीसरे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी मो. जफर तातारपुर के आमीर हसन लेन का रहने वाला है। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है। बता दें कि बीते गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपी पंखाटोली निवासी मो. सद्दाम व नाथनगर निवासी मो. गुलफराज अंसारी को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से दो चोरी का दो मोबाइल बरामद हुआ था। उसी की निशानदेही पर तीसरे आरोपी मो. जफर को पकड़ गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का मोबाइल चोरी करता था।

### अंखफोड़वा कांड के पीड़ित की हार्ट अटैक से मौत

**भागलपुर।** भागलपुर का चर्चित अंखफोड़वा कांड फिर चर्चा में है। क्योंकि इस कांड के पीड़ित एक वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बरारी के कुप्पा घाट निवासी मृतक उमेश यादव (60) ने शुक्रवार को निजी क्लीनिक में दम तोड़ दिया। परिजनों ने बरारी घाट पर उमेश यादव का अंतिम संस्कार किया। मृतक उमेश के बेटे निभाष यादव ने बताया कि बीते तीन दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। उनके सीने में तेज दर्द की शिकायत पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन शुक्रवार उन्होंने दम तोड़ दिया। अंखफोड़वा कांड के बाद से वह बिल्कुल शिथिल पड़ गए थे। आंख की रोशनी जाने के बाद से उनकी देखभाल परिजन ही कर रहे थे। बता दें कि मामला प्रकाश में आने पर पीड़ितों को सरकार की तरह से हर माह पेंशन दिया जाता था। उमेश यादव का फाइल फोटो। कोतवाली थाने में उमेश से हुई थी ज्यादती पूर्व में उमेश नें चैनल पर इंटरव्यू आपबीती सुनाई थी। उन्होंने बताया था कि पुलिस मुझे पकड़ कर कोतवाली थाने ले गई थी। जहां मेरी दोनों आंखों में प्योर तेजाब डाल कर अंधा कर दिया। बाद में उन्हें भागलपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। वहां के जेल सुपरिटेंडेंट दास ने उनका बयान लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील हिंगोरानी को भिजवाया था। उनके प्रयासों से ही पेंशन सुविधा मिलने लगी। वहीं, इस कांड के अन्य पीड़ित भोला यादव ने बताया था कि पुलिस ने पहले मेरी आंखों को टकवा से छेदा और फिर उसमें तेज़ाब डाल दिया।

### मानिक सरकार घाट सड़क निर्माण में अब बारिश बहाना

**भागलपुर।** मानिक सरकार घाट रोड के पास धंसी सड़क निर्माण के लिए अब एजेंसी गंगा के जलस्तर को बहाना बना रही है। पहले टेंडर, फिर करार व बाद प्रोसिडिंग की कॉपी नहीं मिलने के नाम पर काम को लटकाया। शुक्रवार को इलाके के लोग नगर निगम कार्यालय नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे थे, पर उनके नहीं रहने पर लौट गए। मानिक सरकार निवासी शिव कुमार, राजीव कुमार, रूप कुमार, सोनी कुमारी, रंजना कुमारी समेत इंजीनियर रवि, सिद्धार्थ व अन्य का कहना है कि अगर सड़क नहीं बनी तो इस इलाके में दिक्कत होगी। निगम के योजना शाखा प्रभारी मो. रेहान ने बताया कि अब दिक्कत नहीं है। अवरोध खत्म हो गए हैं। एजेंसी से कहा गया है कि वहां काम करवाइए। बाढ़ का पानी ज्यादा आएगा तो दिक्कत हो सकती है।

### विधवा के 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रायोजन राशि 4 हजार प्रतिमाह मिलेगा

**मुंगेर।** समाज कल्याण विभाग की जिला बाल इकाई मुंगेर इकाई की ओर से स्पॉन्सरशिप यानी प्रायोजन योजना चलायी गई है। इस योजना के अंतर्गत विधवा के बच्चों को जो 18 वर्ष से कम उम्र के उन्हें प्रतिमाह इस योजना के तहत 4000 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। इस योजना के क्रियान्वयन व प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रायोजन कार्यक्रम के लिए जिलांतर्गत पात्र लाभुकों की संख्या बढ़ाने के लिए जिला के विधवा पेंशनधारियों के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रखंड स्तर पर सर्वे करते हुए कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। बता दें कि जिले में करीब 18000 विधवा पेंशनधारी हैं, जिसमें से मात्र फिलहाल 111 परिवार के बच्चों को ही लाभ मिल पा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अनिमेष कुमार चंद्र ने बताया कि प्रायोजन योजना के लाभ लेने के लिए बच्चों के आय प्रमाण-पत्र जो ग्रामीण हैं, उसे 72 हजार और शहरी के लिए 96 हजार का बनाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि जो बीपीएल परिवार सूची में नाम दर्ज है, उसके लिए आय प्रमाण-पत्र बनाने की कोई जरूरत नहीं है। इसके अलावा पिता की मृत्यु प्रमाण-पत्र, लाभार्थी बालक-बालिका का जन्म प्रमाण-पत्र, आवेदक का लाभार्थी बालक-बालिका के साथ सम्मिलित फोटो, आवेदक का लाभार्थी बालक-बालिका के साथ संयुक्त बचत खाता और आधार कार्ड की कॉपी लगाना होगा।

### सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सफाईकर्मियों की बहाली को 10-10 हजार रुपए लिए, रजिस्टर जब्त

**भागलपुर।** सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में अभी मरीजों का इलाज शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन नौकरी के नाम पर वसूली का खेल शुरू हो गया है। तीन दिन पूर्व हॉस्पिटल में सफाईकर्मियों की बहाली को लेकर कैंप लगाकर 200 रुपए आवेदन शुल्क व 10 हजार रुपए सिक्यूरिटी मनी के नाम पर वसूल किए जा रहे थे। यह राशि नन रिफंडेबल बताकर ली जा रही थी। इसके लिए बाकायदा हरिओम इंटरप्राइजेज की ओर से 28 जून को नोटिस चस्पा किया गया था। जिसमें नियम व शर्तों की जानकारी दी गई थी। इसकी सूचना जब नोडल अधिकारी डॉ. महेश कुमार को मिली तो वह टीम के साथ शुक्रवार को वहां पहुंचे और रजिस्टर को जब्त कर लिया। इससे खुलासा हुआ है कि 20 से ज्यादा आवेदकों से 10-10 हजार रुपए वसूले गए हैं। अब टीम ने जब्त रजिस्टर को अधीक्षक को सौंप दिया है। इस मामले को लेकर शनिवार को निर्णय लिया जाएगा। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि दैनिक भास्कर इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि मौके पर करीब 150 से ज्यादा महिला व पुरुष आवेदक पहुंचे थे। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने पर सुरक्षा गार्डों ने भी नहीं रोका। जबकि आम दिनों में भीड़ होने पर गार्ड एंट्री पर रोक लगा देते हैं। इससे आशंका है कि गार्ड की तैनाती वाली एजेंसी की इस मामले में मिलीभगत थी। बीते मार्च में भी इसी तरह यहां वैकेंसी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया था। ड्रेस के लिए भी हुई थी नकदी की वसूली एजेंसी संचालक संजीव सिंह का कहना है कि पिछली बार जो काम नहीं जानते थे। उन्हें हटाना मुश्किल था। इसलिए इस बार सफाई का डंडा पकड़ने आता है या नहीं आदि जांच के लिए कैंप लगाया गया था। सिक्यूरिटी मनी का प्रावधान इसलिए रखा था छंटनी में आसानी होगी। इसमें 5 हजार रुपए का ड्रेस, जूता, आईकार्ड व नौकरी से हटाने पर रुपए वापस करने की बात है। आज इस मामले की जांच की जाएगी अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि हमारे पास सूचना आई थी कि एजेंसी वहां पैसे लेकर लोगों को काम पर रख रही है। शनिवार को जांच करने के बाद बताएंगे। प्राचार्य डॉ. उदय नारायण सिंह ने बताया कि किसी भी एजेंसी को अपने स्टाफ को काम पर रखना है तो वह अपने दफ्तर में बहाल करेगी। हमारे यहां नहीं कर सकती, गलत है।

## हवेली खड़गपुर नगर परिषद में बोर्ड की बैठक

# मुंगेर के सौंदरीकरण का उठा मुद्दा, CCTV कैमरा लगाने पर हुई चर्चा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर नगर परिषद हवेली खड़गपुर सभागार में सामान्य बोर्ड की बैठक संपन्न हो गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद प्रभु शंकर ने की, तो संचालन कार्यपालक पदाधिकारी विशाल मोहन ने किया। मौके पर उप मुख्य पार्षद, विद्युत विभाग व पीएचईडी विभाग के कर्मी समेत सभी वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में वार्ड सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा, जिस पर चर्चा की गई। वहीं, वार्ड संख्या 25 मुलुक टांड में कवर वायर में कई जगह बिजली की आपूर्ति नहीं किए जाने का भी मामला उठाया गया। वार्ड संख्या एक के वार्ड पार्षद श्यामसुंदर दास ने बताया कि बनबरसा में महादलित टोले के बीच रास्ते पर ही विद्युत विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर लगा दी गई है।

**वार्डों में सुचारु रूप से पेयजल की आपूर्ति रखने की मांगः** इससे आने-जाने में लोगों को परेशानी होती है। वहीं, बैठक में सीसीटीवी कैमरा लगाने, सभी वार्डों में सुचारु रूप से पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध कराने,पूर्व की ली गई 27 नाली गली पक्कीकरण योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर टेंडर के माध्यम से जल्द कार्य प्रारंभ करने की वार्ड सदस्यों ने मांगे रखी। बरसात के दिनों में कई जगह गड्ढे की भराई किए जाने की मांग की गई। नगर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, कार्यालय कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी व वर्षा के दिनों मे मुख्य बाजार कीचड़मय होने भी मुद्दा चर्चा का विषय बना। मौके पर उप मुख्य पार्षद दीपक यादव लक्ष्मी देवी विद्युत विभाग प्रतिनिधि शमशेर आलम एचडी कन्या अभियंता विपिन कुमार समेत सभी वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आई दो युवती

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत रंगरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी आरती कुमारी (15) की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से झुलस गई। झुलसी युवती को इलाज के लिए रंगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दोनों कलबलिया धार से मूंग की फसल तोड़कर लौट रही थीं। दोनों जैसे ही रंगरा गांव के चैती दुर्गा मंदिर के पास पहुंची, अचानक बारिश शुरू हो गयी। इस दौरान बिजली कड़की और दोनों के पास ही आ गिरी। दोनों लड़कियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से झुलस गई।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** बताया जाता है कि आकाशीय बिजली गिरने से जिस लड़की की मौत हो गयी वो रंगरा गांव में अपनी मौसी के घर 15 दिनों पहले ही आई थी। जानकारी के मुताबिक घर के बाकी लोग आम खरीदने के लिए बगीचे में गए थे और लड़की मूंग की फसल तोड़ने के लिए खेत में गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची रंगरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतका के परिजन हरिकिशोर कुमार सुमन ने कहा कि ठनका गिरने से मौत हुई है। मृतका का नाम आरती कुमारी है। फूफा के यहां गई थी मृतका 5 बहन 2 भाई है। मृतका के पिता विपिन मंडल मजदूरी करते है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## जीबीएम कॉलेज की पीयर एजुकेटर्स अन्या और हर्षिता मिश्रा करेंगी छात्राओं को जागरूक

**गया।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की छात्रा एवं सेहत केन्द्र की पीयर एजुकेटर्स अन्या एवं हर्षिता मिश्रा ने राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा आइआइटी पटना में आयोजित 14 जून से 15 जून, 2024 तक चलने वाले दो-दिवसीय राज्य-स्तरीय 'रिव्यू ऐंड प्लानिंग वर्कशॉप' में भाग लिया। कार्यशाला में दोनों ने एचआईवी एड्स, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, लैंगिक असमानता, जनसंख्या नियंत्रण, साइबर अपराध, प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव, सामाजीकरण इत्यादि विषयों पर जानकारी प्राप्त की। छात्राओं के साथ बतौर संरक्षक कार्यशाला में शामिल सेहत केन्द्र की नोडल ऑफिसर गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी ने पीपीटी के माध्यम से जीबीएम कॉलेज में सेहत केन्द्र के द्वारा अब तक किये गये कार्यों की विवरणी प्रस्तुत की। कार्यशाला में प्रशंसनीय प्रतिभागिता एवं पीपीटी प्रस्तुतीकरण हेतु एनओ सहित दोनों पीयर एजुकेटर्स को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि सेहत केन्द्र के लिए चयनित पीयर एजुकेटर्स अन्या और हर्षिता मिश्रा कार्यशाला में परिचर्चित एड्स से सुरक्षा, लैंगिक असमानता, जनसंख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य संवर्द्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कॉलेज की अन्य छात्राओं एवं समाज के लोगों को जागरूक करेंगी। कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे मांझी, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रुखसाना परवीन, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ रूही खातून, नीरज कुमार ने भी अन्या, हर्षिता एवं डॉ प्रियंका को इस प्रशंसनीय प्रतिभागिता हेतु शुभकामनाएं दीं। ज्ञातव्य है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा जीबीएम कॉलेज में सेहत केन्द्र का संचालन दिनांक 14 जुलाई, 2023 से जारी है।

## राजस्व कर्मचारी-सरकारी अमीन पर ग्रामीणों ने किया हमला

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में हवेली खड़गपुर प्रखंड के धपड़ी गांव स्थित राजा राम सिंह हरी स्कूल की जमीन को घोड़ा खुड़ के समीप ग्रामीणों ने कई सालों से अतिक्रमण किया हुआ है। वहीं, स्कूल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर वरीय अधिकारी के निर्देश पर खड़गपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी ओमप्रकश कुमार, दो सरकारी अमीन मंयक कुमार, विमेलश कुमार और एक प्राइवेट अमीन के साथ बाइक से स्कूल के जमीन की नापी करने के लिए गांव पहुंचे थे। स्कूल का नापी करने के दौरान बाइक से आ रहे दो ग्रामीणों ने सरकारी अमीन बिमलेश कुमार को बाइक सटा दी।

## नाले से गाद निकाल बाहर छोड़ा, फिर नाले में गए

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में पिछले चार दिनों के बारिश ने नगर निगम की सिस्टम का पोल खोल रख दिया है शहर के कई गलियों में घुटने भर पानी जमा हुआ है। नगर निगम प्रशासन की ओर से नाले से गाद तो निकाली गई लेकिन गाद को समय रहते नाले के किनारे से नहीं हटाया गया। जिसके कारण पूरे शहर में गंदगी फैली हुई है। जल जमाव के बाद अब लोगों को बीमारी होने की डर सता रहा है। इस बीच सुबह से शाम तक आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोग अब बेगर काम के घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। शहर की सड़क नदियों में तब्दील हो गया है। कहीं कमर भर तो कहीं घुटने भर पानी जमा हुआ है। कई गंभीर बीमारियों का खतरा है। सबसे ज्यादा गुरुद्वारा रोड में पानी भर जाने से आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस इलाके में पानी का जल जमाव है। वहां दर्जनों प्राइवेट और सरकारी स्कूल है, उसी रास्ते बच्चे आते- जाते हैं लेकिन नगर निगम प्रशासन ने दावा किया था कि शहर में नाला का उड़ाही का कार्य 100% पूरा किया गया है। या दवा धरातल स्तर पर फेल नजर आ रही है।

**इलाकों में होती है जलजमावः** शहर के भीखनपुर, आनंदबाग, बढ़ई टोला, लालूचक, इशाकचक, मिरजानहाट, शीतला स्थान चौक, सिकंदपुर नगर निगम का जोनल कार्यालय, बाल्टी कारखाना चौक, वारसलीगंज, कुतुबगंज, छटपटी पोखर रोड, हुसैनाबाद, अलीगंज रोड, लोहिया पुल के पास, मुंदीचक, गढ़या दुर्गा मंदिर रोड मिनी मार्केट के पास, लोहापट्टी, कलाली गली, सूतापट्टी, बरारी श्मशान घाट के पास, परबत्ती, साहेबगंज, विश्वविद्यालय छात्रावास के पास, नाथनगर अनाथालाय रोड, चंपानगर गढ़कछारी रोड, अबीर मिश्रा लेन, सरदारपुर रोड चंपानगर, नाथनगर थाना परिसर, कौआकोली रोड, खंजरपुर व अन्य इलाके में जल जमाव रहता है। **क्या बोले राहगीरः** स्थानीय प्रदीप सिंह ने बताया कि नल का सफाई नहीं होने के वजह से यहां जल जमाव होता है। थोड़ी बारिश होने पर ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। खासकर सुबह बच्चों को स्कूल पहुंचाने और शाम में लाने के समय परेशानियां होती है। छोटे-छोटे बच्चे स्कूल पढ़ने के लिए जाते हैं।


## रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ

पूर्व रेलवे
56, सी. आर. एवेन्यू, कोलकाता-700012, वेबसाइट: www.rrcer.org

वर्ष 2024-25 के लिए सांस्कृतिक कोटा के तहत भर्ती

**सांकेतिक विज्ञप्ति**

**पूर्व रेलवे में वर्ष 2024-25 के लिए सांस्कृतिक कोटा** के तहत **ग्रुप 'सी' श्रेणी/पे लेवल-2 में दो (02) पदों** के लिए रिक्त स्थानों को भरने हेतु नीचे उल्लेखित पात्रता के मानदंड के अनुसार पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **सांस्कृतिक योग्यता नहीं रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।** विवरण नीचे उल्लेखित हैः

अनुसूची :

| | |
|---|---|
| (i) | **ऑनलाइन आवेदन खुलने की तारीख एवं समयः 12.07.2024 को सुबह 10.00 बजे।** |
| (ii) | **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख एवं समयः 11.08.2024 को शाम 06.00 बजे।** |

भरे जाने वाले पदों का विवरणः

| पद | वेतनमान | परिक्षेत्र | पद की सं. | आवश्यक योग्यता (न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं सांस्कृतिक योग्यता) |
|---|---|---|---|---|
| ग्रुप 'सी' (उपयुक्त पद में) | 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स में लेवल-2 जीपी रु. 1900 | 1. शास्त्रीय गायन (पुरुष) | 01 | 1. सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षा परिषद से न्यूनतम कुल 50% अंकों के साथ बारहवीं अथवा उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए। एससी/एसटी/ईएसएम एवं पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों तथा यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उच्चतर योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों के मामले में 50% अंक का मानदंड अनिवार्य नहीं है। **अथवा** मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण साथ में 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स के लेवल 2 में तकनीकी ग्रेड-III के लिए एनसीवीटी द्वारा अनुमोदित एक्ट अप्रेंटिसशिप/आईटीआई। (वैकल्पिक उच्चतर योग्यता के रूप में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पर विचार नहीं किया जाएगा)। |
| | | 2. वाद्ययंत्र (वायलिन) | 01 | 2. सिर्फ सरकारी अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित परिक्षेत्र में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम |

पात्रता के मानदंडों, शैक्षणिक योग्यता एवं सांस्कृतिक योग्यता, चिकित्सा मानक, परीक्षा शुल्कों, अन्य पात्रता तथा भर्ती की प्रक्रिया के लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को ऊपर उल्लेखित भर्ती हेतु रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व रेलवे/कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइटः **www.rrcer.org** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञप्ति देखने का निर्देश दिया जाता है।

**ऑनलाइन** आवेदन जमा करने के लिए लिंक आरआरसी-ईआर की वेबसाइटः **www.rrcer.org** पर उपलब्ध है।

**सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती**
**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व रेलवे, कोलकाता**

**पूर्व रेलवे**

## रेलवे रिक्रुटमेंट सेल

पूर्व रेलवे
56, सी. आर. एवेन्यू, कोलकाता – 700012, वेबसाइटः www.rrcer.org

वर्ष 2024–2025 के लिए स्काउट्स और गाइड्स कोटा के तहत भर्ती

**सांकेतिक अधिसूचना**

**अधिसूचना सं.: आरआरसी/ईआर/स्काउट्स एंड गाइड्स कोटा/2024–2025 (ओपन एडवर्टिजमेंट)**

पूर्व रेलवे, चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) और मेट्रो रेलवे के वर्ष 2024–2025 के लिए स्काउट्स और गाइड्स कोटा के तहत लेवल–2 (ग्रुप 'सी') कैटेगरी में पाँच (05) पदों के लिए और लेवल–1 (पूर्व के ग्रुप 'डी') कैटेगरी में दस (10) पदों के लिए रिक्त स्थानों को भरने हेतु नीचे दिए गए मानदंडों के अनुसार पात्र आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **आवेदकों जिनके पास स्काउट्स एवं गाइड्स योग्यता नहीं है, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।** विवरण निम्नानुसार है:

1.0 i) **ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि और समयः 10.07.2024 को 10.00 बजे।**
ii) **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समयः 09.08.2024 को 18.00 बजे।**

2.0 **भरे जाने वाले पदों का विवरणः**

| पूर्व रेलवे (पूर्व रेलवे की किसी भी यूनिट में तैनाती हो सकती है), सीएलडब्ल्यू और मेट्रो रेलवे में | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | कैटेगरी | 7वें सीपीसी में लेवल | जीपी रु. | पूर्व रेलवे में पदों की संख्या | सीएलडब्ल्यू में पदों की संख्या | मेट्रो रेलवे में पदों की संख्या | कुल रिक्त स्थानों की संख्या |
| 1. | लेवल–2 (ग्रुप 'सी') | 2 | 1900/- | 2 | 1 | 2 | 05 |
| 2. | लेवल–1 (पूर्व का ग्रुप 'डी') | 1 | 1800/- | 8 | 2 | शून्य | 10 |

3.0 आवेदक पे लेवल–1 (पूर्व का ग्रुप 'डी') या पे लेवल–2 (ग्रुप 'सी') (7वें सीपीसी) या "दोनों" के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों कैटेगरी के लिए आवेदन करने के इच्छुक आवेदक प्रत्येक कैटेगरी के लिए ऑनलाइन फॉर्म पृथक रूप से भरें। परीक्षा शुल्क, जैसा लागू हो, का भुगतान दोनों कैटेगरी के लिए पृथक रूप से किया जाएगा।

पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता, स्काउट्स एवं गाइड्स योग्यता, चिकित्सा मानक, परीक्षा शुल्क, अन्य मानदंड और भर्ती प्रक्रिया के लिए, इच्छुक पात्र आवेदकों को निर्देश दिया जाता है कि वे उपर्युक्त भर्ती के लिए विस्तृत अधिसूचना देखें, जो रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे/कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइटः **www.rrcer.org** पर उपलब्ध है। आवेदन ऑनलाइन जमा करने का लिंक **RRC-ER/KOL** की वेबसाइटः **www.rrcer.org** के आधिकारिक नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगा।

**सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती,**
**रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे/कोलकाता**

**पूर्व रेलवे**

## संक्षिप्त समाचार

### बिरौल अनुमंडल का मना स्थापना दिवस

**दरभंगा/बिरौल, एजेंसी।** अनुमंडल मुख्यालय में शुक्रवार को नए भवन में पहली बार अनुमंडल का 32वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुमंडल प्रशासन की ओर से केक काट कर किया गया। वहीं पौधरोपण कर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामना देकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ उमेश कुमार भारती ने की। कार्यक्रम में उपस्थित अनुमंडल के सभी प्रखंड के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों ने अनुमंडल स्थापना दिवस के अवसर पर फलदार एव छायादार 200 पौधे अपने हाथों से लगाये। मौके पर अध्यक्षीय उद्बोधन में एसडीओ ने प्रशासनिक स्तर के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि सेवा करने में कोई समय सीमा नहीं होता। नौकरी पेशा का मूलमंत्र सेवा करना है। इसमें निहायत अतिपिछड़ा क्षेत्र में मौका मिलना सौभाग्य की बात है। उसमें भी जरूरतमंद व गरीबों को सेवा करने से सकून मिलता है। एसडीपीओ मनीष चंद चौधरी ने क्षेत्र के विकास में तेजी लाने पर चर्चा करते हुए कहा कि बिरौल का विकास जिस गति से हो रहा है, आने वाला समय में निश्चित रूप से जिला बनेगा। यह जिला बनने का सभी अहर्ता पूरा करता है। कार्यक्रम का संचालन पप्पू नायक कर रहे थे।

### सैदनगर व लोहिया चौक से हटाया अतिक्रमण

**दरभंगा/लहेरियासराय, एजेंसी।** शुक्रवार को नगर निगम का बुलडोजर सैदनगर और लोहिया चौक पर अतिक्रमण पर चला। लोहिया चौक से सैदनागर विश्वकर्मा मंदिर तक सड़क किनारे से दर्जनों दुकानें हटाई गईं। इलाके को जाम से निजात दिलाने को लेकर नगर निगम की धावा दल और यातायात थाना की पुलिस ने कारवाई की। वहीं अतिक्रमणकारियों से जुर्माना के रूप में आठ हजार से अधिक राशि वसूली गई। कई अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया गया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान धावा दल को विरोध का सामना भी करना पड़ा। स्थानीय दुकानदार प्रकाश सहनी ने बताया की नगर निगम बैगर कोई वैकल्पिक व्यवस्था के ही अतिक्रमण खाली करवाने लगा है। निगम हम लोगो के लिए लहेरियासराय गुदरी बाजार स्थित मछली मंडी को व्यवस्थित कर दे तो मछली दुकानदार सड़क किनारे दुकान नहीं लगाएंगे। धावादल प्रभारी राजा राम ने बताया की नगर निगम और यातायात थाना संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करवाने में जुटा है। वहीं नगर प्रबंधक रवि अमरनाथ ने बताया की अतिक्रमण खाली करवाने से पूर्व लगातार माइकिंग के माध्यम से अतिक्रमण करियो को सूचित किया जाता है।

### संस्कृत को हमेशा व्यवहार में लाने का हो प्रयास : वीसी

**दरभंगा, एजेंसी।** संस्कृत विश्वविद्यालय में कर्मचारियों के लिए आयोजित दस दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण सह सम्भाषण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। दरबार हॉल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि सिर्फ कुछ दिनों के प्रशिक्षण से काम चलने वाला नहीं है। इसे हमेशा व्यवहार में लाने का प्रयास होना चाहिए। कुलपति प्रो. पांडेय ने कहा कि निरन्तर बोलचाल से संस्कृत विल्कुल ही आसान लगने लगेगी। इसके अलावा रोज संस्कृत में लिखने व पढ़ने की आदत डालनी होगी। पीआरओ निशिकान्त ने बताया कि कर्मचारियों के लिए दूसरे सत्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जून को दरबार हॉल में शुरू हुआ था। प्रोवीसी प्रो. सिद्धर्थ शंकर सिंह के पर्यवेक्षण में शिविर आयोजित हुआ था। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रभारी स्नातकोत्तर धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार झा, प्रशिक्षक डॉ. अमित कुमार, कुलसचिव प्रो. ब्रजेशपति त्रिपाठी सहित कई अधिकारी, शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे। बता दें कि इससे पूर्व पूर्व भी सात से 16 जून तक सम्भाषण शिविर का आयोजन हो चुका है।

# पटना में धंसी सड़क, समस्तीपुर में रोड झील में तब्दील

## बिहार के 32 जिलों में बारिश का अलर्ट, आकाशीय बिजली से 17 की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 32 जिलों में आज बारिश की संभावना है। राजधानी पटना, आरा और मधुबनी में शनिवार सुबह ही तेज बारिश हो रही है। कई शहरों में बादल छाए हैं। वहीं किशनगंज में भारी बारिश हो सकती है। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में पटना और गया में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 11 जुलाई तक मानसून के एक्टिव रहने का पूर्वानुमान है। पटना में शनिवार सुबह बारिश के बीच गांधी मैदान के गेट नंबर 8 के पास की सड़क धंस गई है। बेगूसराय में स्कूल में पानी भर गया है। बच्चे बड़ी मुश्किल से स्कूल पहुंच रहे हैं। वहीं समस्तीपुर में रात भर हुई बारिश के बाद सड़कें झील में तब्दील हो गई हैं। ? वहीं शुक्रवार को आकाशीय बिजली से जहानाबाद, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय और भागलपुर में 17 लोगों की मौत हुई है। जबकि कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा-गंडक समेत कई नदियां उफान पर हैं।

### अगले 48 घंटों में पटना, गया में हो सकती है भारी बारिश

बिहार से एक ट्रफ लाइन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के ऊपर से गुजर रही है। साथ ही पश्चिमी झारखंड के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस कारण पटना समेत लगभग पूरे बिहार में शुक्रवार को बारिश हुई। इस दौरान कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश होगी। अगले 48 घंटे में पटना और गया में एक-दो जगहों और पश्चिमी-पूर्वी चंपारण, इससे सटे जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है।

### गंगा के जलस्तर में लगातार हो रहा है इजाफा

बिहार में मानसून के सक्रिय होते ही गंगा के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। पटना के गांधी घाट केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, जलस्तर में प्रति घंटे 4 से 5 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं, नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है। बिहार की पांच नदियां लाल निशान के ऊपर बह रही हैं। इनमें बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान नदी शामिल हैं।

### क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक

बिहार के लगभग सभी जिलों में कहीं भारी तो कहीं रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव के अनुसार, समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर और 3. 6 किलोमीटर नीचे एक तरफ रेखा दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने का पूर्वानुमान है।

### 24 घंटे में आकाशीय बिजली से 17 लोगों की मौत

भागलपुर में शुक्रवार को रंगरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से आरती कुमारी (15) की मौत हो गई और एक लड़की गंभीर रूप से झुलस गई। दोनों कलबलिया धार से मूंग की फसल तोड़कर लौट रही थीं। बेगूसराय में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि, रात में भी एक छात्रा की मौत बिजली गिरने से हो गई थी। जहानाबाद में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हुई है। गया के बेला थाना क्षेत्र के सलेलपुर गांव निवासी व्यवसायी बलम यादव मखदुमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गंगा बिगहा में नेवारी खरीदने आया था। वो नेवारी को गाड़ी पर लोड करवा रहा था कि अचानक बिजली गिरी। जिसमें उसके साथ 2 ग्रामीणों भूषण और प्रमोद की भी मौत हो गई। वैशाली में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिला की मौत हुई है। मृतकों की पहचान पातेपुर थाना क्षेत्र के नीरपुर कुशाहि गांव निवासी रीता देवी और दूसरी गौरौल थाना क्षेत्र के विशुनपुर अररा पंचायत निवासी लालो देवी के रूप में हुई है। नालंदा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से शुक्रवार को दो भाइयों की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सकरी गांव का है। मृतकों की पहचान सकरी गांव निवासी राजेंद्र महतो के बेटे विरजु प्रसाद (49) और विनोद महतो (45) के रूप में की गई है। रोहतास में एक, सुपौल में एक, मधेपुरा-सहरसा में दो-दो लोगों की मौत हो गई।

# ट्रैक्टर से विदेशी शराब और बीयर बरामद ट्रैक्टर में बने तहखाने से मिली खेप

## तस्करी की सूचना पर पुलिस कर रही थी वाहन जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के करजा थाना क्षेत्र के मड़वन सेंट्रल बैंक के समीप एनएच-722 से करजा पुलिस ने छापेमारी कर ट्रैक्टर में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर बरामद किया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान छपरा जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव निवासी मिट्ठू राय के रूप में हुई। बताया गया कि करजा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि छपरा जिले से शराब की एक खेप मुजफ्फरपुर की तरफ विक्री के लिए ले जाई जा रही है। इसके बाद थाना अध्यक्ष सुनील कुमार यादव और एंटी लीकर प्रभारी कृष्णकांत मिश्रा के नेतृत्व में करजा पुलिस की टीम ने मड़वन चौक के समीप नाकेबंदी कर विभिन्न गाड़ियों की जांच शुरू कर दी। लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद करजा पुलिस को एक खाली ट्रैक्टर पर शक हुआ।

### विभिन्न ब्रांड की शराब बरामद

ट्रैक्टर को रोक चालक से पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ट्रैक्टर की जांच-पड़ताल की गई। जहां ट्रैक्टर के ढाला के नीचे बने तहखाना से रॉयल स्टैग ब्रांड का 750 एमएल की एक

दर्जन शराब की बोतल, किंगफिशर ब्रांड का 6 कार्टन बियर, 8 पीएम का 10 कार्टन 180 एमएल फरूटी पैक और 600 से अधिक खुला हुआ 180 एमएल 8 पीएम फरूटी पैक बरामद किया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टर के तहखाना से शराब बरामद की गई है। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बेतिया में सरकारी स्कूल परिसर की मिट्टी की होगी जांच

#### पोषण वाटिका का होगा निर्माण, हर स्कूल का बनेगा मृदा स्वास्थ्य कार्ड

**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण जिले के सरकारी स्कूल परिसर की मिट्टी की जांच की जाएगी। इसकी जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय को दी गई है। जांच कृषि विभाग की ओर से कराई जाएगी। इस बाबत मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय ने विभाग के निदेशक को पत्र लिखा है। मिट्टी की जांच के बाद पोषण वाटिका का निर्माण होगा। साथ ही हर स्कूल का मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी बनेगा। इसी कार्ड के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में अंकुरण परियोजना के अंतर्गत पोषण वाटिका का निर्माण किया जाना है। इसके पहले मिट्टी की जांच की होगी। इसके बाद पोषण के अनुसार जैविक खेती की जाएगी। मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय के अनुसार पोषण वाटिका के विस्तार के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें पोषण वाटिका के निर्माण एवं संचालन के लिए योजना बनाई गई। पोषण वाटिका के लिए मिट्टी की जांच करने के पीछे छात्र और छात्राओं के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य में सुधार करना मकसद है।

### बिजली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

#### अचानक ठनका गिरने से गई जान

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में जहां एक तरफ बारिश होने से किसान के चेहरे खिल गए हैं। वहीं, दूसरी तरफ आसमानी बिजली की चपटे में आने से एक किसान की खेत में ही मौत हो गई है। घटना पताही थाना क्षेत्र के बोकाने काला पंचायत के चामुंटोला गांव की है। किसान की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पहचान चमुटोला निवासी महादेव राय का बेटा अरविंद राय( 40 ) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है मृतक अरविंद राय अपने खेत पर मेडबंदी का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरा जिसकी चोट में वह आ गया। उनकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद कुछ लोगों ने देखा की एक किसान मृत अवस्था में पड़ा देखा। यह देखकर उन लोगों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किसान को जिंदा समझ पताही के सीएससी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा :** पताही के प्रभारी थानाध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल :** जैसे ही किसान अरविंद की मौत की खबर उसके पत्नी मीना देवी अपने तीनों बच्चों को लगी। वैसे ही भागे-भागे पताही के सीएससी अस्पताल पहुंची। जहां पर उन्हें यह जानकारी हुई की उसकी पति की मौत हो गई है। इसके बाद वह अस्पताल परिसर में ही रोने लगी।

# किशनगंज में शिक्षा विभाग के संवेदकों पर कसी जाएगी नकेल

**किशनगंज, एजेंसी।** शिक्षा के साथ व्यापीकरण और गुणात्मक सुधार के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं। विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ोतरी के लिए बेंच डेस्क की आपूर्ति, पेयजल, शौचालय का निर्माण, प्रिफेयर स्ट्रक्चर का निर्माण भवन की मरम्मती और रख रखाव, साफ सफाई के लिए विभिन्न प्रकार की एजेंसी को चयनित करते हुए विभागीय पदाधिकारी द्वारा पूर्व में ही कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है।

**अधिकारियों के बाद सवेदकों की जांच शुरू :** डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जनसंचार के विभिन्न माध्यमों और स्थलीय निरीक्षण के क्रम में सूचना प्राप्त हुआ है। कई विद्यालयों में बेंच डेस्क की आपूर्ति आधी अधूरी हुई है। कई स्कूल में संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप आपूर्ति नहीं करने की भी शिकायतें प्राप्त हुई है। इसकी जांच कराई जा रही है। ऐसे संवेदकों को चिह्नित कर विधि सम्बत वैधानिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि इससे पूर्व

जिले के शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों को निलंबित भी किया गया है। इसी के साथ डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि विद्यालयों में साफ सफाई की भी नियमित जांच कराई जाएगी। पेयजल, शौचालय, प्रीफेयर स्ट्रक्चर जीर्णोद्धार आदि कार्यों की सघन जांच के लिए पदाधिकारी और अभियंताओं की टीम बनाकर आगामी एक माह में विद्यालयों का सतत् और गहन जांच कराई जाएगी। किसी भी स्तर के दोषी व्यक्ति बख्शे नहीं जाएंगे। उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

# श्रावणी मेला: सभी डीएम को मुख्य सचिव का निर्देश, 15 जुलाई तक पूरी कर लें तैयारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन के साथ ही 14 स्थानों पर श्रावणी मेला शुरू हो जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने संबंधित 13 जिलों के डीएम, एडीएम समेत अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। राजस्व विभाग मेला के आयोजन पर पांच करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगा।

सावन महीने में शिवभक्त दूर से पवित्र गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। मुख्य सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में सभी जिलों को तमाम मूलभूत नागरिक सुविधाओं का विकास करने के साथ सुरक्षा, सफाई समेत अन्य सभी बातों का खासतौर से ध्यान रखने के लिए कहा गया है। सभी जिलों को श्रावणी मेले से संबंधित पूरी तैयारी हर हाल में 15 जुलाई तक पूरी कर लेने का निर्देश दिया गया है। मेला के दौरान किसी तरह की भगदड़ नहीं हो, नदी घाटों पर हताहत की स्थिति से बचाने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को हमेशा तैनात करने समेत अन्य जरूरी निर्देश मुख्य सचिव ने सभी संबंधित जिलों को दिए। इनके आसपास के जिलों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। ताकि कांवरियों को रास्ते में किसी तरह की असुविधा नहीं हो।

### तैयारी में इन बातों का रखना होगा खास ध्यान

सभी संबंधित जिलों को जिस स्थान पर मेला लगता है या पूरे मंदिर परिसर में और जहां से श्रद्धालु जल भरकर जाते है, उसे चिह्नित करने को कहा गया है। इन दोनों स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए कहा गया है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है। किसी स्थान पर भगदड़ या आपाधापी की स्थिति नहीं हो। समुचित एनाउंसमेंट सिस्टम, कंट्रोल रूम समेत अन्य सभी चीजों के साथ ही समुचित लाइटिंग, शौचालय, भोजन, कांवरियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थल समेत अन्य सुविधाएं बहाल करना है। पीने का स्वच्छ पानी के लिए वाटर एटीएम की व्यवस्था, अन्य कार्यों के लिए पानी का टैंकर समेत अन्य सुविधाएं बहाल की जाएंगी। जल लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं कांवरियों के लिए मुख्य सड़क के बगल में गंगा बालू बिछा कर पाथ-वे बनाने में इस बात का ध्यान रखने के लिए कहा गया है कि बालू की मात्रा उचित हो, जहां एनएच से होकर गुजरने का रास्ता है, वहां इनके गुजरने के दौरान एक लेन को बंद करके दूसरे लेन में ही आने-जाने की व्यवस्था करने को कहा गया है। सड़क जाम नहीं हो, इसके लिए स्थानीय थानों को खासतौर से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है।

### इन स्थानों पर आयोजित होंगे मेले

जिन स्थानों पर मेला का आयोजन होने जा रहा है, उसमें बांका, भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय, जमुई के अलावा मुजफ्फरपुर में दो स्थानों बाबा गरीबनाथ और बाबा दूधनाथ मंदिर परिसर, पूर्वी चंपारण के अरेराज स्थित शिव मंदिर परिसर, हाजीपुर, सोनपुर के पहलेजाघाट , पूर्णिया का धीमेश्वर स्थान मंदिर, बेगूसराय का बाबा हरिगिरिधाम स्थान, मधुबनी में भैरवा श्रावणी मेला और जहानाबाद में वाणावर श्रावणी मेला शामिल है। इन 13 जिलों के अधिकारियों को खासतौर से मिशन मोड में काम करके तैयारी को अमलीजामा पहनाने के लिए कहा गया है।

## यूएस और यूके के मुकाबले रूस में किफायती है एजुकेशन

बिहार के छात्र तबरेज के मुताबिक यूएस और यूके के मुकाबले रूस में पढ़ाई काफी किफायती है। बिहार के औरंगाबाद जिले के एक छोटे से गांव मोबारक पुर के छात्र को जब रूस सरकार की ओर से मिलने वाली स्कॉलरशिप के बारे में पता चला तो उसकी जिंदगी बदल गई। एक अखबार पढ़ने के दौरान उनका झुकाव विदेश अध्ययन की तरफ हुआ। यह यात्रा आसान नहीं थी। तबरेज खान रूस की पीपल फ्रेंडशिप यूनिवर्सिटी से इंडिस्ट्रियल और सिविल इंजीनियरिंग में पीएचडी सेकंड इयर की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके रिसर्च में भारत में कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में इंजिनियरिंग मैनेजमेंट सिस्टम की पढ़ाई शामिल है।

तबरेज के मुताबिक 'मुझे अब यहां आठ साल हो चुके हैं। मैं यहां उच्च शिक्षा के लिए आया था। मैने टेक्नोलॉजी (सिविल इंजिनियरिंग) में यहां बैचलर और मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की। मैने 2010-11 में रूसी भाषा का कोर्स करने के बाद अपनी पढ़ाई शुरू की। यहां शिक्षा का माध्यम रूसी होने के कारण रूसी भाषा का कोर्स करना जरूरी है'।

'रूसी भाषा सीखने से मेरे लिए कई दरवाजे खुले मैने 2015 2017 की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान इंटरप्रेटर का काम किया इसके अलावा अक्टूबर 2013 में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की यात्रा के दौरान मैं प्रतिनिधि मंडल का हिस्सा था।' बता दें कि तबरेज खान मॉस्को में भारतीय छात्रों की असोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

### किफायती शिक्षा

बिहार के गया में शुरुआती शिक्षा के दौरान ही उनके मन में किसी यूरोपीय देश से सिविल इंजिनियरिंग करने का ख्याल आया। बाद में उन्होंने महसूस किया कि रूसी सिविल आर्किटेक्चर इस मामले में काफी आगे है। रूस में किसी भी दूसरे यूरोपीय शहर के मुकाबले रहना काफी सस्ता है। उन्होंने कहा कि 'मैं यहां स्कॉलरशिप पर पढ़ाई कर रहा था इसलिए मेरा रहने-खाने और पढ़ाई का पूरा खर्च रूसी सरकार उठाती थी।'

### रूसी शिक्षा

रूस में थ्योरी के बजाय प्रैक्टिकल शिक्षा पर ज्यादा जोर दिया जाता है। रूसी शिक्षा मंत्रालय भारत के साथ एजुकेशन एक्सचेंज पर जोर देता है। जिसमें भारतीय छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाती है

# बीटेक कॉलेज का चुनाव करते समय इन बातों का रखें ध्यान

**इंजीनियरिंग का क्रेज आज भी युवाओं के बीच बरकरार है। आईआईटी, एनआईटी और ट्रिपलआईटी संस्थानों में जिन स्टूडेंट्स का एडमिशन नहीं होता है वे अन्य कॉलेजों का रुख करते हैं। वहीं, कई बार जानकारी के अभाव में स्टूडेंट्स गलत बीटेक कॉलेज चुनाव कर लेते हैं, जिसकी वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्टूडेंट्स को इस तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए हम यहां पर एक्सपर्ट्स द्वारा दिए गए टॉप टिप्स बता रहे हैं।**

अपने करियर में जब आपने बी.टेक की फील्ड का चयन कर लिया है, तो अगला सबसे महत्वपूर्ण कदम अपनी डिग्री के लिए सही यूनिवर्सिटी या कॉलेज चुनना है। हालाँकि, बी.टेक. के लिए सही कॉलेज का चयन करते समय यह फील्ड थोड़ी चुनौतीपूर्ण लग सकती है क्योंकि विकल्प असंख्य हैं। सही विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन शिक्षा आपके भविष्य को कई मायनों में बदल सकती है। कॉलेज फीस के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर, स्थान, रैंकिंग अध्ययन परिवेश तक, कई अलग-अलग चीजों का ध्यान रखना काफी आवश्यक हैं। बतौर एक विद्यार्थी के तौर पर यूनिवर्सिटी का चुनाव करते समय आप कुछ जरूरी बातों का जरूर ध्यान रखें।

### रैंकिंग और एकरीडेशन

कॉलेज या यूनिवर्सिटी को शॉर्टलिस्ट करते समय सबसे पहले देखें कि वह यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है या नहीं। यूजीसी से मान्यता प्राप्त बी.टेक इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेज की डिग्री हमेशा अधिक मूल्यवान होगी और आपको भविष्य में प्रतिष्ठित कंपनियों से बेहतर नौकरी के ऑफर हासिल होगे। इसके साथ ही आप उनकी डंडिया, वर्ल्ड स्तर पर रैंकिंग और इंजीनियरिंग क्षेत्र में उस यूनिवर्सिटी या कॉलेज का स्थान देख सकते है। यह आपको उनकी वेबसाइड पर मिल जाएगा।

### इंडस्ट्री आधारित कार्यक्रम

टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे लगातार बदलाव के चलते यूनिवर्सिटी भी अपना सिलेबस इंडस्ट्री के अनुसार तैयार कर रही है। जिसमें वह इंडस्ट्री के माहिरों की मदद लेती है और विद्यार्थियों को नए स्किल्स और ट्रेनिंग का मौका मिलता है। यूनिवर्सिटी का चुनाव करते समय जरूर देखें कि उनका राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय स्तर पर किस किस कंपनी के साथ ट्राइअप है।

### रिसर्च के अवसर और गर्वमेंट प्रोजेक्ट

बी.टेक के क्षेत्र में कौन सा कॉलेज या यूनिवर्सिटी अपने विद्यार्थियों को रिसर्च के कितने अवसर व सुविधाएं प्रदान करता है यह विभिन्न प्रतियोगितायों की जीत और सरकारी ग्रांट से पता लग जाता है। सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज अपने छात्रों में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए हमेशा बेहतरीन रिसर्च लैब्स, फंड व गर्वमेंट फंड उपलब्ध करवाते है। आप उस शिक्षण संस्थान के प्रकाशित हो चुके अनुसंधानों की संख्या को भी देख सकते है।

### प्लेसमेंट

कहना को हर शिक्षण संस्थान कहता है कि हमारा प्लेसमेंट सबसे बेहतर है लेकिन एक यूनिवर्सिटी की कितनी प्लेसमेंट है आप उनके पिछले कुछ सालों के रिकॉर्ड देख कर पता लगा सकते है। इसके साथ ही उनका पैकेज, कंपनी की भी जाँच करें। यह भी देखें कि वह संस्थान बच्चों की प्लेसमेंट के लिए इन हाउस कितनी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करता है और क्या विद्यार्थियो के लिए अलग से प्लेसमेंट विभाग है।

### परिसर का पर्यावरण

घर से कैंपस की दूरी के साथ यह भी देखें अगर आप होस्टल में रहने वाले तो कैंपस का माहौल कैसा है। वहां पर खेल, मनोरंजन, कैंटीन, मैडिकल, स्टूडेट वेल्फेयर विभाग व अन्य गतिविधियों की किस तरह की सुविधा उपलब्ध है क्योंकि पढ़ाई के माहौल के साथ आपके लिए यह सब भी अधिक महत्वपूर्ण है।

### लैब्स और इंफ्रास्ट्रक्चर

बी.टेक एक तकनीकी क्षेत्र है इसलिए बिना सोचे आपको ऐसे कॉलेज का चुनाव करना चाहिए यहां पर अच्छी लैब्स और इंफ्रास्ट्रक्टर जैसे कि इनोवेशन सेंटर, मैकेनिकल लैब्स, वर्कशाप आदि नवीनतम उपकरणों के साथ उपलब्ध हो।

### टीचर्स की गुणवत्ता

एक अच्छा शिक्षण संस्थान जो कि बेहतरीन शिक्षा देना चाहता है हमेशा बेहतरीन शिक्षण संस्थान से पीएचडी कर चुके अनुभवी शिक्षकों का चुनाव करते है जो तकनीकी और पढ़ाने में बेहतरीन हो। समय-समय विभिन्न वर्कशाप, गतिविधियों के माध्यम से वह अपने कौशल और ज्ञान को भी बढ़ाते रहते है।

## पहली बार रखने जा रहे हैं कॉलेज में कदम तो फॉलो करें ये टिप्स

**देश भर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज सहित अन्य भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों में अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। ऐसे में कॉलेज के नए माहौल में एडजस्ट करने में थोड़ा समय लगता है। लेकिन आप इन टिप्स को फॉलो कर अपनी पढ़ाई को स्मूथ रख सकते हैं।**

देश भर की सेंट्रल यूनिवर्सिटीज सहित अन्य भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों में अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। यूजी पाठ्यक्रमों के लिए अगस्त से कक्षाएं शुरू होंगी। ऐसे में नए कॉलेज के निए माहौल में खुद को ढालने में थोड़ा सा समय लग जाता है। इसलिए इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फ़ॉलो कर आपको कॉलेज में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना होगा। इसके साथ ही आपकी पढ़ाई भी काफी स्मूथ चलती रहेगी।

### क्लास करें अटेंड

सबसे पहली और अहम बात यह है कि कॉलेज में मिलने वाली आजादी का गलत फायदा नहीं उठाना चाहिए। इसलिए हर क्लास को जरूर अडेंट करें। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती एक तरफ रखें लेकिन अपनी पढ़ाई के साथ समझौता न करें। कभी भी अपनी दोस्ती और मौज-मस्ती को पढ़ाई के ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। इसलिए समय पर क्लास में पहुंचे। अगर आप किसी वजह से क्लास अडेंट नहीं कर पाएं हैं, तो उसे अगले दिन दोस्तों की मदद से रिकवर कर लें।

### टीचर से जरूर पूछे सवाल

रोजाना क्लास अटेंड करने के साथ ही क्लास में एक्टिव रहें। क्लास में जो भी पढ़ाया जा रहा है, उसे ध्यान से पढ़ें और फिर सब्जेक्ट से जुड़ा सवाल टीचर से पूछें। ऐसा करने से जिन सवालों में आपको कंफ्यूजन होगी, वह भी सॉल्व होंगे और आपका कोर्स भी क्लियर हो जाएगा।

### एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज पर फोकस

पढ़ाई के साथ ही स्टूडेंट को सलाह दी जाती है कि वह एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज पर जरूर फोकस करें। पढ़ाई अच्छी होने के साथ ही छात्र-छात्राएं किसी भी स्किल्स को स्ट्रांग कर सकते हैं। इससे आपको फ्यूचर में फायदा होगा।

# नौकरी हो या बिजनेस..

## अब सबके लिए जरूरी है एआई ट्रेनिंग

**जेनेरेटिव एआई क्या है? एआई टूल क्या होते हैं? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ट्रेनिंग क्यों जरूरी है? इंडस्ट्री एक्सपर्ट से जानिए बदलते दौर म एआई की ट्रेनिंग कंपनी और कर्मचारी दोनों के लिए फायदेमंद कैसे साबित होने वाली है? भारत के लिए जेनेरेटिव एआई क्यों जरूरी है?**

आजकल व्यापार तेजी से बदल रहा है और बाजार काफी प्रतिस्पर्धा वाला है। ऐसे माहौल में, कर्मचारियों को जेनेरेटिव एआई का उपयोग करके ट्रेनिंग देना कंपनियों के लिए काफी फायदेमंद है। वहीं, कर्मचारियों के लिए भी एआई सीखना बेहद जरूरी है। जानिए इससे क्या फायदे हो सकते हैं?

एआई ट्रेनिंग के फायदे

### कर्मचारी हमेशा अपडेट रहेंगे

एआई की मदद से दी जाने वाली ट्रेनिंग से कर्मचारी हमेशा अपने क्षेत्र में होने वाले बदलावों से वाकिफ रहेंगे और दूसरों से आगे रह सकेंगे।

### काम करने की क्षमता बढ़ेगी

एआई ट्रेनिंग से कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ेगी। समस्याओं को सुलझाने की उनकी क्षमता मजबूत होगी और वे बाजार के नए रुझानों को समझ पाएंगे।

### इनोवेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग

एआई ट्रेनिंग से कर्मचारियों को एआई की मदद से रचनात्मकता बढ़ाने के तरीके सीखने को मिलेंगे। इससे कंपनी में नई चीजें विकसित करने और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता बढ़ेगी।

### काम की गति बढ़ेगी

एआई की मदद से कई बार होने वाले कामों को अपने आप कराया जा सकता है। इससे कर्मचारी ज्यादा महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान लगा सकेंगे।

### ग्राहकों को बेहतर सेवा

जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल करके कंपनियां ग्राहकों को उनकी जरूरतों के हिसाब से सेवा दे सकती हैं। इससे कंपटीशन में आगे रहने में मदद मिलेगी और कुल मिलाकर कारोबार के तरीकों में भी सुधार होगा।

### भारत के लिए जेनेरेटिव एआई क्यों जरूरी है?

दुनिया की अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है और भारत इस बदलाव में अहम भूमिका निभा रहा है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। ऐसे में, लोगों को यह जानना जरूरी है कि आने वाले समय में कौन से कारोबार सबसे ज्यादा चलन में रहेंगे। एआई जटिल कामों को खुद कर सकता है, जिससे काम की प्रक्रिया अपने आप हो जाती है। इससे न सिर्फ लागत कम होती है बल्कि बाजार के उतार-चढ़ाव का असर भी कम होता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस -दिक्कतें

हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि एआई का इस्तेमाल कर दूसरों से आगे निकलने की कोशिश में कंपनियों को कुछ दिक्कतों का भी सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए-

- एआई में पूर्वाग्रह
- सरकार द्वारा एआई को नियंत्रित करना
- मशीन लर्निंग की पहल
- डेटा मैनेजमेंट जैसी समस्याएं

साथ ही, अगर कंपनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चलाने के लिए जरूरी टेक्नोलॉजी का ज्ञान नहीं है, तो इससे कोई खास फायदा नहीं होगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हादसों के आयोजन पर बड़ा सवाल

यह समझ से परे है कि किसी कार्यक्रम के आयोजकों का जितना जोर भीड़ जुटाने पर होता है, उसका एक अंश भी उस भीड़ को व्यवस्थित करने पर क्यों नहीं होता। अक्सर धार्मिक उत्सवों, मेलों, सत्संग, यज्ञ आदि के आयोजन में व्यवस्थागत खामियों के चलते भगदड़ मचने, दम घुटने, पंडाल वगैरह के गिरने से लोगों के नाहक मारे जाने की घटनाएं हो जाती हैं। इसके अनेक उदाहरण हैं, मगर उनसे शायद सबक लेने की जरूरत नहीं समझी जाती और फिर नए हादसे हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ हादसा इसकी ताजा कड़ी है।बताया जा रहा है कि वहां महीने के पहले मंगलवार को तीन घंटे के सत्संग का आयोजन किया गया था। उसमें देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु आए हुए थे। करीब पचास हजार लोगों की भीड़ जुटी बताई जा रही है। सत्संग की समाप्ति के बाद अचानक भगदड़ मच गई और सौ से ऊपर लोग दब कर मर गए, दो सौ से अधिक के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि सत्संग समाप्ति के बाद जब मुख्य महात्मा का काफिला वहां से रवाना हुआ तो भीड़ को जबरन रोक दिया गया। भीषण गर्मी और उमस के कारण कई लोग बेहोश हो गए, जिसकी वजह से भगदड़ मची। हालांकि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और उसके बाद ही असली वजह पता चल सकेगी।निस्संदेह इतने बड़े आयोजन में जुटने वाली भीड़ का अंदाजा आयोजकों को रहा होगा। इस भीषण गर्मी में हजारों लोगों के एक जगह इकट्ठा लोगों पर क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान भी उन्हें रहा होगा। मगर फिर भी लोगों के लिए छाया-हवा-पानी का माकूल इंतजाम क्यों नहीं किया गया। ऐसे आयोजनों में व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजक खुद उठाते हैं। वे अपने स्वयंसेवकों के जरिए आयोजन स्थल पर लोगों के प्रवेश और निकास का प्रबंध करते हैं। बताया जा रहा है कि इस सत्संग का आयोजन पिछले दस वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में किया जा रहा है। इसलिए इसके आयोजकों और स्वयंसेवकों में अनुभव की कमी भी नहीं मानी जा सकती। फिर कैसे उन्हें इस तरह के हादसे का अंदेशा नहीं था। अगर भीड़ मुख्य महात्मा के करीब पहुंचने या उनके काफिले के पीछे जाने को उतावली हो उठी, तो जाहिर है, ऐसा तभी हुआ होगा, जब दोनों के रास्ते अलग से तय नहीं किए गए थे। सवाल यह भी है कि बगैर व्यवस्था जांचे स्थानीय प्रशासन ने कैसे इस आयोजन की इजाजत दे दी।

## नए आपराधिक कानून, व्यवहार में होगी परख

तमाम उम्मीदों और आशंकाओं के बीच देश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ( ?बीएसए) लागू हो चुकी हैं। ये तीनों कानून मौजूदा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी ) और भारतीय साक्ष्य कानून की जगह लेने वाले हैं। लेकिन इसमें दशकों लग सकते हैं। जाहिर है, तब तक देश में नए और पुराने दोनों कानून साथ-साथ चलेंगे। इसकी अपनी चुनौतियां होंगी। विपक्षी दलों से जुड़े नेता ही नहीं, कई एक्सपर्ट्स भी इन कानूनों के लागू किए जाने को लेकर कुछ सवाल और संदेह जताते रहे हैं। लेकिन सरकार इन्हें लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जहां विपक्षी दलों के सुझाव सुनने की तैयारी दिखाई है, वहीं यह भरोसा भी जताया है कि नए कानूनों से मुकदमे निपटाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। यही नहीं, उनके मुताबिक इन कानूनों से दोष साबित होने की दर 90 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकेगी। ये दोनों ही लक्ष्य अच्छे कहे जाएंगे बशर्ते इस क्रम में इंसाफ की संभावना को कोई नुकसान न हो। विलंब से न्याय को अन्याय के बराबर माना गया है, लेकिन जल्दी आया फैसला भी अच्छा नहीं कहा जाएगा अगर वह सभी पक्षों को आश्वस्त नहीं कर सके कि इंसाफ हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए कानूनों के तहत बनने वाली व्यवस्था भी 'इंसाफ न सिर्फ होना चाहिए बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए' की कसौटी पर सौ फीसदी खरी उतरेगी। इस बात से किसी को इनकार नहीं हो सकता कि पुराने पड़ चुके कानून हटाए जाने चाहिए। लेकिन अंग्रेजों के जमाने के औपनिवेशिक कानूनों में पूरे रद्दोबदल के तर्क से लाए गए इन नए कानूनों में भी यह शिकायत दूर नहीं हुई। चाहे मानहानि हो या राजद्रोह इनसे जुड़े प्रावधान अभी भी किसी न किसी रूप में कानून में शामिल हैं। मैरिटल रेप को अपराध के दायरे में लाने की जरूरत भी पूरी नहीं हुई है। इनवेस्टिगेशन में तकनीक की भूमिका बढ़ाने का विचार अच्छा है। लेकिन जांच प्रक्रिया का मसला काम के बोझ से जुड़ा है। फॉरेंसिक टीम वैसे भी कई मामलों की जांच से जुड़ी काम के बोझ से दबी रहती है। जाहिर है, इसकी कार्यक्षमता बढ़ाने में पर्याप्त ऊर्जा लगाने की जरूरत होगी।

# नये भारत में बदलाव के कानून, जल्द मिलेगा न्याय

*नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे। एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है।*

(ललित गर्ग)

सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे। अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढ़े सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है। इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं। ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने अपना काम कर दिया है और अब राज्यों को अपने स्तर पर इन अच्छे एवं प्रभावी कानूनों को लागू करने की पूरी तैयारी करनी पड़ेगी और देश के ज्यादातर राज्यों में पुलिस जिस तरह से प्रशिक्षित हो रही है, इससे जुड़ी खबरों का सामने आना भी सुखद है। सक्षम और सहयोगी पुलिस नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत में कारगर होगी। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुरूप राजद्रोह कानून को तो हटा दिया गया है लेकिन राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के अतिक्रमण को नये अपराध की श्रेणी में रखा गया है। संगठित अपराधों के लिये तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही अपराध की जांच-पड़ताल को आधुनिक तकनीक के जरिये न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसमें फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना भी अनिवार्य है ताकि अपराधी संदेह का लाभ न उठा सकें। दूसरी ओर सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अपराध नियंत्रण में बढ़ेगा। नये कानून के अनुसार मौत की सजा पाये अपराधी को खुद ही दया याचिका दायर करनी होगी, कोई संगठन या व्यक्ति ऐसा न कर सकेगा। निश्चित ही जहां सरकार वर्तमान संदर्भ के अनुरूप कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है वहीं उसे कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पुलिस-व्यवस्था को सुधारने एवं सक्षम बनाने के लिये साधन-सुविधाओं को सुलभ कराने के लिये तत्पर होना होगा। नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने में इनकी सर्वाधिक सार्थक भूमिका होगी।

# संसदीय बहस में मुद्दों की वापसी

(आरती आर जेरथ, वरिष्ठ पत्रकार)

अठारहवीं लोकसभा में संसदीय बहस की पुरानी परंपरा लौटती दिख रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा इसकी एक बानगी है। इस चर्चा में राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ए राजा, महुआ मोइत्रा जैसे विपक्षी नेताओं के आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पलटवार से यही लग रहा है कि निचले सदन में इस बार सार्थक बहस देखने को मिल सकती है। यह इसीलिए मुमकिन हो सका है, क्योंकि इस आम चुनाव में विपक्ष को नई ऊर्जा मिली है। पिछले दस सालों में सब कुछ मानो एकतरफा हो गया था। बीते पांच वर्षों से तो सदन में सत्ता पक्ष की ही आवाज सुनाई देती रही। कमजोर अंकगणित के कारण विपक्षी नेता या तो मूक बने रहे या उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। हालांकि, सत्ता पक्ष की तरफ से भी गिने-चुने सदस्य ही बोला करते थे, जिससे यह लगने लगा था कि सदन में गंभीर बहस का दौर इतिहास बन चला है। मगर अब विपक्ष पूरे उत्साह के साथ विधायी मैदान में लौट आया है। उसके पास अभी 233 सीटें हैं और संख्या बल के लिहाज वह भाजपा (240 सीटें) के लगभग बराबर ही है। ऐसे में, वह जोरदार ढंग से अपनी बातें रख रहा है। खास बात यह भी है कि इस बार लोकसभा में राहुल गांधी को आधिकारिक रूप से प्रतिपक्ष का नेता बनाया गया है, जो यह दावा भी कर रहे हैं कि वह कांग्रेस के ही नहीं, बल्कि पूरे विपक्ष के नेता हैं। लिहाजा, प्रधानमंत्री भी उस वक्त सदन में मौजूद रहे, जब बतौर नेता प्रतिपक्ष राहुल अपनी बातें रख रहे थे। यही भारत की संसदीय परंपरा भी रही है। मुझे याद है, जब अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे, तब लोकसभा में प्रतिपक्ष की नेता सोनिया गांधी थीं। लिहाजा, वह जब भी बोला करतीं, वाजपेयी जी सदन में उपस्थित रहने का प्रयास करते। उन्होंने अपने स्टाफ तक को कह रखा था कि जब कभी भी सोनिया गांधी का संबोधन हो, उन्हें तत्काल बताया जाए, ताकि वह सदन में मौजूद रह सकें। कभी-कभी तो उनको तेज कदमों से लोकसभा में पहुंचते देखा गया। अच्छी बात यह है कि लोकसभा में वे सुनहरे दिन लौटते दिख रहे हैं। लंबे अरसे के बाद यह पहला मौका था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी विरोधी दल के नेता को दो-दो बार टोका। आमतौर पर प्रधानमंत्री मोदी ऐसा करते नहीं। वह सदन में खामोश बैठते हैं और पूरी गंभीरता से विपक्षी नेताओं की बातें सुनते हैं। हालांकि, यह थोड़ी कचोटने वाली बात है कि जब संसद में बहस के पुराने दिन लौट रहे हैं, तब भी गिने-चुने लोगों को ही दर्शक-दीर्घा में जाने की अनुमति मिल पा रही है। यहां तक कि स्थायी कार्डधारकों को भी सदन में प्रवेश करने में मुश्किलें आ रही हैं, जिसके कारण बहस के दौरान माननीयों की भाव-भंगिमा को पकड़ना मुश्किल हो सकता है। बहरहाल, नेता प्रतिपक्ष ने अपने संबोधन में भगवान शिव की तस्वीर दिखाने के साथ-साथ इस्लाम और कुरान की भी चर्चा की, बौद्ध धर्म के बारे में कहा और जीसस व गुरुनानक के फोटो भी दिखाए। नियमों के मुताबिक, सदन में तस्वीर या कार्ड आदि नहीं दिखाए जा सकते। मगर लगता यही है कि राहुल गांधी ने जान-बूझकर ऐसा किया, जो आने वाले दिनों में विपक्ष की रणनीति का संकेत दे रहा है। पहला संकेत तो यही कि विपक्ष द्वारा भाजपा से हिंदुत्व का अधिकारी होने का दावा छीनने का प्रयास किया जाएगा। बीते दस वर्षों में सत्तारूढ़ दल की तरफ से यह बताने का प्रयास किया जाता रहा है कि हिंदू धर्म का एकमात्र वही संरक्षक है, लेकिन अब विपक्ष इस धारणा को तोड़ने के लिए कमर कस चुका है। वैसे, इसकी शुरुआत चुनाव के दौरान ही हो गई थी, पर तब यह उस कदर नजरों में नहीं आ सका था, जितना लोकसभा की बहस के बाद आया है। दूसरा संदेश, चुनाव अभियान में जब विपक्ष जातिगत गणना को मुद्दा बना रहा था, तब प्रधानमंत्री ने कहा था कि महिला, किसान, युवा और गरीब- यही चार उनके लिए सबसे बड़ी जातियां हैं और इनका उत्थान भारत को विकसित बनाएगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5423

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5422

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपको हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आपके व्यवसाय में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है। आप दूसरों की मदद करेंगे इससे आपको खुद अच्छा लगेगा। आज का दिन परोपकार में बीतेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ बदलाव हो सकते हैं और इससे आपके पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कुछ साथियों को आपकी तरक्की देखकर जलन महसूस होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे। आपको कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज लाभ होगा और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान और यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। आपका रुका कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क
आज दिन मिलाजुला रहेगा और आज आपको अधिक खर्च करना पड़ सकता है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त परिवार में किसी की सेहत बिगड़ सकती है और आपका खर्च काफी बढ़ सकता है। सावधान रहें।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपका जीवन आनंद में बीतेगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

### कन्या
आज आपका धन गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी संबंधी के कारण आपको तनाव हो सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के प्रति दायित्व की भी पूर्ति होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तो आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। शाम से लेकर रात का वक्त आराम से परिवार के साथ बीतेगा और आपको भाग्य साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक
आज दिन खुशहाली में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों के साथ आपका दिन खुशहाली में बीतेगा और सुख समृद्धि बढ़ेगी। दोपहर तक आपको कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं और किस्मत आपका साथ देगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और अपने काम पर ध्यान दें। घर में किसी मेहमान के आने से हर्ष होगा।

### मकर
आज दिन कार्यक्षेत्र में सफलता से भरा होगा और आपको किस्मत का साथ मिलेगा आपके परिवार में मंगल कार्य की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और आपको क्रोध पर काबू रखने से लाभ होगा। आपके घर में गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी और आपको शॉपिंग करने का मन करेगा। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### कुंभ
आज आपको शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि मिलने के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी वाक्पटुता से आपको सम्मान प्राप्त होगा। बेहतर होगा कि आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग आपको मिलेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको लाभ होगा। देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद रहेगी।

### धनु
आज आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। किसी भी वाहन के प्रयोग में सावधानी रखें वरना आपको दुर्घटना हो सकती है। महान पुरुषों के दर्शन से मनोबल ऊंचा होगा और आपको लाभ होगा।

### मीन
आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए उत्तम वस्तुओं की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में आपको धन की प्राप्ति होगी और आपका मन प्रसन्न होगा। आप धन की बचत कर पाएंगे और आपके कोष की स्थिति सुधरेगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आपके लिए नुकसानदेह हो सकते हैं।

## वर्ग पहेली 5423



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1965 को इस देश में संविधान लागू हुआ था (4)
4. चतुर, होशियार, प्रवीण, प्रसन्न (3)
6. सर्वसाधारण, लोग, पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
7. आतंक, भय (4)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कल नहीं (3)
11. प्रेम, प्यार, मोहब्बत (2)
13. नजदीक, करीब, समीप, निकट (2)
14. मुर्ग की जाति का एक प्रसिद्ध पक्षी, कपिंजल (3)
16. चमड़े आदि का कोड़ा यह कहलाता है (3)
19. किसी का नाम किसी बात, आदि के लिए निश्चित किया जाना (5)
21. अखबार, दस्तावेज आदि का विधिक पत्र, समाचार पत्र (3)
23. मुझे (मराठी)(2)
24. धूल आदि साफ करने की वस्तु (3)
25. सोने, चांदी आदि पर बनाया जाने वाला रंगीन काम (2)

**ऊपर से नीचे**
1. इस डायरी में प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण लिखा जाता है (5)
2. स्वीकार करना, धारण को स्थिर करना, सम्मान करना (3)
3. स्मरण, स्मृति (2)
4. पुराणानुसार यह अप्सराओं की जननी है (4)
5. सौ का सूचक अंक (2)
8. निराकरण, निष्पत्ति, एक कृषि उपकरण (2)
10. अशुद्धि, अशुचि, अपवित्र, बेदाग (3)
12. यह मरूस्थल भारत के उत्तर पश्चिम में तथा पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
15. स्थानांतर, परिवर्तन (4)
17. यह हंगरी की राजधानी है (4)
18. आकाश, अंतरिक्ष, आसमान (2)
19. नारी का अपभ्रंश, गला, गर्दन (2)
20. दृढ़तापूर्वक बैठना, तरल पदार्थ का ठोस रूप में बदलना (2)
22. किंतु, परंतु, डैना, लेकिन (2)

### वर्ग पहेली 5422 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | जी | व | गां | धी | | अ | दा |
| ज | त | न | | र | म | जा | न |
| की | | ज | न | ता | | न | व |
| य | क्ष | | या | | दु | | गु |
| | ति | | दौ | | आ | ब | रू |
| अ | | | र | सि | क | | |
| स | हि | त | | ता | र | पी | न |
| म | त | | गा | र | ना | | ट |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### सीए फाउंडेशन व इंटर परीक्षा अब साल भर में तीन बार

**धनबाद, एजेंसी।** सीए फाउंडेशन व इंटर परीक्षा साल भर में तीन बार आयोजित की जाएगी। जनवरी, मई व सितंबर में यह परीक्षा ली जाएगी। शुक्रवार को दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया धनबाद शाखा की ओर से धनबाद पब्लिक स्कूल में आयोजित कॅरियर काउंसिलिंग में विशेषज्ञों ने कही। कॅरियर काउंसिलिंग में 9वीं से 11वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता सीए सनी कटेसरिया, सीए पराधी गर्ग, शाखा अध्यक्ष सीए राहुल सुरेका ने बच्चों को बताया की सीए में कॅरियर की जानकारी दी। सीए कोर्स में पहली जुलाई से किए गए बदलाव की भी जानकारी दी गई। पूरे कोर्स की लागत 77 हजार रुपए है। तीन साल में न्यूनतम 90 हजार रुपए स्टाइपेंड मिलेगा। सीए बनने का बाद औसत प्लेसमेंट पैकेज 8 लाख रुपए सलाना है। धनबाद पब्लिक स्कूल के 226 छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद शाखा के प्रबंध समिति सदस्य के साथ ही स्कूल के प्राचार्य समेत अन्य शिक्षक सक्रिय रहे।

### पूर्वी टुंडी में नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

**धनबाद/टुंडी, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी के एक घर में नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पूर्वी टुंडी पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने कोल कमारडीह चुरूरिया पंचायत निवासी नागेश्वर सोरेन के घर पर छापेमारी कर शराब बनाने का खुलासा किया। मौके से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में स्प्रीट, टंकी व बोतल में भरी तैयार शराब, खाली बोतल, विभिन्न ब्रांडों के कैप और लेवल जब्त किए हैं।उत्पाद विभाग की जांच में पता चला है कि कलियासोल का संजय मंडल, धनबाद बिनोद नगर निवासी सदानंद कुमार उर्फ छोटू साव और टुंडी लटानी निवासी तपन मंडल के साथ मिल कर नागेश्वर सोरेन के घर पर शराब तैयार कर इसे बिहार के सीमावर्ती इलाकों में बेच रहे थे। सड़क किनारे के होटल और ढाबों में भी इस जहरीली शराब की आपूर्ति की जा रही थी। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर झमन कुजूर ने बताया कि गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में 60 पेटी में भरी 540 लीटर नकली व्हिस्की, 46 जार में रखा 1610 लीटर स्प्रीट, एक पंचिंग मशीन, प्लास्टिक की टंकी में रखा 500 लीटर तैयार शराब, एक बाइक, विभिन्न ब्रांडों के कैप, लेवल, 40 बोरा में रखी खाली बोतलें मिली हैं। जब्त सामान की अनुमानित कीमत आठ रुपए आंका गया है। इससे पहले भी टुंडी में नकली शराब बनाने का खुलासा हो चुका है। छापेमारी टीम में पूर्वी टुंडी के प्रभारी के अलावा उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, कुलदीप, जॉय, श्वेता आदि शामिल थे।

### राज्य स्तरीय निपुण समागम में जिला के शिक्षक लिया भाग

**चाईबासा, एजेंसी।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा रांची के प्रभात तारा मैदान में शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी हेतु निपुण समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य के सभी जिलों के शिक्षकों ने विभिन्न स्वनिर्मित नवीनतम शिक्षण अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शनी लगाई। पश्चिमी सिंहभूम जिले से शिक्षा परियोजना के एपीओ रघुवर तिवारी की अगुवाई में 15 सदस्यीय शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम निपुण समागम में भाग लिया। जिला में आयोजित निपुण समागम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीएलएम को राज्य निपुण समागम में शामिल किया गया। समागम में हिंदी, गणित, अंग्रेजी और जनजातीय भाषा के टीएलएम बनाए गए थे। पश्चिमी सिंहभूम से हो जनजातीय टीएलएम शामिल किया गया। पश्चिमी सिंहभूम की ओर उल्टे अर्थ बताने वाली जादुई बॉक्स, रंग बताने वाली घड़ी, बिग बुक में लोकप्रिय हो लोक कथा पर लिखी गई बिइदु बूढ़ा की कहानी, आओ खेलो खेल चटाई आदि रोचक टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। राज्य स्तरीय निपुण समागम में कृष्ण देवगम, राजेन्द्र प्रसाद नेवार, बुधराम महतो, अभिलाषा तिर्की, पुष्पा भुइयां, प्रेमजीत सिंह, संजय कुमार जारिका, ज्योति बसु बारिक, विद्यासागर लागुरी, शंभु सिंह महतो, हरिनारायण सिन्हा, संजीव कुमार बालमुचु और मंगल सिंह मुंडा शामिल थे। निपुण समागम का उद्घाटन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने किया।

# गुमला के होटल में घुसी पंजाब पुलिस छापेमारी की और संचालक को उठा ले गई

**गुमला, एजेंसी।** पंजाब से 66 किलोग्राम अफीम की खरीददारी करने के मामले में पंजाब व गुमला की पुलिस ने गुरुवार की रात गुमला बाइपास स्थित होटल सेलिब्रेशन इन में छापामारी कर होटल संचालक कमल सिंह को गिरफ्तार कर पंजाब ले गई।

पंजाब पुलिस की टीम से इंस्पेक्टर रमन कंबोज ने बताया कि पंजाब के फाजिल्का जिला अन्तर्गत कुंयासर्वा थाना में अफीम कारोबार से जुड़ा एक मामला दर्ज है, जिसमें कमल सिंह ने 66 किलोग्राम अफीम की खरीददारी की है। इसका खुलासा 27 जून 2024 को कुंयासर्वा थाना में केस दर्ज होने के बाद अनुसंधान में हुआ।

कमल सिंह पंजाब से अफीम खरीदकर गुमला में बिक्री करता है। अनुसंधान में कमल सिंह के नाम आने के बाद पंजाब पुलिस के पांच सदस्यीय टीम गुमला पहुंची और गुमला थाना पुलिस के सहयोग से गुरुवार की रात तीन घंटे तक होटल सेलिब्रेशन इन में छापामारी की गई।

पुलिस को होटल से मादक पदार्थ हाथ नहीं लगे। रात में होटल संचालक कमल सिंह और उसके एक कर्मचारी कृपाल सिंह को हिरासत में लिया गया।

गहन पूछताछ के पंजाब पुलिस

कमल सिंह को मेडिकल जांच के बाद अपने साथ ले गई। कर्मचारी कृपाल सिंह से गुमला थाना में पूछताछ चल रहा है। जाते वक्त पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी का हार्डडिस्क् भी अपने साथ लेते गई।

होटल सेलिब्रेशन इन के संचालक कमल सिंह पर नशीले पदार्थों के कारोबार मामले में लखनऊ कोर्ट में केस लंबित होने का भी एक मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इस संबंध में कोई पूरी जानकारी नहीं दे सकता। संभावना यह भी जताया जा रहा है कि अन्य थानों में भी कमल सिंह के खिलाफ मामले दर्ज होगा।

गुमला में ब्राउन शुगर के बढ़ते प्रचलन में होटल सेलिब्रेशन भी चर्चा में रहा है। सूत्रों की माने तो कमल सिंह काफी लंबे समय से नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़ा है। ब्राउन शुगर व अन्य नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री को लेकर भी पुलिस ने पूछताछ की है।

कमल सिंह मूल रूप से सिसई थाना क्षेत्र के मुरगू का रहने वाला है और गुमला बाइपास में होटल सेलिब्रेशन इन के नाम से करोड़ों की लागत से होटल का निर्माण किया है। उल्लेखनीय है कि डुमरडीह और आस पास के गांवों के काफी संख्या में युवा ड्रग्स का शिकार हुए हैं।

बाजार में यह भी चर्चा है कि इसका सूत्रधार कहीं होटल का संचालक ही तो नहीं है। इस होटल के आस पास स्कूली बच्चों का आवामन काफी बढ़ गया था। संदिग्ध लोगों का जमावड़ा भी यहां देखा जाता था। ग्रामीणों ने होटल को बंद कराने का भी निर्णय लिया था। इसके लिए एक बार प्रयास भी हुआ था।

होटल में की गई कार्रवाई के बाद गुमला शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के ड्रग्स कारोबारियों में हड़कंप मचा है।ड्रग्स कारोबारियों को इस बात का भय सता रहा है कि कमल सिंह से पूछताछ के दौरान स्थानीय उन लोगों का नाम भी न ले ले जो इस कारोबार से जुड़े हैं।

हालांकि, पुलिस का दावा है कि कमल सिंह ने कई राज उगले हैं। स्थानीय कारोबारियों पर पुलिस शिकंजा कसेगा। जिले में ड्रग्स का फैला कोकस को पुलिस नष्ट जल्द ही नष्ट कर देगा।

होटल सेलिब्रेशन इन के संचालक कमल सिंह अपने गांव मुरगू में नया और पुराना नौ तालाब में मछली पालन के लिए पांच क्विंटल जीरा कलकत्ता से मंगाया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कलकत्ता में मछली बीज लोड हो गया था।

शुक्रवार की सुबह मछली बीज का पैसा ट्रांसफर किया जाना था और उधर से मछली बीज का खेप आता। लेकिन समय से पहले गड़बड़ हो गया। कमल सिंह की गिरफ्तारी के बाद चर्चा यह है कि मछली पालन से ब्लैक मनी को व्हाइट मनी बनाने की योजना थी।

## रांची के व्यवसायी राजेश पॉल हत्याकांड में पुलिस ने जारी की आरोपी तस्वीर, सूचना देने वाले को मिलेगा 50 हजार रुपये का इनाम

**रांची, एजेंसी।** रांची के व्यवसायी राजेश पॉल हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपी की तस्वीर जारी कर सूचना देने की अपील की है. इसके लिए 50 हजार रुपये का इनाम जारी किया गया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी की सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा. ज्ञात हो कि 2 साल पहले रांची के डेली मार्केट के ओसीसी कंपाउंड स्थित अरविंद ज्वेलर्स दुकान के संचालक राजेश पॉल की अपराधियों ने लूटपाट करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी.

रांची के डेली मार्केट पुलिस का कहना है कि अपराधियों की छानबीन के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी. इस कारण अभियुक्त के पहचान के लिए सीआईजी प्रकाशन करना अनिवार्य है. इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार ने अभियुक्त की पहचान के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को पत्र लिख फोटो के साथ इनाम की घोषणा के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया है.

दो साल पूर्व डेली मार्केट के ओसीसी कंपाउंड स्थित अरविंद ज्वेलर्स में दिन-दहाड़े व्यवसायी राजेश पॉल की गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना के वक्त एक ग्राहक उस दुकान पर अपने जेवर लेने पहुंचा था. इस दौरान अचानक पांच अपराधी हाथ में पिस्टल लहराते वहां पहुंचे और लूटपाट करने लगे. जब दुकान संचालक ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के समय सभी ने गमछा से अपने मुंह को ढंक रखा था और हेलमेट में थे. व्यवसायी से उलझने के दौरान एक व्यवसायी का हेलमेट घटनास्थल पर गिर गया और वह उसे छोड़कर पैदल ही भाग निकला. इस दौरान उसकी तस्वीर आसपास के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी.

## आरजेडी ने झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कर दी बड़ी मांग

**आदित्यपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कहा कि राजद महागठबंधन का हिस्सा है। पार्टी किसी भी दल से कमजोर नहीं है। कोल्हान समेत पूरे झारखंड में हमारा कार्यकर्ता है, लेकिन हम चुनाव नहीं लड़ते है। झामुमो-कांग्रेस का पिछलग्गु बनकर पार्टी को मजबूत नहीं कर सकते है।राजद नेताओं ने कहा कि क्योंकि जब हम चुनाव ही नहीं लड़ेंगे और अपना विधायक ही नहीं बनाएंगे तो पार्टी कहां से मजबूत होगी। इसलिए, इस बार विधानसभा चुनाव में झारखंड में कम से कम हम 24 सीट और कोल्हान के तीनों जिले में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे।राजद नेताओं ने कहा कि राजद कार्यकर्त्ता 24 कैरेट वफादार होते है। इसलिए, महागठबंधन दलों के उम्मीदवार जीत जाते है। हम इन्हें विधायक और सांसद बना देते है, लेकिन हमें मेयर की सीट भी नहीं देते है। इसलिए, अब पिछलग्गु नहीं बराबरी का दर्जा चाहिए।शुक्रवार को आदित्यपुर के ऑटो कलस्टर सभागार में राजद का 28वां स्थापना दिवस प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके पर सौ पाउंड का केक काटा गया। स्थापना दिवस पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से पुरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।वहीं, सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सीएम चंपई सोरेन की जीत सुनिश्चित करने को लेकर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन देवप्रकाश देवता ने की।

# कमीशनखोरी में मंत्रियों से भी आगे अफसर, मिलता था ज्यादा हिस्सा : निदेशालय

**रांची, एजेंसी।** टेंडर में कमीशनखोरी की जांच कर रही ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने बड़े खेल का खुलासा किया है। छानबीन के दौरान जांच एजेंसी की पूछताछ में चीफ इंजीनियर समेत अन्य इंजीनियरों ने जानकारी दी कि पीएस संजीव लाल के जरिए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के लिए राशि वसूली जाती थी। मंत्री 1.35 फीसदी और अफसर-इंजीनियर 1.65 फीसदी कमीशन लेते थे।

इंजीनियरों ने ईडी को बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग के अलावा दो प्राधिकार झारखंड स्टेट रुरल रोड डेवलपमेंट ऑथोरिटी (जेएसआरआरडीए) और रुरल डेवलपमेंट स्पेशल डिवीजन (आरडीएसडी) में लेटर ऑफ एलोकेशन (एलओ) जारी होने के बाद 3 से 4 कमीशन सहायक या कार्यपालक अभियंता वसूलते थे। इसमें तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का कमीशन 1.35 तय था। इंजीनियरों और अन्य अफसरों का कमीशन 1.65 तय रहता था।

पूछताछ में इंजीनियरों ने यह भी बताया है

कि मंत्री आलमगीर के लिए कमीशन राशि उनके पीएस संजीव लाल के जरिए वसूली जाती थी। बाकी कमीशन राशि चीफ इंजीनियर खुद वसूलते थे। संजीव लाल ठेकेदार सह अपने दोस्त मुन्ना सिंह और उसके भाई संतोष सिंह के माध्यम से ठेकेदारों से कमीशन वसूलता था। इसके बाद राशि दीनदयाल नगर या अभिनंदन मैरिज हॉल के समीप जहांगीर आलम को सौंप दी जाती थी। ये पैसे जहांगीर सर सैयद रेसीडेंसी स्थित अपने फ्लैट में जाकर रख देता था। वसूली गई राशि की कई खेप जहांगीर के फ्लैट में रखी गई थी, जहां ईडी ने छापेमारी कर 32.20 करोड़ नकद बरामद किए थे।

सजीव के कहने पर मुन्ना ने कई ठेकेदारों से वसूले 53 करोड़

ईडी ने यह भी दावा किया है कि ठेकेदार मुन्ना सिंह ने स्वीकार किया है कि संजीव लाल के कहने पर ही उसने तकरीबन 53 करोड़ रुपये राजीव कुमार, संतोष कुमार, राजकुमार टोप्पो, अजय कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, अजय तिर्की और अमित कुमार से लिए थे। इन पैसों को उसने जहांगीर को सौंपा था। संजीव ने वसूली गई राशि में 2.05 करोड़ अपने पास रखे थे। वहीं 40 लाख उसने बरियातू के संस्कृति विहार स्थित अपने मकान में खर्च किए थे। मुन्ना सिंह ने यह भी बताया है कि संजीव ने उसे 50 लाख रुपए नकद दिए थे।

**ईडी की पूछताछ में इन इंजीनियरों ने खोले राज :** कार्यपालक अभियंता राजकुमार टोप्पो, अजय कुमार, अजय तिर्की, संतोष कुमार, चीफ इंजीनियर सिंहराय टूटी, प्रमोद कुमार, राजीव लोचन और सुरेंद्र कुमार।

**इंजीनियर बोले- ठेकों में कमीशनखोरी आम बात :** पूछताछ में ईडी के समक्ष सभी इंजीनियरों ने कमीशनखोरी के प्रतिशत के बारे में भी एक ही जानकारी दी है। साथ ही कबूल किया है कि आरडब्ल्यूडी, आरडीएसडी और जेएसआरआरडीए में कमीशन वसूली नेताओं, अधिकारियों और इंजीनियरों के लिए आम बात है। ईडी ने जानकारी दी है कि पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के मोबाइल में संजीव लाल के दो मोबाइल नंबर सेव थे। एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल जहांगीर आलम करता था।

## धान की बोरियों के बीच छिपाकर बिहार ले जा रहे थे शराब, पपरवाटांड़ टोल टैक्स के पास उत्पाद विभाग ने पकड़ा

**गिरीडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले में अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाला गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है. शराब माफिया अलग-अलग राज्यों से शराब की बड़ी खेप मंगाकर उसे अलग-अलग तरीके से बिहार पहुंचाने में जुट गए हैं.

इसका खुलासा शुक्रवार को तब हुआ, जब उत्पाद विभाग की टीम ने धान की बोरियों के बीच छुपाकर ले जाई जा रही है करीब 700 से अधिक पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी. उत्पाद विभाग की टीम ने पपरवाटांड़ के टोल टैक्स के पास एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में शराब लदी थी.

जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक 14 चक्का वाला ट्रक, जिसका नंबर एनएल 01 क्यू 9257 है, में अवैध रूप से शराब की बड़ी खेप की ढुलाई हो रही है. शराब की यह खेप गिरिडीह के रास्ते बिहार ले जायी जा रही है. सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने इलाके में नाकेबंदी कर वाहनों की तलाश करनी शुरू कर दी.

वाहनों की तलाशी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली कि उक्त

ट्रक पपरवाटांड़ के टोल टैक्स के समीप खड़ा है. इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर तलाशी शुरू कर दी. टीम ने जब ट्रक की तलाशी ली, तो अधिकारी और कर्मी चौंक गए.

इस ट्रक में उत्पाद विभाग की टीम को धान की बोरियों के बीच में भारी मात्रा में हरियाणा और चंडीगढ़ में बनी अलग-अलग कंपनियों की विदेशी शराब की पेटियां मिलीं. हालांकि, शराब माफिया मौके पर से भाग गए, लेकिन एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया. उससे पूछताछ की जा रही है.

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्रक में 700 पेटी शराब थी, जिसकी कीमत 10 लाख रुपए के आसपास है. चर्चा है कि उत्पाद विभाग के कुछ कर्मचारियों ने ट्रक को पकड़ने के बाद उसे छोड़ने की तैयारी की थी, लेकिन मांग के अनुरूप पैसे नहीं मिले. इसी बीच वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना मिल गई. उत्पाद विभाग को गिरिडीह के कुछ सफेदपोश की तलाश है, जो शराब की खेप बिहार भेज रहे थे.

## जितने दिन हेमंत करेंगे ड्राइविंग, उतना होगा जनता का नुकसान; सोरेन पर शिवराज का हमला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के चुनाव प्रभारियों का दौरा लगातार जारी है। शुक्रवार को चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, युवा व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं, मीडिया से बात करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का ड्राइविंग सीट पर बैठना दुर्घटना ही कराएगा। भाजपा राज्य की निकम्मी सरकार को बेनकाब करेगी।

बैठक के दौरान चुनावी घोषणा पत्र के बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने रामगढ़ जिले में कई सांगठनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा सात जुलाई को रांची आएंगे। रांची में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी। वह धनबाद व बोकारो में सांगठनिक बैठक करेंगे। जुलाई के अंत तक भाजपा ने सभी 27 सांगठनिक जिलों में बैठक कर आगामी चुनाव की रणनीति बनाने का फैसला लिया है।

मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह ने राज्य सरकार के सत्ता परिवर्तन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का ड्राइविंग सीट पर बैठना एक्सीडेंट ही कराएगा। ये जितने दिनों तक ड्राइविंग

करेंगे राज्य की जनता का नुकसान ही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य पहले भी बर्बाद हुआ और आगे भी होगा। राज्य की जनता परेशान है। चारों तरफ लूट मची है। बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास बनाने तक के लिए बालू नहीं मिल रहा। मिलता भी तो ऊंची कीमत पर। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सरकार धोखेबाज सरकार है और जनता में हाहाकार मचा है। लोग छह महीनों से पेंशन के लिए तरस रहे। बिजली गायब रहती है, ट्रांसफार्मर वर्षों से जले पड़े हैं। बिजली नहीं आती, लेकिन बिल आते हैं। भ्रष्टाचार के कारण सरकार के पूर्व मंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी निकम्मी सरकार को बेनकाब करेगी। जनांदोलन और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी बार बार जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल को जनता याद कर रही।

## दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के छत से कूदा युवक, इलाज के दौरान मौत

**दुमका, एजेंसी।** दुमका में स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिसिन वॉर्ड में भर्ती युवक ने शनिवार अहले सुबह दूसरी मंजिल की छत से कूदकर अपनी जान दे दी. मृतक की पहचान प्रकाश मरांडी (26 साल) के रूप में हुई है. वह रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव का रहने वाला था. युवक के साथ उस वक्त कोई भी परिजन अस्पताल में मौजूद नहीं था. घटना के बाद अन्य मरीज के परिजनों के बीच चीख पुकार मच गयी.

युवक के आत्महत्या करने की कोई स्पष्ट वजह अब तक सामने नहीं आयी है. दुमका पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब तीन बजे अस्पताल में भर्ती युवक अचानक अपने वॉर्ड से बाहर निकला और छत से कूद गया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद अस्पताल कर्मियों ने आनन फानन में उसका इलाज शुरू कर दिया. लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका. सुबह सात बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में बताया कि घटना के वक्त मरीज का कोई परिजन मौजूद नहीं था. कुछ दिन पहले ही उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था. युवक ने जैसे ये कदम उठाया अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों के बीच चीख पुकार मच गयी. मामले की जानकारी नगर थाने के पुलिस को दे दी गयी है.

# प्रमोद सिंह के घर से 2.17 लाख रुपए जब्त कर ले गई ईडी

**धनबाद, एजेंसी।** कोयला कारोबारी सह स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) कर्मी प्रमोद कुमार सिंह के घर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी कर दो लाख 17 हजार रुपए जब्त किया। सरायढेला सहयोगी नगर स्थित प्रमोद के आलीशान घर में सर्च करने पहुंची ईडी तीन लग्जरी कार के अलावा जमीन का सेल डीड, तीन मोबाइल और प्रमोद सिंह का लैपटॉप भी जब्त कर साथ ले गई। जब्त सामान की सीजर लिस्ट टीम ने प्रमोद को सौंपी है।

गुरुवार को हुई कार्रवाई में ईडी को प्रमोद के तीन आर्म्स लाइसेंस भी मिले। ईडी ने लाइसेंस का सत्यापन कराया। सही पाए जाने के बाद लाइसेंस ईडी नहीं ले गई। 17 जुलाई को प्रमोद के किसी रिश्तेदार के घर शादी है। शादी के मद्देनजर हाल में प्रमोद ने कपड़ों और ज्वेलरी की खरीदारी की थी। घर पर पड़े पर्चेज बिल को भी ईडी ने जब्त कर लिया। कुल मिलाकर ईडी की दबिश में प्रमोद के घर से कुछ भी बड़ा हाथ नहीं लग सका।

**दो बार प्रमोद सिंह को बुला चुकी है ईडी :** प्रमोद के खिलाफ वर्ष 2016 में राज्य की एसीबी टीम ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। इसी मामले को ईडी ने टेकअप किया। मामला दर्ज करने के बाद ईडी पिछले दिनों दो बार प्रमोद को दफ्तर बुला कर पूछताछ कर चुकी है। इसी निमित्त कोर्ट से सर्च वारंट लेकर ईडी की टीम प्रमोद सिंह के साथ उसके सहयोगी भूली के अंजीव सिंह, मधुबन निवासी अश्विनी शर्मा, नावाडीह निवासी अरुण सिंह, नूतनडीह निवासी मुकेश पासवान और प्रमोद के साढू दिव्य प्रकाश सिंह के घर छापेमारी के लिए पहुंची थी।

**आठ साल से फ्रीज हैं प्रमोद के बैंक खाते :** एसीबी ने प्रमोद सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसके तीन-चार बैंक खातों को फ्रीज कर दिया था। आठ साल से ये खाते फ्रीज हैं। एसीबी ने प्रमोद सिंह के आवास की रजिस्ट्री पर भी रोक लगा रखी है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि आठ साल में एसीबी प्रमोद सिंह के खिलाफ चार्जशीट नहीं सौंप पाई। अब ईडी फ्रीज बैंक खातों में जमा रुपयों की कमाई के स्रोत पूछेगी।

**नोटिस देकर 11 को पूछताछ के लिए बुलाया :** ईडी की कार्रवाई के संबंध में पूछने पर प्रमोद सिंह के अधिवक्ता विकास भुवानिया ने बताया कि जांच में उनके मुवक्किल ईडी का पूरा सहयोग कर रहे हैं। 11 जुलाई को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस दिया है। पूछताछ में भी ईडी का हर संभव सहयोग करेंगे।

**ईडी की दबिश से प्रमोद के करीबी परेशान :** पूर्व एनआरएचएम कर्मी प्रमोद सिंह पर ईडी की दबिश ने कई स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को परेशान कर दिया है। खासकर वैसे अधिकारी और कर्मचारी, जो प्रमोद के सेवाकाल में उसके करीबी थे। इसमें कुछ डॉक्टर और कुछ कर्मचारी के नाम की चर्चा हो रही है। विभाग के कुछ कर्मचारी प्रमोद के कहने पर उसके द्वारा काटे गए चेक को लेकर बैंक जाते थे और कैश निकलकर उसके लिए लाते थे। चेक पर इन कर्मचारियों के हस्ताक्षर भी होते थे।

## सिमरिया एससी सीट पर 4 बार जीती भाजपा, विस्थापन और सिंचाई आज भी बड़ी समस्या

चतरा, एजेंसी। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है. इंडिया और एनडीए गठबंधन सियासी बिसात पर गोटियां चलाने लगे हैं. भाजपा ने दो दिग्गज केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा को प्रभारी बनाकर झारखंड भेज दिया है. इंडिया कैंप में बैठकों का दौर चल रहा है. राज्य में पांच जनवरी - 2025 तक सरकार गठन की समय सीमा तय है. नियत समय पर चुनाव हुए, तो नवंबर-दिसंबर में चुनाव होना है. अटकलें हैं कि झारखंड में विधानसभा का चुनाव हरियाणा और महाराष्ट्र के साथ अक्तूबर में हो सकता है. वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सिमरिया विधानसभा सीट जीतकर किशुनदास ने भाजपा का 12 वर्षों का वनवास तोड़ा था.

## संक्षिप्त समाचार

### बीकानेर में भारी बारिश, फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**बीकानेर , एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर शहर में शुक्रवार को मानसून की बारिश का जोरदार आलम देखने को मिला. दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। तेज धूल भरी आंधी के बाद जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते बीछवाल थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। थानाधिकारी नरेश निर्वाण ने बताया कि शोभासर इलाके में गोटा फैक्ट्री में यह हादसा हुआ। फिलहाल यह फैक्ट्री बंद हो गई। मृतक मजदूरों को लेकर अभी तक जानकारी सामने नहीं आई है। बीकानेर में मानसून की जोरदार बारिश से शहर की सड़क पूरी तरह से तरबतर हो गई। दूसरी तरफ राजधानी जयपुर में सड़क धस गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।बारिश से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई जगह वाहन चालक बंद गाड़ी को खींचते देखे गए।तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया. लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के साथ चली तेज हवा से कई जगह नुकसान हुआ। कई जगह पेड़ गिरे हैं और बिजली के पोल भी गिरने के समाचार मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### जहरीली शराब पीकर मरने वाले स्वतंत्रता सेनानी नहीं; 10 लाख के मुआवजे के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की सरकार के द्वारा कल्लकुरिची शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने के आदेश को रद्द करने के लिए मद्रास हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मोहम्मद गौस द्वारा दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, जहरीली शराब के शिकार लोग स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे। उन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई नहीं गंवाई है। नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान गई। गौस के अनुसार, नकली शराब पीना एक अवैध कार्य है। राज्य को उन लोगों पर दया नहीं करनी चाहिए, जिन्होंने नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान चली गई। उन्होंने कहा कि मुआवजा केवल दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिया जाना चाहिए, न कि उन लोगों को जिन्होंने अपने आनंद के लिए अवैध कार्य किया हो। उन्होंने कहा कि नकली और जहरीली शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश अनुचित और मनमाना है। नकली शराब पीने वालों को मुआवजा देने से मना किया जाना चाहिए तथा उन्हें पीड़ित नहीं माना जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह स्पष्ट और न्यायसंगत नहीं है कि किस आधार पर राज्य सरकार आग या किसी अन्य दुर्घटना के पीड़ितों को कम मुआवजा दे रही है। और उसी समय जहरीली शराब त्रासदी के पीड़ितों को भारी राशि दे रही है।

### अभय मुद्रा को गुरु नानक से जोड़ने पर घिरे राहुल गांधी, भड़क गई संस्था एसजीपीसी

**अमृतसर, एजेंसी।** अभय मुद्रा को गुरु नानक देव से जोड़ने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी घिर गए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने कांग्रेस नेता की ओर से संसद में की गई हालिया टिप्पणियों पर शुक्रवार को कड़ा संज्ञान लिया। साथ ही, उन पर अभय मुद्रा को गुरु नानक देव की विचारधारा से जोड़ने का आरोप लगाया। एसजीपीसी ने बयान में कहा, 'राहुल गांधी ने गुरु नानक का संदर्भ देते हुए कहा कि गुरु साहब की छवि अभय मुद्रा दर्शाती है, यह पूरी तरह से गलत है। प्रस्ताव में यह स्पष्ट किया गया कि गुरु साहब ने ऐसी किसी भी मुद्रा या आसन को मान्यता नहीं दी।संसद में राहुल गांधी की ओर से गुरु नानक देव के दर्शन और छवि को लेकर की गई टिप्पणियों पर एसजीपीसी ने कड़ा ऐतराज जताया।

# कश्मीर में चुन-चुनकर मारे जाएंगे पाकिस्तान से भेजे गए आतंकवादी, सेना ने बनाया प्लान

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के सफाए के लिए सुरक्षा बल और जांच एजेंसियां कई स्तरों पर रणनीति बनाकर काम कर रही हैं। एक तरफ घुसपैठ रोकने का ठोस ब्लूप्रिंट बनाया गया है। स्थानीय युवाओं के विशेष दस्तों कोघुसपैठ रोधी टीम में तैनाती किया जा रहा। वहीं लोकल ह्युमन इंटलीजेंस को मजबूत करने के लिए सीमावर्ती इलाको में युवाओं की टीम बनाकर उन्हें सुरक्षा बलों से जोड़ा जा रहा है। आतंक से आर-पार की लड़ाई के लिए स्पेशल तकनीकी टीम भी तैयार की गई है जो ह्युमन इंटलीजेंस इनपुट का त्वरित तकनीकी विश्लेषण करके इसकी अहम जानकारी सुरक्षा बलों से साझा करेगी। आतंकियों के मूवमेंट वाले इनाकों में कई टुकडियां मिलकर अभियान चलाएंगी। इसके अलावा एसपीओ की भर्ती बढ़ाने के लिए खाका तैयार है। वहीं अत्याधुनिक हथियारों के साथ सीआरपीएफ की कई बटालियन संवेदनशील इलकों में तैनात

की जा रही है। यह बटालियन आतंकरोधी अभियान में विशेष रूप से दक्ष हैं। सेना के सहयोग के साथ हर स्तर पर एंटी टेरर यूनिट सक्रिय की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि हमारा फोकस समयबद्ध तरीके से आतंक के गढ़ का खात्मा करने के अलावा नए क्षेत्रों में आतंक का प्रसार रोकना है। जांच एजेंसियों को भी आतंकी मददगार तंत्र पर नकेल कसने में तेजी को कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि सीमा पार पाकिस्तान में बैठे आतंकी आका लगातार बड़े हमले करवाने की फिराक में हैं। सेना और सुरक्षाबलों को मिले विशेष इनपुट के मुताबिक फिलहाल कश्मीर घाटी में कुल 135 आतंकवादी एक्टिव हैं। इनमें से 110 पाकिस्तानी हैं। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद आखिरी चरण में है। दरअसल इसके पीछे सुरक्षा एजेंसियों की ओर से बनाया गया वह ब्लूप्रिंट है जिसमें आतंक की कमर तोड़ने का पूरा खाका है। पहला लक्ष्य घाटी में मौजूद आतंकियों का खात्मा करना है और उनके मददगारों की भी कमर तोड़नी है। आतंकी मददगारों पर आंतक की धाराओं के तहत सख्ती के अलावा उनकी संपत्तियों की जब्ती की जा रही है। सरकार और सुरक्षाबल आतंक से निपटने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

**आतंकी सुरक्षाबलों के लिए चुनौती:** अभी भी घाटी में सौ से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सुरक्षाबलों के लिए चुनौती हैं। सुरक्षा बल इन्हें मार गिराने की रणनीति पर काम कर रहे। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में लगातार एक क्रिटिकल संख्या बनाए रखता है। यह संख्या कम होती है तो नए आतंकी घुसपैठ करके आ जाते हैं।

## हाथरस के हादसे के बाद ओडिशा पुलिस ने लिया सबक, यात्रा के लिए एआई से मदद लेने का लिया फैसला

**पुरी, एजेंसी।** पिछले मंगलवार के यूपी के हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में करीब 122 लोगों की जान चली गई था। अब रविवार को ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की यात्रा होगी, जिसमें करीब 10 लाख से ज्यादा भक्तों के आने की उम्मीद है। ऐसे में ओडिशा पुलिस ने हाथरस हादसे से सबक लेते हुए पुरी की जगन्नाथ यात्रा में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ए आई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। इस यात्रा के दौरान ए-आई कैमरों और ड्रोन के जरिए पुलिस भीड़ का मैनेजमेंट करने का प्रयास करेगी। पुरी की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा दुनियाभर में विख्यात है। हर बार इस समारोह में शामिल होने के लिए लाखों भक्त दुनियाभर से पुरी में आते हैं। इस बार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी इस यात्रा में शामिल होने के लिए पुरी आएंगी। साथ ही इस बार भक्तों के आने के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटने के आसार है। इस बार यात्रा में करीब 10 से 13 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। एडीजी(कानून व्यवस्था) संजय कुमार ने बताया कि पुलिस पहली बार ए-आई कैमरों और ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रही है। यह यातायात और भीड़ के मैनेजमेंट की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इसके द्वारा भीड़ का पता लगाने , वाहन की गिनती करने और सही समय पर सही जानकारी प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलेगी। रथ यात्रा के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ओडिशा पुलिस ने सार्वजनिक घोषणा प्रणाली से लैस पांच अत्याधुनिक जग ड्रोन को इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। कुमार ने टीओआई को बताया कि हमारा लक्ष्य तीन किमी लंबी ग्रैंड रोड पर जहां रथ को खींच कर ले जाया जाएगा।

## एक साथ दो जगह से पास की 12वीं की परीक्षा? फर्जी मार्कशीट मामले में घिरे डीयूएसयू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष तुषार डेढ़ा विवादों में आ गए हैं। डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया ने शुक्रवार को तुषार डेढ़ा के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए 'फर्जी' मार्कशीट का इस्तेमाल करने की शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, डेढा ने किसी भी तरह का गलत काम करने की बात से इनकार किया है और कहा है कि वह मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। शिकायत में एनएसयूआई के सदस्य ने आरोप लगाया है कि डेढ़ा के पास अलग-अलग बोर्ड - सीबीएसई और यूपी बोर्ड से 12वीं क्लास की दो मार्कशीट हैं, जो उन्होंने 2016 में इसी अवधि में नियमित छात्र के रूप में प्राप्त की थीं। शिकायत में कहा गया है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य तुषार डेढ़ा ने दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला पाने के लिए ''अवैध साधनों'' का इस्तेमाल किया और अपनी योग्यता के बारे में 'गलत तथ्य' दिए। उन्होंने डूसू अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के उद्देश्य से अपनी योग्यता के बारे में गलत बयान और हलफनामा भी दाखिल किया। गलत जानकारी देकर उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ धोखाधड़ी की है। प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, डेढा के पास इंटरमीडिएट कक्षा (12) के दो परीक्षा प्रमाण पत्र/मार्कशीट हैं, एक सीबीएसई से आर्ट्स स्ट्रीम में जिसका रोल नंबर 9130384 है और दूसरा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से साइंस स्ट्रीम में जिसका रोल नंबर 0322496 जिला/विद्यालय कोड 06/1328 है, दोनों में ही वह वर्ष 2016 में नियमित छात्र के रूप में पास हुए थे। इसमें आरोप लगाया गया कि यह सीबीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड के परीक्षा उपनियमों का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि डीयूएसयू अध्यक्ष पद के चुनाव के नतीजों को अमान्य घोषित किया जाए और डेढा को उनके पद से बर्खास्त किया जाए क्योंकि उन्होंने अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने के लिए अपनी योग्यता के बारे में कथित तौर पर गलत बयान और हलफनामा दाखिल किया था। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने शिकायत और डेढा की मार्कशीट की एक कॉपी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट की और उन पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।

## महर्षि आश्रम ट्रस्ट की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा; अवैध रूप से काटी कॉलोनियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** करीब 33 साल पहले महर्षि आश्रम ट्रस्ट को दी गई 20 हेक्टेयर जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। बीते चार-पांच साल से आश्रम की जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटने का मामला काफी सुर्खियों में है। अब इस जमीन को लेने के लिए ट्रस्ट ने शासन में अपील की। शासन के निर्देश पर इस मामले की जांच शुरू हो गई है। नोएडा विकास प्राधिकरण को पत्र भेजकर आश्रम को दी गई करीब 20 हेक्टेयर जमीन से संबंधित फाइलें मांगी हैं। शासन के पत्र के बाद प्राधिकरण ने संबंधित जमीन की फाइलों को खंगालना शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर महर्षि आश्रम ट्रस्ट की करीब 20 हेक्टेयर जमीन से संबंधित फाइलें मांगी हैं। इस मामले में प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मांगी गई सूचना को शासन के पास भेज दिया जाएगा।

इस जमीन का एरिया करीब 20 हेक्टेयर है। आश्रम की जमीन गेझा तिलपताबाद, भंगेल, बेगमपुर, हाजीपुर और सलरपुर के क्षेत्र में थी।

जानकारों के मुताबिक महर्षि आश्रम ट्रस्ट ने शासन में आवेदन करके मांग की है कि वर्ष 1990 में सीलिंग के दौरान उसकी करीब 20 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। ये जमीन उसे वापस चाहिए। आवेदन में कहा गया है कि आश्रम की जमीन गेझा तिलपताबाद, भंगेल, बेगमपुर , हाजीपुर और सलरपुर के क्षेत्र में थी। इस जमीन का एरिया करीब 20 हेक्टेयर है, जिसके दस्तावेज आश्रम के पास हैं। अब ये जमीन आश्रम वापस लेना चाहता है।

जमीन पर अवैध निर्माण है। अब उसे अपने विस्तार के लिए इस जमीन पर काम कराने हैं। इसके बाद शासन ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर जमीन का पूरा लेखा जोखा मांगा है। बताया जाता है कि वर्ष 1990 में जिसके पास 12.5 एकड़ से ज्यादा की जमीन थी, वे सीलिंग में चली गई थी। अब प्राधिकरण ने दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

पूरे शहर की जमीन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में आती है। ऐसे में यहां अपने खेत और घर बनाने के अलावा बिना अनुमति के व्यावसायिक रूप से फ्लैट बेचने, कॉलोनी काटा जाना पूरी तरह से अवैध है। इसी नियम का उल्लंघन महर्षि आश्रम की जमीन पर किया जा रहा है। सेक्टर-107 स्थित प्रतीक एडिफिस व ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी के पीछे एक जमीन के बड़े हिस्से में भूमाफिया कॉलोनी काट भूखंड और फ्लैट बनाकर बेच रहे हैं। यहां ट्रस्ट से कुछ भूमाफिया ने जमीन लेकर पिछले चार-पांच साल पहले निर्माण शुरू किया था।

## कांवड़ यात्रा के लिए एनएच 58 और दिल्ली, मेरठ एक्सप्रेसवे पर 22 से भारी वाहन बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सावन महीने में आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 22 जुलाई से 4 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से दिल्ली को हरिद्वार से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 58 (एनएच 58) और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यातायात पर रोक रहेगी।

मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ध्रुवकांत ठाकुर ने गुरुवार को पश्चिमी यूपी के 14 जिलों, उत्तराखंड, हरियाणा और दिल्ली के एसपी, एएसपी और अन्य अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा के लिए यातायात योजना पर चर्चा की और 22 जुलाई से एनएच 58 पर भारी वाहनों के चलने पर रोक लगाने का फैसला किया।

एडीजी ने योजना के बारे में एचटी से बात करते हुए कहा कि 22 जुलाई से एनएच 58 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा, जबकि 25 जुलाई से हल्के और मध्यम हल्के वाहनों को एनएच 58 के बाईं ओर (दिल्ली से हरिद्वार जाते समय) ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2 अगस्त को शिवरात्रि का पर्व है और जुलाई के अंतिम सप्ताह में सड़कों पर कांवड़ियों की आमद बढ़ जाएगी। इसलिए एनएच 58 पर हरिद्वार से मेरठ के बीच केवल हल्के और मध्यम हल्के वाहनों को ही जाने की अनुमति दी जाएगी और 29 जुलाई से 4 अगस्त तक एनएच 58 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षित उनके

गंतव्य तक पहुंचाने के लिए संबंधित जिलों के अधिकारियों को रूट डायवर्जन प्लान बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बीच, यात्रा के दौरान कांवड़ियों की भारी आमद पर नजर रखने के लिए 14 जिलों का एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा। इस ग्रुप से जुड़े अधिकारी अन्य जिलों के अपने समकक्षों को अपडेट रखेंगे, ताकि उसके अनुसार पर्याप्त व्यवस्था की जा सके। एडीजी ने कहा कि यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी भी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए 6 जुलाई को मेरठ में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## समय पर नहीं दी आरसी तो रद्द होगा लाइसेंस! दिल्ली सरकार का डीलरों को सख्त आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने ऐसे कार डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं जो समय पर पंजीकरण प्रमाणपत्र नहीं सौंपता है। शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश देते हुए गहलोत ने कहा कि ऐसे कार डीलरों का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। बता दें कि दिल्ली सरकार ने 2021 में गाड़ी खरीदने वालों के लिए सीधे कार डीलरों से आरसी लेने की सुविधा शुरू की थी।

शुक्रवार को दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने एक अधिकारिक बयान जारी करते हुए यह निर्देश दिया है। गहलोत ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन कार डीलरों के पास खुद से पंजीकरण करने की सुविधा है, वो कार खरीदारों को उसी दिन आरसी दे दें। ऐसा ना करने पर अधिकारियों को कार डीलरों के खिलाफ ऐक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। गहलोत ने बताया कि उन्हें कार खरीदारों से शिकायत मिली थी कि कार खरीद के बाद उनको आरसी मिलने में देरी हो रही है। इस शिकायत पर तुरंत ऐक्शन लेते हुए शुक्रवार को गहलोत ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक बुलाकर यह निर्देश जारी किया है।

इस बारे में जानकारी देते हुए कैलाश गहलोत ने कहा कि इस आदेश का पालन ना करने वाले सभी

कार डीलरों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। गहलोत ने कहा कि समय पर आरसी ना देने वाले कार डीलरों के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए विभाग उनके लाइसेंस को भी रद्द कर सकता है। इसके साथ परिवहन विभाग ने सभी जिलों में निर्देश देते हुए कहा है कि सभी डीलरों से आरसी जारी करने की रिपोर्ट मांगी जाए और आदेश का पालन ना करने वाले डीलरों पर सख्त कार्रवाई भी की जाए।

बता दें कि दिल्ली सरकार ने 2021 के मार्च महीने में स्व-पंजीकरण की सुविधा शुरू की थी। इसके तहत पहली आरसी 17 मार्च को पहली आरसी जारी की गई थी। बाद में इसको पूरे दिल्ली में लागू करते हुए सभी डीलरों को स्व-पंजीकरण की सुविधा दे दी गई।

## 50 लाख की फिरौती मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने दो बच्चों का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान मंडावली निवासी प्रतीक श्रीवास्तव के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रुपयों की तंगी के चलते उसने यह साजिश रची थी।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी पिछले कई दिन से देख रहा था कि विकास मार्ग स्थित हीरा स्वीट्स पर परिवार के साथ मिठाई लेने वाले लोग अक्सर बच्चों को ज्यादा गर्मी के चलते गाड़ी में ही छोड़ देते हैं और कार का इंजन चालू रहता है। यह देखकर उसे वारदात करके रुपये कमाने का विचार आया। 28 जून को उसने घटना को अंजाम दिया। वह एक कार में बैठ गया और उसे पार्किंग में लगाने के बहाने ले जाने लगा। इसके बाद कार को तेजी से भगाते हुए आउटर रिंग रोड की ओर ले गया। कार में बैठे बच्चों द्वारा

विरोध करने पर उन्हें हथौड़ा और चॉपर दिखाकर चुप करा दिया। इसके बाद उनके माता-पिता को कॉल कर 50 लाख रुपये मांगने लगा। वारदात के दौरान कार में 11 वर्षीय लड़की और 3 वर्षीय लड़का बैठा हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शकरपुर थाना एसएचओ संजय गुप्ता, लक्ष्मीनगर के एसएचओ सुरेंद्र शर्मा, एंटी नारकोटिक्स टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर अरुण कुमार और स्पेशल स्टाफ इंचार्ज अजीत सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस की चार टीमों ने तत्काल आरोपी का पीछा शुरू किया। अभियान में बाहरी उत्तरी दिल्ली पुलिस व आरपीएफ की भी मदद ली गई। करीब तीन घंटे तक तकनीकी टीम की मदद से आरोपी की लोकेशन लेकर पुलिस की 20 गाड़ियों ने 200 किलोमीटर तक आरोपी का पीछा किया। अंत में खुद को फंसता देख आरोपी बच्चों को समयपुर बादली इलाके में कार में छोड़कर फरार हो गया। इस दौरान पीछा कर रही टीमों ने बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। आरोपी ने कार में रखे महिला के पर्स से 5700 रुपये ले लिए। हालांकि, यहां रखे गहने व अन्य सामान वह नहीं ले जा सका। इसके साथ ही आरोपी ने अपना चॉपर और हथौड़ा भी कार में ही छोड़ गया। इसके बाद पुलिस टीमों ने 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाली और गुरुवार को आरोपी प्रतीक की पहचान कर उसे मंडावली इलाके में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

विकास मार्ग स्थित हीरा स्वीट्स पर परिवार के साथ मिठाई लेने वाले लोग अक्सर बच्चों को ज्यादा गर्मी के चलते गाड़ी में ही छोड़ देते है।

## डिलिवरी बॉय बनकर आए थे 6 हमलावर और कर दी तमिलनाडु बीएसपी चीफ की हत्या

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या कर दी गई। छह बाइक सवार लोगों ने हमला कर उनकी हत्या को अंजाम दिया। उस समय हमला किया जब वह शहर के सेम्बियम इलाके में अपने घर के पास पार्टी के कुछ पदाधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यह बदला लेने के लिए की गई हत्या हो सकती है। पिछले साल गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की हत्या की गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एनडीटीवी से कहा, हत्या के इस मामले में हमने अब तक 8 संदिग्धों को पकड़ा है। यह एक प्रारंभिक जांच है। हमने दस टीमें बनाई हैं। हम अपराधियों को सामने लाने के लिए काम कर रहे हैं। इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद हम हत्या के पीछे के मकसद का पता लगा पाएंगे। हत्या में कुछ धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावर डिलिवरी बॉय बनकर आए थे। पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। सेम्बियम पुलिस निरीक्षक को इस मर्डर केस को सुलझाने का काम सौंपा गया है। विपक्ष ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पर निशाना साधा है और कहा है कि यह हत्या राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का सबूत है। विपक्ष के नेता एडप्पादी पलानीस्वामी ने कहा, जब एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की हत्या हो जाती है तो मैं क्या कहूं? कानून व्यवस्था शर्मनाक है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभय सिंह एशियन डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप के दो सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतिभाशाली अभय सिंह जोहोर (मलेशिया) में चल रही एशियन डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप में दो सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शुक्रवार को, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिश्रित युगल के अंतिम चार में पहुंच गए और राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार के साथ पुरुषों के ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहे और सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुष वर्ग में, अभय और वेलावन ने मलेशिया के हाफ़िज़ ज़फ़री / डंकन ली को 11-3, 11-9; से तथा हांगकांग के लाउ त्सज़ क्वान / चुंग याट लुंग को 11-8, 11-10 से हराया । मिश्रित युगल में क्वार्टरफ़ाइनल में अभय और जोशना ने मलेशियाई जोड़ी सयाफिक कमाल / ऐरा आज़मान को 11-9, 11-6 से पराजित किया।

**पुर्तगाल वर्सेस फ्रांसः**

### यूरो कप 2024 में फ्रांस से पेनल्टी शूटआउट में हारकर बाहर हुई पुर्तगाल, अब स्पेन से सामना

**बर्लिन, एजेंसी।** फ्रांस की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उसका सामना अंतिम-4 में स्पेन से होगा। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर छूटा था। फ्रांस की टीम यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

उसने शुक्रवार खेले गए मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हरा दिया। इस हार के साथ पुर्तगाल की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई, जबकि फ्रांस की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उसका सामना अंतिम-4 में स्पेन से होगा। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर छूटा था।

पेरिस ओलंपिक

# पिछले छह सात महीनों के नतीजों से किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं कर सकते : साइना नेहवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिंधू फ्रांस की राजधानी में अपने लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए प्रयास करेंगी। सिंधू ने घुटने की चोट से उबरने के बाद इस साल फरवरी में खेल में वापसी की है। चोट से वापसी के बाद सिधू के खेल में निरंतरता कमी रही है। वह इस दौरान सिर्फ मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में पहुंची है और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। लंदन ओलंपिक की कांस्य विजेता साइना नेहवाल ने दो बार की पदक विजेता पी वी सिंधू का समर्थन करते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक में पदक के लिए उनके हालिया प्रदर्शन को पैमाना नहीं बनाया जाना चाहिये और वह समय पर लय हासिल कर लेंगी।

साइना ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने की संभावना काफी हद तक फिटनेस और अभ्यास पर निर्भर करेगी। सिंधू फ्रांस की राजधानी में अपने लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए प्रयास करेंगी। सिंधू ने घुटने की चोट से उबरने के बाद इस साल फरवरी में खेल में वापसी की है। चोट से वापसी के बाद सिधू के खेल में निरंतरता कमी रही है। वह इस दौरान सिर्फ मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में पहुंची है और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। साइना ने कहा, आप पिछले छह सात महीनों के नतीजों से किसी भी खिलाड़ी का आकलन नहीं कर सकते। सिंधू कई वर्षों से वास्तव में अच्छा खेल रही है और उसके पास काफी अनुभव है। यह सिर्फ इतना है कि उस विशेष टूर्नामेंट में क्या होता है, यह उस समय पर निर्भर करेगा जब आयोजन शुरू होगा।

पिछले छह – सात महीने में वह ज्यादा मैच नहीं जीती है लेकिन यह मुकाबले काफी करीबी रहे हैं। उन्होंने कहा, जीत या हार आपकी लय को नहीं दिखाते हैं लेकिन आप कभी भी इसे हासिल कर सकते है। शीर्ष स्तर पर सभी खिलाड़ी वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं। मुझे यकीन है कि सिंधू लय और पदक हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत पूरी कोशिश कर रही होंगी। सिंधू के लिए पिछले कुछ समय में सबसे ज्यादा परेशानी की बात यह रही है कि वह मैच पर पकड़ बनाने के बाद उसे जीत में नहीं बदल पा रही है।

सिंधू इस समय जर्मनी के सारब्रुकन में ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को को अंतिम रूप दे रही हैं। साइना ने कहा कि ऐसी चिंताओं (अच्छी स्थिति से मैच हारना) से छुटकारा पाने के लिए अभ्यास ही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा, इन खामियों को अभ्यास से ही दूर किया जा सकता है। आपके अभ्यास में कमी है तो कोई भी खिलाड़ी आपको हरा सकता है लेकिन अगर अपने अच्छे से प्रशिक्षण लिया है तो ऐसी चीजें कम होंगी। यह वास्तव में मायने रखता है। साइना ने कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल के पास पेरिस में स्वर्ण जीतने का सुनहरा मौका है। साइना ने कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल के पास पेरिस में स्वर्ण जीतने का सुनहरा मौका है। हैदराबाद की इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, पुरुष युगल में हमारे पास स्वर्ण जीतने की बहुत मजबूत संभावना है। उन्होंने कहा, पुरुष एकल बहुत मुश्किल है क्योंकि उनमें से 10-11 खिलाड़ी समान स्तर पर हैं। मुझे यकीन है कि हम परिणाम केवल उस विशेष तारीख पर ही जान पाएंगे क्योंकि आप कभी नहीं जानते कि एक खिलाड़ी उस टूर्नामेंट में कैसा खेलेगा। पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन भारत की कमान संभालेंगे।

घुटने की चोट के कारण पिछले साल जून में सिंगापुर ओपन के पहले दौर से बाहर होने के बाद से साइना ने कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। साइना ने कहा कि वह वापसी की कोशिश कर रही है लेकिन घुटने की चोट से हाल फिलहाल में ऐसा संभव नहीं है।

# गॉफ ने कार्टल को हराया, राडुकानू सकारी को हराकर चौथे दौर में

**लंदन, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने खचाखच भरे नंबर 1 कोर्ट पर ब्रिटिश क्वालीफायर सोने कार्टल को सीधे सेटों में 6-4, 6-0 से हरा दिया, जबकि पूर्व यूएस ओपन विजेता और वाइल्ड कार्ड एम्मा राडुकानू नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को हराकर शुक्रवार को यहां विंबलडन में महिला एकल के चौथे दौर में पहुंच गई।

दुनिया की 298वें नंबर की कार्टल शुक्रवार को आत्मविश्वास के साथ कोर्ट पर उतरी थीं और ओपन युग में क्वालीफाइंग के बाद तीसरे दौर में पहुंचने वाली वह केवल दूसरी ब्रिटिश महिला थीं। वह शायद गॉफ का अनुकरण करने की उम्मीद कर रही होंगी, जिन्होंने 2019 में इसी कोर्ट पर 15 साल की उम्र में सनसनी फैला दी थी, जब उन्होंने पांच बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को चौंका दिया था। लेकिन कार्टल की यात्रा केवल एक घंटे में समाप्त हो गई क्योंकि गॉफ उससे आगे निकल गई और कुल मिलाकर केवल चार गेम ही गंवाए। जैसे ही बंद नंबर 1 कोर्ट की छत पर बारिश हुई, गॉफ दूसरे सप्ताह तक पहुंचने के लिए आसान विजेता बनकर उभरी और यहां अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। यूएस ओपन चैंपियन को अगर यहां अपना प्रवास बढ़ाना है तो उन्हें अगले दौर में तेजी से उभरती हमवतन एम्मा नवारो को हराना होगा। जब गॉफ़ एक स्थानीय स्टार से बेहतर प्रदर्शन कर रही थी, तभी एक और स्टार ने मौके का फायदा उठाया और एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर चौथे दौर में पहुंच गईं। राडुकानू ने नंबर 9 वरीयता प्राप्त मारिया सकारी पर 6-2, 6-3 से जीत के साथ विंबलडन के दूसरे सप्ताह में ब्रिटिश प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया।

सेंटर कोर्ट पर एक बंद छत के नीचे, 2021 यूएस ओपन चैंपियन राडुकानू ने 1 घंटे और 32 मिनट के खेल में नौवीं रैंकिंग वाली सकारी को पछाड़कर अपने घरेलू दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

वर्तमान में विश्व में 135वें स्थान पर रहीं, राडुकानू ग्रास-कोर्ट स्विंग के दौरान अपनी मजबूत फॉर्म बनाए हुए हैं - वह 2023 में चोटों और सर्जरी से उबरने के दौरान टूर्नामेंट से चूक गई थीं।

# सूर्यकुमार अगर वो कैच छोड़ देता तो उसे बाहर बिठा देता: रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा कि रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी 20 अंतरराष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे। लेकिन जब भी हम एक टी 20 मैच देखेंगे , हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि रोहित ने हमें एक ही दिन में अच्छी और बुरी खबर दोनों दीं। उन्होंने टी 20 विश्व कप जीता लेकिन साथ ही टी 20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में संन्यास की घोषणा भी कर दी। उनका नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए लिखा जा चुका है। रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है।

इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा कि मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

# ओलंपिक 2028 में खेलेंगे विराट और रोहित, राहुल द्रविड़ ने किया खुलासा!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने 17 सालों के टी20 वर्ल्ड कप के इंतजार को खत्म किया और 4 जुलाई को भारत पहुंचे। जहां सबसे पहले वह भारत के प्रधानमंत्री से मिलने के लिए पीएम आवास पहुंचे।

इस दौरान पीएम मोदी ने टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके अनुभवों के बारे में जाना। प्रधानमंत्री से मिलने के लिए टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ भी पहुंचे थे। राहुल द्रविड़ ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 2028 ओलंपिक के लिए भारत की तैयारियों के बारे में अपने विचार साझा किए

**विराट ने जोड़ लिए हाथ**

हेड कोच के इस बात से वहां बैठे सभी क्रिकेटर और पीएम मोदी को हंसने लगे क्योंकि पिछले हफ्ते वर्ल्ड कप फाइनल खत्म होने के बाद रोहित और विराट दोनों ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा की थी।

राहुल द्रविड़ ने कहा कि मोदीजी, हम क्रिकेटरों को ओलंपिक में भाग लेने का अवसर नहीं मिलता, लेकिन अब क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है। यह क्रिकेटरों, देश और क्रिकेट बोर्ड के लिए बहुत बड़ी बात होने जा रही है। हमें टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। और दूसरे खिलाड़ियों के साथ रहना, उनसे सीखना, बहुत अच्छी बात है।

**राहुल का बड़ा बयान**

इस दौरान राहुल द्रविड़ ने कुछ ऐसा कह दिया जिसे सुनकर वहां बैठा हर कोई हंस पड़ा। द्रविड़ ने ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के महत्व के बारे में बात की और कहा कि यह क्रिकेट के लिए गर्व की बात है। अपनी बातचीत के अंत में द्रविड़ ने कहा कि 2024 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के कई खिलाड़ी, जिनमें युवा रोहित और विराट भी शामिल हैं, 2028 ओलंपिक में भाग लेंगे।

# मोहम्मद सिराज का हीरो की तरह वेलकम

● टी-20 वर्ल्ड चैंपियन के स्वागत में पूरा हैदराबाद शहर सड़कों पर उमड़ आया

**हैदराबाद, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज पांच जुलाई को अपने होमटाउन हैदराबाद पहुंचे। इस दौरान मोतियों के शहर ने सिराज का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दाएं हाथ के इस स्टार तेज गेंदबाज ने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अपने लोकल हीरो का हैदराबाद के लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया। भारत की विश्व कप विजेता टीम में शामिल होने वाले हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े एकमात्र क्रिकेटर सिराज का स्वागत करने के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। मोहम्मद सिराज सिर्फ लीग स्टेज राउंड ही खेल पाए थे। सुपर-8 और नॉकआउट स्टेज के लिए वह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में असफल रहे, लेकिन तीन मैच में दो फील्डिंग मेडल और एक विकेट के साथ उनका योगदान नकारा नहीं जा सकता।

# इंडिया विमेंस ने पहला टी-20 गंवाया

● साउथ अफ्रीका 12 रन से जीता, टॉप ऑर्डर के सामने फ्लॉप रहीं इंडियन बॉलर्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका को टेस्ट और वनडे सीरीज में एकतरफा हराने के बाद इंडिया विमेंस टीम को पहले टी-20 में हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शुक्रवार रात साउथ अफ्रीका को 12 रन से जीत मिली। साउथ अफ्रीका से ओपनर ताजमिन ब्रिट्स ने 81, मारिजान कैप ने 57 और कप्तान लौरा वॉल्वार्ट ने 33 रन बनाए। टॉप ऑर्डर ने टीम का स्कोर 189 तक पहुंच दिया। जिसके जवाब में टीम इंडिया 4 विकेट गंवाकर भी 177 रन ही बना सकी। शतक चूकीं ब्रिट्स प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। सीरीज का दूसरा टी-20 मैच 7 जुलाई को चेन्नई में शाम 7 बजे से खेला जाएगा।

इंडिया विमेंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। साउथ अफ्रीका से वॉल्वार्ट और ब्रिट्स ने 7 ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। 8वें ओवर में राधा यादव ने वोल्वार्ट को बोल्ड किया और ओपनिंग पार्टनरशिप तोड़ी। वोल्वार्ट ने 33 रन बनाए।नंबर-3 पर उतरीं अनुभवी ऑलराउंडर मारिजान कैप ने ओपनर ब्रिट्स का साथ दिया। दोनों ने 12वें ओवर में ही टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। ब्रिट्स ने पूजा वस्त्राकर के खिलाफ 16वें ओवर में चौका लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में कैप ने भी चौका लगाकर अर्धशतक पूरा कर लिया। 17वें ओवर में राधा यादव ने ही कैप को कैच आउट कराया, कैप ने 57 रन बनाए। इस विकेट के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी भी टूटी। इसी ओवर की आखिरी 2 गेंदों पर ब्रिट्स ने 2 सिक्स लगाकर ओवर को बड़ा बना लिया।

आखिरी 3 ओवरों में ब्रिट्स ने क्लो ट्रायन के साथ टीम का स्कोर 185 के पार पहुंचा दिया। ट्रायन ने 12 रन बनाए। वहीं ब्रिट्स पारी की आखिरी बॉल पर 81 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों को पूजा वस्त्राकर ने पवेलियन भेजा। टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 189 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने भारत को भी मजबूत शुरुआत दिलाई।

दोनों ने 5 ही ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। अच्छी शुरुआत के बाद छठे ओवर में आयाबोंगा खाका ने शेफाली को कॉट बिहाइंड करा दिया। शेफाली ने 18 रन बनाए। दयालन हेमलता नंबर-3 पर उतरीं, लेकिन उन्होंने मंधाना पर ही दबाव बना दिया। अगले 5 ओवर में 5 ही चौके आए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### करंट लगने से 40 वर्षीया महिला की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के भदुकी कला निवासी धरमू चौहान के 40 वर्षीय पत्नी लाल मुनी देवी घर में करंट लगने से मौत हो गई। परिजन ने बताया कि घर में पंखा चालू करने के दौरान करंट लगने से घायल हो गई ।परिजन द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉ मो इरफान व डॉक्टर तलत परवीन के द्वारा नस टटोलते ही मृत घोषित कर दिया।

### शराब पीकर मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** गोह पुलिस ने देवहरा बाजार से शराब पीकर मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया देवहरा बाजार में एक युवक शराब के नशे में मारपीट कर रहा है। जब पुलिस टीम घटना स्थल पर गई तो देखा गया की देवहरा गांव निवासी रघुनाथ प्रसाद सोनी शराब के नशे में मारपीट कर रहा है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार रघुनाथ प्रसाद सोनी को जेल भेज दिया है।

### राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच का 12वां स्थापना दिवस संपन्न

**देव (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच का 12वां स्थापना दिवस देव में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र गुप्ता नें किया। समारोह में मंच के सभी सदस्यों ने कहा कि फसलों का सही मूल्य नही मिलना किसानों के लिए एक बड़ी समस्या है। किसान समाज के सबसे महत्वपूर्ण सदस्यों में एक है। वह व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए लोगों को भोजन देते है। किसान वह होता है, जो खेत का मालिक होता है और उसका संचालन करता है। कोरोनाकाल में भी किसानों ने खेती कर देशवासियों का पेट भरा। पूरा समाज किसान की मेहनत का ऋणी है। इसलिए किसान मजदूर मंच का युवाओं का आह्वान करता है कि वे बेरोजगारी क़ो दूर करने के लिए दूसरे राज्यों में नही जाएं और अपने ही गांव में उन्नत तरीके से खेती कर जीविकापार्जन की प्रथा क़ो कायम रखें।सरकार किसी की भी हो, किसान अपनी अपनी समस्याओं क़ो बुलंदी से उठाते रहते है। यही उनकी सच्ची देशभक्ति है। इसलिए कुटकु डैम और राईट बटाने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए जरुरत पड़ी तो फ़िर से औरंगाबाद जिले में हम किसान नेता राकेश टिकैत को लानें का काम करेंगे। स्थापना दिवस समारोह में मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव राजेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजदेव पाल, किसान नेता रवींद्र सिंह, सुरेंद्र चौरसिया, भूपेश यादव, दीपक गुप्ता, उमा सिंह, उपेंद्र यादव, रामाशीष यादव, इक़बाल एहमद, सुरेंद्र राम एवं बलिराम चंद्रवंशी समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### राशन कार्ड मामले में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: एसडीओ

**ओबरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** ओबरा प्रखंड परिसर के अंचल कार्यालय में शुक्रवार को दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार ने पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक की और कई निर्देश दिए। एसडीओ ने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया और कहा कि जो भी राशन कार्ड पेंडिंग है उसे निष्पक्ष तरीके से जांच करें। लापरवाही बरतने पर कारवाई निश्चित होगी। ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों को राशन देना सुनिश्चित किया जाए। अगर कहीं पर भी परेशानी होती है तो वरीय पदाधिकारी से संपर्क करें। राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि दाखिल खारिज, परिमार्जन, मापी सहित अन्य कार्यों को समय सीमा के अंदर निष्पादित करें। जमीन विवाद को सभी सीओ गंभीरता पूर्वक जांच करें। जमीन विवाद में किसी तरह की बात विवाद ना हो इसका ख्याल रखते हुए संबंधित थाने के साथ समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था बनाए रखें। क्षेत्र में अंचल से संबंधित सारे कार्यों को सही ढंग से निष्पादन किया जाना चाहिए। वहीं उन्होंने बीबीओ से कहा कि क्षेत्र में जितनी भी विकास कार्य संचालित है उसकी मॉनेटरी सही ढंग से करें।

# हाइवा की चपेट में आने से महिला की मौत पति घायल, लोगों ने किया सड़क जाम

- विशेषज्ञों ने बताया कि हाईवे पर तेज रफ्तार और बड़े वाहनों के वजह से ऐसी हादसे होते रहते हैं।
- मृतिका की पहचान की गई, वह औरंगाबाद के राम राज्य नगर वार्ड नंबर-7 की निवासी शांती देवी थीं।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद-डाल्टेनगंज पथ के एनएच-139 पर बिजौली पेट्रोल पंप के समीप हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार महिला का मौत हो गई। मृतिका की पहचान औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के राम राज्य नगर वार्ड नंबर-7 निवासी रामप्रवेश साहु की 60 वर्षीय पत्नी शांती देवी के रूप में की गई है। शनिवार सुबह शांति देवी अपने पति राम प्रवेश साहू के साथ अंबा स्थित सतबहिनी मंदिर में पूजा करने करने के लिए निकली थी। मृतका के दो पुत्र और एक पुत्री है। मृतका के पति रामप्रवेश साहू ने बताया कि पत्नी के साथ सतबहिनी मंदिर जाने के लिए घर से निकले। एनएच- 139 पर बिजौली पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रहे हाईवा ने मेरी गाड़ी में आगे से स्पर्श किया। जिसके कारण मेरी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और मेरी पत्नी हाईवे के नीचे जा गिरी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने कहा कि हमेशा यहां तेज रफ्तार हाईवा और बड़े वाहनों के कारण लोगों की मौत होते रहती है। प्रशासन इस पर स्पीड लिमिट लगाए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुड़ गई। जानकारी के अनुसार मृतका गृहणी थी और इनके पति रामप्रवेश साहू सिंगरौली एनटीपीसी में कार्यरत थे। जो करीब 2 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं।

## करंट लगने से ऑटो चालक की मौत

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में शनिवार की दोपहर करीब एक बजे के आसपास रफीगंज थाना के समीप लगे खंभा में करंट की चपेट में आने से एक टेपु चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के संथुआ गांव निवासी बैजनाथ सिंह के 40 वर्षीय पुत्र निर्भय सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जिवित समझ कर रफीगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गये लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में लोग रफीगंज पहुंचे और बिजली विभाग के लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा की मांग को लेकर रफीगंज शिवगंज बस स्टैंड चार मोहना को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, एस आई कविता कुमारी, एस आई गीतांजलि कुमारी अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुड़ गए।अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह के द्वारा कागजी प्रक्रिया उपरांत उचित मुआवजा राशि देने की आश्वासन के बाद सड़क जाम करीब 1 घंटा बाद हटा। मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं। घटना के बाद पुत्र धर्मेंद्र कुमार, देवेन्द्र कुमार,छोटा भाई निरंजन कुमार एवं अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक 2016 से पहले मुंबई में रहकर काम करते थे फिर कुछ दिन टेंट वाला के दुकान में रहकर काम किया। पैसा इकट्ठा कर किस्त पर एक टेम्पु लिए बाद में 2022 में वह बेच दिए। 2022 के जुलाई के आसपास सेकेंड हैंड ( पुरानी) टेम्पु खरीदे और टेम्पु चलाकर भरण-पोषण परिवार का करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की 11 बजे के आसपास संथुआ बिगहा से टेम्पु पर सवारी लेकर रफीगंज गए। उधर से वापसी आने के क्रम में थाना गेट के समीप खड़ा टेम्पु को रशी से चालू करने के क्रम में वे खंभा में स्पर्श कर गए। बिजली की खंभा में करंट प्रवाहित हो रहा था।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, श्रीकान्त शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम की संयुक्त अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम से संबंधित वर्ष 2024 की जिला स्तरीय सतर्कत्ता एवं अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम से संबंधित पीड़ितों को ससमय मुआवजा राशि का भुगतान किया गया एवं हत्या के 20 मामले में मृतक के आश्रितों को माह मई 2024 तक पेंशन का भुगतान भी किया जा चुका है। साथ हीं राजेश्वर पासवान, सदस्य द्वारा अम्बेडकर भवन शाहपुर, औरंगाबाद में बनवाने के लिए जिला पदाधिकारी, महोदय से आग्रह किया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, ललित भूषण रंजन, जिला कल्याण पदाधिकारी,सुरेशकुमार,एवंअल्पसंख्यक जिला कल्याण पदाधिकारी, नीलम मिश्रा एवं विधायक गोह के प्रतिनिधि, सुरेन्द्र प्रसाद यादव एवं सदस्य राजेश्वर पासवान, मधेश्वर पासवान तथा अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## पीड़ित महिला ने अपने घर वालों से तंग आकर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु दिया लिखित आवेदन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** चंचला देवी, पति रजनीश कुमार सिंह, ग्राम कमात, थाना मदनपुर निवासी ने अपने घर वालों से तंग आकर शुक्रवार की रात्रि नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु लिखित आवेदन दिया है। इसके बाद पीड़ित महिला ने सदर - अस्पताल पहुंचकर अपना ईलाज भी करवाई है। जहां एक्सरे एवं सी.टी. स्कैन भी किया गया है। पीड़ित महिला ने जानकारी देते हुए बताया है कि दो बच्चे भी हैं। एक बच्चे का उम्र - 10 वर्ष एवं दूसरे बच्चे का उम्र - 05 वर्ष है। इसके बाद पीड़ित महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं औरंगाबाद स्थित सत्येंद्र नगर वार्ड नंबर 6 में किराए के मकान पर ही रहकर एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्य करती हूं जहां मुझे मात्र 4000 महीना पेमेंट के रूप में मिलता है इसी राशि से मैं अपने दोनों बच्चे का भरण पोषण भी करते हूं ।

## मध्य विद्यालय बभण्डी में 'बैगलेस, सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को मध्य विद्यालय बभण्डी में बैगलेस, सुरक्षित शनिवार के अंतर्गत 'मैं हूं स्वच्छता प्रेमी' विषय पर छात्र-छात्राओं को साफ-सफाई के संबंध में बताया गया। तत्पश्चात् बागवानी कराया गया, बैगलेस सुरक्षित शनिवार के फेकल शिक्षक सै.मो. दायम ने बताया कि आज विभिन्न गतिविधि के माध्यम से बच्चों को साफ-सफाई, हाथ धुलाई एवं कचरा प्रबंधक के बारे में विस्तार से बताया गया। सहायक शिक्षक विरेन्द्र कुमार ने हाथ धोने का तरीका गतिविधि के माध्यम से कर के दिखाया, उसके बच्चों को हाथ धुलाई कार्यक्रम किया गया। आज विद्यालय के सभी शिक्षकों ने वर्ग कक्ष में गीत खेल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के संबंध में बतया गया। खेल प्रभारी प्रतिमा कुमार ने अनेक खेलों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। बाल प्रेरक के रूप में छात्रा पुष्पा कुमारी वर्ग सातवीं, आकाश कुमार वर्ग सातवीं, मंशा कुमारी वर्ग आठवीं, गोलू कुमार वर्ग आठवीं ने सभी कार्यक्रम में सहयोग दिया। पूरा कार्यक्रम प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह के निगरानी में हुआ। उपस्थित शिक्षक सुनील कुमार, वरीय शिक्षक शशिकांत सिंह, सरस्वती कुमारी, ज्योति प्रभा कुजुर, प्रेम लता कुमारी, हिमांशी यादव, रीना कुमारी, आरकेश कुमार, हरिओम कुमार सभी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया।

## सेंट कैरेन्स सेकेंडरी स्कूल में गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- एनवायरनमेंट वारियर्स ने बच्चों को गौरैया के बारे में जानकारी प्रदान की, और गौरैया पर आधारित डोकोमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की।
- रैया संरक्षण से संबंधित पुस्तकें, डाक टिकट, स्तंप, पोस्टर आदि की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स के द्वारा वनमहोत्सव के अवसर पर सेंट कैरेन्स सेकेंडरी स्कूल में गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के आरंभ में एनवायरनमेंट वारियर्स के अध्यक्ष निशांत रंजन के द्वारा बच्चों को गौरैया के संबंध में जानकारी दिया गया, उसके पश्चात गौरैया पर आधारित डोकोमेंट्री फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में आयोजित गौरैया संरक्षण जागरूकता प्रदर्शनी में भी बच्चों को गौरैया संबंधित पुस्तकों, डाक टिकटों, स्तंपो, पोस्टर आदि के विषय में जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्या शर्मिष्ठा चौधरी ने किया तथा नेतृत्व हर्ष रंजन ने किया। कार्यक्रम में सोमा चटर्जी, कोडिनेटर, मार्टिन, सुमंत कुमार, गौतम कुमार, शिल्पा गुप्ता, हर्ष आनंद, स्वरूप सरकार आदि लोगों ने भाग लिया।।

## नीति आयोग के अंतर्गत संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम किया गया आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शनिवार को नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान के माध्यम से आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के चिन्हित 6 संकेतकों में संतृप्ति हेतु सभी आकांक्षी प्रखण्ड यथा- कुटुम्बा, मदनपुर, नबीनगर एवं देव में उद्घाटन कार्यक्रम समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी के द्वारा किया गया, जिसमें शामिल छात्र एवं छात्राओं, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका एवं किसानों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा प्रभात फेरी के बाद विभिन्न स्कूली बच्चों के द्वारा फुटबॉल तथा खो-खो मैच का आयोजन भी कराया गया। तत्पश्चात सभी प्रखंडों में उद्घाटन समारोह कार्यक्रम को जिला स्तरीय वरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर एवं बिहार गीत से कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम में संपूर्णता अभियान के चिन्हित 06 संकेतकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंचन कराकर लोगों को जागरूक कराया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका, आईसीडीएस एवं कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर का प्रदर्शनी भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पदाधिकारीयों के द्वारा बताया गया कि नीति आयोग के कार्यक्रम के तहत छह संकेतक के आधार पर आशान्वित ब्लॉक के रूप में चयन किया गया है। निर्धारित संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अभियान को सफल बनाएं। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवं जीविका के 6 सूचकांक निर्धारित कर तीन माह यानी 4 जुलाई से 30 सितंबर तक शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का लक्ष्य है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, उच्च रक्तचाप व मधुमेह रोगियों की पहचान करना, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराना, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, शिक्षा विभाग अंतर्गत बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण और जीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ऋण उपलब्ध कराना जैसे महत्वपूर्ण योजना शामिल है। जिसमें सभी बिंदुओं पर सौ प्रतिशत अच्छादन करना है। सरकार सभी सुविधाएं दे रहीं हैं। लेकिन उसके लिए आम लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है। सभी को जमीनी स्तर पर संगठित होकर कार्य करना है। ताकि अगले तीन माह के अंदर निर्धारित इंडीकेटर्स को प्राप्त शत प्रतिशत सफल हो सके। प्रखण्ड स्तर के संपूर्णता अभियान अंतर्गत सितंबर माह तक प्राप्त करना है।

## 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन मामलों के निष्पादनार्थ आठ बेंच गठित, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह-समझौते के आधार पर वादों के निष्पादन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने 13 जुलाई को लगने वाले वर्ष 2024 के द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की अबतक की गई जानकारी देते हुए शनिवार को प्रेसवार्ता में बताया कि विभिन्न विभागों से उनके विभाग में लंबित सुलहनीय वादों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सभी संबंधित विभागों, न्यायालय तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठके की गई है। इन सभी पहल का प्रतिफल राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन साकारात्मक परिणाम के रुप में दिखेगा। वहीं प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न न्यायालयों में अभी तक लंबित 2000 सुलहनीय वाद चिन्हित किए गए है। साथ ही 3000 से अधिक बैंक ऋण संबंधी मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है। साथ ही न्यायालय स्तर से भी बड़े पैमाने पर नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की गयी है। इससे न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण संभव हो सकेगा। जिला जज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय वादों को मिलाकर 550 वादों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पुलिस के माध्यम से नोटिस संबंधित पक्षकारों को हस्तगत कराया गया है। प्राधिकार के सचिव ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से पक्षकारो के साथ प्री-काउंसिलिग की कार्रवाई की गई है। नोटिस के तामिला के सत्यापन के लिए नोटिस पर उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर प्राधिकार के कार्यालय से युद्धस्तर पर पक्षकारो से संपर्क स्थापित कर प्री-काउंसिलिग के लिए विभिन्न तारीखों पर बुलाया जा रहा है और उन्हें अपने वादों को निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व ही प्रेरित किया जा रहा है। यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसके तहत 50 से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने की सहमति प्राप्त हो गई है।

सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत में त्वरित निस्तारण हेतु गठित बेंच के बारे में जानकारी देते बताया कि औरंगाबाद के जिला एवं अनुमंडलीय न्यायालय, दाउदनगर को मिलाकर कुल 08 बेंचों का गठन किया गया है। इसके तहत बेच संख्या-1 में मोटर दुर्घटना वाद एवं पारिवारिक वाद का निष्पादन होगा।

## अनुग्रह मध्य विद्यालय में मना अनुग्रह बाबू की पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री बिहार विभूति डा. अनुग्रह नारायण सिन्हा की पुण्यतिथि मनाया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अनुग्रह बाबू के जीवन काल में ही वर्ष 1936 में इस विद्यालय की स्थापना महेश बाबू ने उनके नाम पर किया था। बच्चों को अनुग्रह बाबू के बारे में विस्तार से बताते हुए हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने कहा कि वह बहुत ही कुशाग्र बुद्धि के थें, कोलकाता विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई पूरी करने के उपरांत भागलपुर स्थित टीएनबी कॉलेज में अध्यापन कार्य किए। तदोपरांत पटना हाइ कोर्ट में वकालत करने के क्रम में महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह में सहचर रहे और दोनों एक दूसरेबस काफी प्रभावित हुए। गांधीजी ने अनुग्रह बाबूब को अपनी जीवनी में बेजोड़ संगठनकर्ता बताया। संविधान सभा के सदस्य रहे और आजादी के उपरांत बिहार के प्रथम उप मुख्यमंत्री के रूप में अनुपम कार्य कर बिहार विभूति बने लेकिन पद पर रहते ही 5 जुलाई को उनका देहांत हो गया। पुण्यतिथि के अवसर पर हेडमास्टर, शिक्षक सहित सभी बच्चों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए एवं उनके अवदान के लिए भावपूर्वक स्मृत किया। पुण्यतिथि समारोह के उपरांत सभी बच्चों ने अनुग्रह बाबू के महान व्यक्तित्व पर निबंध लिखे जिनके प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को प्रधानाध्यापक ने सम्मानित भी किए।

## अनुग्रह बाबू की 67वीं पर पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद एवं एएन रोड स्टेशन में आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग

निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जम्होर विकास मंच के तत्वावधान में बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह के 67 वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह के आह्वान पर सामयिक संवाद करते हुए संस्था के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में बिहार विभूति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1917 ईस्वी में चंपारण सत्याग्रह में जब महात्मा गांधी ने बिहार का दौरा किया था। तो उस आंदोलन के सूत्रधार बिहार विभूति ही थे। उस आंदोलन में अनुग्रह बाबू ने अपना सब वैभव को त्याग कर महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का कार्य किया था।आजादी के पश्चात जब बिहार में सरकार बनी तो उस सरकार के वे पहले उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के रूप में पूरे बिहार में विकास की गंगा बहाई थी। संस्था के सदस्यों ने मांग किया कि बिहार के पाठ्यक्रम में अनुग्रह बाबू के जीवनी को शामिल किया जाए एवं उनके जयंती एवं पुण्यतिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।साथ-ही-साथ अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर उनकी आदमकद प्रतिमा भी लगाई जाए। मौके पर सुजीत कुमार सिंह,राणा सुनील सिंह, रामपुकार ओझा, गायक अमित कुमार सिंह सोमप्रकाश रविकर, सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## उर्दू मध्य विद्यालय में स्वच्छता एवं सफाई की दी गई जानकारी

निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय जैतिया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी रवींद्र पासवान के देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में फोकल शिक्षिका फरहत बानो ने सभी बच्चो को स्वच्छता एवं सफाई के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि शरीर की नियमित सफाई आवश्यक है। उसी तरह से आसपास के सफाई भी आवश्यक है। रोज स्नान करें, खाना खाने से पहले एवं बाद में साबुन से हाथ धोएं। शौच करने के बाद हाथ धोना जरूरी है। ताकि शरीर स्वस्थ्य रह सके। आसपास गंदगी की सफाई करने से संक्रमित बीमारी एवं महामारी से बचा जा सके। हाथ धोने की विधि भी बच्चो को बताया गया। कचरा एवं कूड़ेदान का सही निपटान आवश्यक है। बच्चो से हाथ धुलाई की गतिविधि भी कराई गई। कार्यक्रम में जसीम अहमद, रेहाना खातून, बसंती कुमारी, मोअज्जमा खातून, गुलाफ्शां नाज ने भी सहयोग किया। इधर, प्रखंड के अन्य विद्यालयो में भी सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित कर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता एवं कचरा के समुचित निपटान के बारे में जानकारी दिया गया।

## भक्तिमय माहौल में सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के समीप अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल एवं शक्तिपीठ सत्यचंडी धाम रायपुरा में आद्रा मेला का भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। इस मेला का शुभारंभ 22 जून को उद्घाटन के साथ शुरू की गई थी। आज इस मेला का समापन किया गया।सर्वप्रथम सुबह सवेरे योग्य आचार्यों के सानिध्य में षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई।तत्पश्चात, महाप्रसाद का वितरण किया गया। समापन के मौके पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की भीड़ लगी रही। महिलाओं की संख्या ज्यादा देखी गई। माता के दरबार में लोगों ने विशेष पूजा अर्चना की। मेला का आनंद लिया एवं मेला में छोटे-छोटे बच्चों की धूम रही।छोटे बच्चे चरखा एवं झूला पर घूमते देखे गए,ब्रेक डांस का आनंद लिया एवं मेला में आए चाट पकौड़ी एवं जलेबी के दुकानों पर बच्चे एवं महिलाएं की भीड़ लगी रही। मेला में मीना बाजार एवं सौंदर्य प्रसाधन के भी दुकानें सजी थी।माता के दरबार में प्रसादी चढ़ाने वास्ते प्रसादी की भी दुकान लगी थी।सत्यचंडी धाम न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज मेला का समापन किया गया है। इस वर्ष सत्यचंडी धाम आद्रा मेला में जिला प्रशासन की ओर से मेला में श्रद्धालुओं के लिए विशेष मदद किया गया।स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने भी मदद की। साथ ही साथ मेला के सफल आयोजन में पिंटू सिंह,उप मुखिया राहुल सिंह, आचार्य रामप्रवेश मिश्रा,पुजारी जयश्री बाबा,चंदन मिश्रा,सुरेंद्र सिंह,अमरेश सिंह,अरुण कुमार सिंह, परिवहन संघ के अध्यक्ष राम सकल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## हड़ताल पर गए संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी

निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** गोह स्थित समुदायिक स्वाथ्य केंद्र में कार्यरत संविदा कर्मी संघ ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने कार्य कर धरना पर बैठ गए और रविवार से चिकित्सकीय सुविधा को बाधित करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए जिससे स्वास्थ्य सेवाएं चरमराने की आंशका है। सभी संविदा कर्मी अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित थे। संविदा पर बहाल चिकित्सक एवं कर्मी सभी उग्र थे। एएनएम कर्मियों का कहना था कि हमलोगों को एफआरएएस के माध्यम से जो हाजिरी बनाने का जो ऐप दिया गया है। जो गलत है। हमलोग को सुदूरवर्ती इलाके में कार्य करने के दौरान नेटवर्क नहीं मिल पाता है। जिसके कारण दिक्कत हो रही है। सभी हड़ताली कर्मियों की विभिन्न मांगों में उनकी सेवा का नियमितिकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन आदि की मांग रखी। इस दौरान जितेंद्र सैन, चंद्रकला कुमारी, अनामिका कुमारी, संगीता कुमारी, निशी कुमारी, निर्मला कुमारी, रागनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, रेखा कुमारी समेत दर्जनों कर्मी शामिल थे।